चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 29 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 40, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन में सीसीटीवी से होगी मंदिरों की सुरक्षा 16

दीपिका पादुकोण का अजीब पोस्ट पढ़ परेशान हुए फैंस 15

## अल्मोड़ा में यूकेडी उम्मीदवार का नामांकन रद

- हरिद्वार में सर्वाधिक सात नामांकन पत्र जांच के बाद किए गए खारिज
- नैनीताल-ऊधमसिंह नगर, पौड़ी व टिहरी सीट पर सभी नामांकन सही

संवाददाता, रुद्रपुर/अल्मोड़ा/देहरादून

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की गुरुवार को जांच की गई। अल्मोड़ा में उत्तराखंड क्रांति दल प्रत्याशी का नामांकन रद हो गया। जबकि हरिद्वार में सात प्रत्याशियों के नामांकन पत्र रद किए गए।

रुद्रपुर में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट के लिए रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह की ओर से सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार की मौजूदगी में पत्रों की जांच की गई। जांच के बाद सभी 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। अल्मोड़ा सीट के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच के बाद उत्तराखंड क्रांति दल से उम्मीदवार अर्जुन कुमार देव का नामांकन पत्र रद कर दिया गया। अब वह निर्दल चुनाव लड़ेंगे। अर्जुन देव ने यूकेडी के साथ-साथ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी नामांकन किया था। जो वैध है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी जयवर्धन शर्मा ने बताया कि अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर कुल आठ उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। हरिद्वार संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर धीराज सिंह गर्ब्याल द्वारा सामान्य प्रेक्षक लोचन सेहरा की मौजूदगी में नामांकन पत्रों की स्कूटनी (जांच) की गई। जांच में सात प्रत्याशियों के नामांकन में विभिन्न कमियां पाए जाने पर नियमानुसार निरस्त किए गए। इनमें सूरज सिंह रावत, संदीप कुमार, प्रबोध चंद डबराल, रोहित कश्यप, गौतम, स्वामी दामोदराचार्य, अकील अहमद के नामांकन पत्र खारिज हुए हैं। हरिद्वार लोकसभा सीट में 14 नामांकन वैध पाए गए हैं।

इधर, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय जोगदंडे ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए जांच के बाद जो नामांकन वैध पाए गए हैं, उनमें टिहरी सीट में 11, गढ़वाल लोकसभा सीट में 13 नामांकन शामिल हैं। 30 मार्च तक नामांकन वापस किए जा सकते हैं।

## गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब कारसेवा प्रमुख की हत्या

### बाइक से आए दो बदमाशों ने बाबा तरसेम सिंह को मारी दो गोलियां, पुलिस जांच में जुटी

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नानकमत्ता पहुंचकर ली घटना की जानकारी, बाबा को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता,नानकमत्ता/खटीमा



बाबा तरसेम सिंह



बाइक सवार बदमाश।

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री गुरु नानकमता साहिब के डेरा सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के बाद आला अफसरों ने नानकमत्ता में डेरा डाल लिया है और नेपाल सीमा सहित क्षेत्रों में चेकिंग शुरू कर दी है। एसओजी समेत कई विशेष टीमें बदमाशें की खोज में जुट गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा पहुंचकर घटना की जानकारी ली और बाबा को श्रद्धांजलि दी।

पुलिस के अनुसार नानकमत्ता डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह (60) सुबह कुर्सी पर बैठे थे। करीब सवा छह बजे दो व्यक्ति धीमी गति से बाइक चलाते हुए बाबा के पास आए। बाबा तरसेम सिंह कुछ समझ पाते, इससे पहले बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने 315 बोर की राइफल से उन पर फायर कर दिया। गोली लगने के बाद बाबा भागने की कोशिश करने लगे। तभी बाइक सामने लाकर बाबा पर दूसरी गोली चला दी। बाबा लहूलुहान होकर गिर गए। फायर की आवाज सुनकर डेरे में मौजूद लोग घटनास्थल की तरफ दौड़े, लेकिन तब तक बदमाश भाग गए। डेरा परिसर के लोग बाबा को घायलावस्था में खटीमा के निजी अस्पताल ले गए। जहां कुछ देर बाद बाबा की मौत हो गई।

जानकारी पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एडीएम पंकज उपाध्याय, सीओ बीएस चौहान आदि मौके पर पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाबा का पोस्टमार्टम हुआ। वहीं सीएम धामी ने अधीनस्थों को हत्याकांड का पर्दाफाश करने का आदेश दिया। हत्यारों की वीडियो व फोटो वायरल होने के बाद पुलिस की कई टीमें खुलासे में जुट गई है।

### बाबा को बहुत नजदीक से मारी गई गोली

बाबा को बहुत ही नजदीक से राइफल से दो गोलियां दागी गई। पहली गोली बाबा के पेट में लगी थी। जिसके बाद बाबा लड़खड़ाते हुए भागने की कोशिश करने लगे। मगर दूसरी गोली ने बाबा का सीना चीर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि पहली गोली ने पेट में घुसते ही कई अंगों को प्रभावित कर दिया और दूसरी गोली सीने में लगी है।



पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## केजरीवाल को राहत नहीं, ईडी की हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ी

### ईडी के अनुरोध और केजरीवाल का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश किया पारित

- ईडी ने छह दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने पर कोर्ट में किया पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी की हिरासत गुरुवार को चार दिन बढ़ाते हुए एक अप्रैल कर दी गई। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने ईडी के अनुरोध और केजरीवाल का पक्ष सुनने के बाद ये आदेश पारित किया।

ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने केजरीवाल पर पूछताछ में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाते हुए अदालत के समक्ष सात दिनों की अतिरिक्त हिरासत की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि कुछ अन्य लोगों के सामने केजरीवाल से पूछताछ होनी है। केजरीवाल ने इसका विरोध नहीं किया और कहा कि ईडी उन्हें जब तक हिरासत में रखना चाहे, वह रहने को तैयार हैं। ईडी के आदेश पर छह दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने पर जांच एजेंसी ने गुरुवार को फिर उन्हें विशेष अदालत में पेश किया। मुख्यमंत्री ने विशेष अदालत के समक्ष खुद अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ईडी के पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है और उसका मकसद उन्हें फंसाना है। केजरीवाल ने अदालत से पहले मीडिया से कहा कि यह एक राजनीतिक साजिश है। जनता इसका जवाब देगी। केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद अपना पक्ष रखना चाहते हैं। अदालत ने इसकी अनुमति दी। कई बार बुलाने के बाद ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कर 22 मार्च को विशेष अदालत में पेश किया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के अलावा ईडी की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। ईडी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद जांच एजेंसी को नोटिस जारी करके दो अप्रैल तक जबाव देने का निर्देश दिया था। अगली सुनवाई तीन अप्रैल को होगी।



सीएम केजरीवाल को कोर्ट ले जाते ईडी के अधिकारी। ● एजेंसी

### केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका खारिज

दिल्ली हाईकोर्ट ने धनशोधन मामले में फंसे केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने की मांग वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने सुजीत सिंह यादव की याचिका ठुकराते हुए कहा कि जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र है। अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

### केजरीवाल ने कहा- जांच का सामना करने को तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरविंद केजरीवाल ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में सुनवाई के दौरान कहा कि देश में आप के भ्रष्ट होने की झूठी तस्वीर पेश की जा रही है। ईडी ने कहा कि केजरीवाल जवाब देने में टालमटोल कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि मामले में चार गवाहों ने मेरा नाम लिया है। क्या किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए चार बयान पर्याप्त हैं? वह ईडी की जांच का सामना करने को तैयार हैं।

## एक नजर

### मोइत्रा ईडी के सामने पेश नहीं हुईं, प्रचार में व्यस्त

**कोलकाता।** टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ईडी के समन को नजरअंदाज करते हुए गुरुवार को कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में व्यस्त रहीं। ईडी ने मोइत्रा को दिल्ली कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था। ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए मोइत्रा और दुबई में रह रहे व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी किया था।

### कर पुनर्मूल्यांकन के खिलाफ दायर याचिका रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें कर अधिकारियों की ओर से उसके खिलाफ चार साल की अवधि के लिए कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू किए जाने को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति यशवन्त वर्मा और न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव की पीठ ने कहा कि अन्य वर्ष के लिए पुनर्मूल्यांकन शुरू करने में हस्तक्षेप से इनकार करने के पहले के फैसले के अनुसार याचिकाएं रद की जाती हैं।

## न्यायपालिका पर दबाव डालने वाले लोगों के खिलाफ सीजेआई को लिखा पत्र

### वकीलों के पत्र पर मोदी ने कहा - दूसरों को डराना कांग्रेस की संस्कृति

- 140 करोड़ भारतीयों ने ठुकराया

नई दिल्ली, एजेंसी



वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा समेत कुछ अन्य वकीलों की ओर से प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने के प्रयास के आरोप लगाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और दावा किया कि 'दूसरों' को धमकाना और धौंस दिखाना विपक्षी पार्टी की 'पुरानी संस्कृति' है।

प्रधान न्यायाधीश को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि एक 'निहित स्वार्थी समूह बेकार के तर्कों और घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडा' के आधार पर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। इस पत्र की प्रति के साथ 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट को टैग करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा, दूसरों को धमकाना और धौंस दिखाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। पांच दशक पहले ही उसने एक प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था। वे बेशर्मी से अपने स्वार्थी हितों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से दूर रहते हैं। उन्होंने दावा किया, कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें खारिज कर रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों द्वारा साझा किए पत्र में बिना नाम लिए वकीलों के एक वर्ग पर निशाना साधा गया है और आरोप लगाया गया है कि वे दिन में राजनेताओं का बचाव करते हैं और फिर रात में मीडिया के माध्यम से न्यायाधीशों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। पत्र में कहा गया है कि यह समूह अदालतों के कथित बेहतर अतीत और सुनहरे दौर की झूठी कहानियां बनाता है और इसकी तुलना वर्तमान में होने वाली घटनाओं से करता है। पत्र में दावा किया गया है कि उनकी टिप्पणियों का उद्देश्य अदालतों को प्रभावित करना और राजनीतिक लाभ के लिए उन्हें असहज करना है। 'न्यायपालिका पर खतराः राजनीतिक और पेशेवर दबाव से न्यायपालिका को बचाना' शीर्षक वाले पत्र को लिखने वाले करीब 600 अधिवक्ताओं में आदिश अग्रवाल, चेतन मित्तल, पिंकी आनंद, हितेश जैन, उज्ज्वला पवार, उदय होला और स्वरूपमा चतुर्वेदी के नाम शामिल हैं। यूं तो वकीलों ने पत्र में किसी विशिष्ट मामले का उल्लेख नहीं किया है, लेकिन यह घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब अदालतें विपक्षी नेताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के कई बड़े आपराधिक मामलों से निपट रही हैं। विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर अपने राजनीतिक प्रतिशोध के तहत उनके नेताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस आरोप का खंडन किया है।

## मां की गोद से छीन कर बच्चे को सड़क पर फेंकने से हुई मौत

- युवकों को तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोका तो महिला को पीटा, दिया घटना को अंजाम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार:** बघौली थाने के चनोखर में नशे में धुत युवकों को तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोका तो महिला की पिटाई की। वहीं, उसके चार वर्षीय बच्चे को गोद से छीन कर सड़क पर फेंक दिया। सिर में चोट लगने से बच्चे की मौत हो गई। वहीं पुलिस का कहना है बच्चा बीमार था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

जानकारी के अनुसार बघौली थाने के चनोखर निवासी अखिलेश पंजाब में रह कर वहां मज़दूरी करता है। उसकी पत्नी सोनी चार वर्षीय इकलौते बेटे शिवांश और तीन बेटियों के साथ गांव में रह रही है। सोनी ने बताया कि बुधवार शाम को गांव के कुछ युवक नशे की हालत में बीच गांव में सड़क पर बाइक दौड़ा रहे थे। इस पर मैंने किसी हादसे के डर से उन्हें ऐसा करने से रोका तो युवक मुझसे ही झगड़ा करने लगे। विरोध करने पर पीटा और फिर गोद से इकलौते बेटे शिवांश को छीन कर आरसीसी सड़क पर फेंक दिया। सिर में गहरी चोट लगने से शिवांश बेहोश हो गया। गुरुवार की सुबह घर वाले उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ला रहे थे, उसी बीच उसकी मौत हो गई। शिवांश के चाचा विमलेश ने पुलिस को गांव के गुड्डू, प्रदीप और प्रमोद के नाम तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि गांव वालों के अनुसार बच्चा बीमार रहता था। सिर में चोट की बात उचित नहीं है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## माफिया मुख्तार की दिल का दौरा पड़ने से मौत

- गुरुवार शाम बैरक में अचानक हो गया था बेहोश

कार्यालय संवाददाता, बांदा



**अमृत विचार:** प्रदेश के कई जिलों में हत्या, लूट, अपहरण, रंगदारी जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर शाम जेल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

माफिया के मौत की खबर फैलते ही जिले भर के आलाधिकारी बांदा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। मुख्तार की मौत के बाद डीजीपी ने पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट की घोषणा की। जिसके बाद बांदा समेत पूरे प्रदेश में पुलिस बल ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया। बताते चले की माफिया मुख्तार को वर्ष 2005 से जेल में कैद था। कोर्ट ने उसे दो बार उम्रकैद की सजा सुनाई थी। मऊ विधानसभा सीट से पांच बार विधायक रहे माफिया मुख्तार अंसारी के जीवन का गुरुवार शाम सूर्य अस्त हो गया। पंजाब की रोपड़ जेल से मुख्तार अंसारी को सात अप्रैल 2021 को बांदा जेल शिफ्ट किया गया था। बांदा जेल सूत्रों के मुताबिक गुरुवार देर शाम मुख्तार अंसारी बैरक में बेहोश पाया गया। जेलकर्मियों ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने में जेल अधिकारियो ने आनन-फानन में उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां कुछ देर इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज ने मीडिया बुलेटिन जारी करते हुए बताया कि मुख्तार को उल्टी व बेहोशी की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

मुख्तार के इलाज के लिए नौ डॉक्टरों की टीम लगाई गई थी, लेकिन कार्डिक अरेस्ट के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बांदा डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल समेत जिले भर का फोर्स मौके पर पहुंचा। माफिया की मौत के बाद अस्पताल, माफिया के आवास समेत जिले भर में भारी पुलिस बल की तैनाती की।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रही लखनऊ की युवती ने दी जान

- लोगों ने दरवाजा तोड़कर निकाला कोचिंग छात्रा का शव

कोटा, एजेंसी

कोटा में एक और कोचिंग छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस वर्ष कोटा में कोचिंग छात्र के आत्महत्या का ये आठवां मामला है।

लखनऊ की रहने वाली सौम्या कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। सौम्या महावीर नगर तृतीय इलाके के एक मकान में पेइंग गेस्ट के रूप में रह रही थी। उसे आखिरी बार होली के दिन देखा गया था। उसके बाद से वह घर से बाहर नहीं निकली थी। सौम्या के कोटा में ही रहने वाले एक दोस्त ने बुधवार को उसे फोन किया तो उसने नहीं उठाया। उसके कई बार फोन करने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो चिंतित होकर दोस्त वह बुधवार शाम उसके मकान पहुंचा। बार-बार खटखटाने पर भी सौम्या ने दरवाजा नहीं खोला तो अन्य लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो छात्रा सौम्या फांसी के फंदे से लटकी मिली। पुलिस की सूचना पर सौम्या के परिजन कोटा पहुंचे। उनकी मौजूदगी में गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

## न्यूरिया खुर्द में घुसा बाघ, ट्रैंक्युलाइज किया

- 6 घंटे बांस के पेड़ों के बीच बैठा बाघ को महोफ रेंज ले जाया गया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



**अमृत विचार:** पीटीआर (पीलीभीत टाइगर रिजर्व) की महोफ रेंज से सटे गांव न्यूरिया खुर्द उर्फ शिवपुरिया में गुरुवार सुबह घुसे बाघ को करीब छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैंक्युलाइज कर पकड़ लिया गया। सुबह को बाघ एक मकान के पीछे बांस के पेड़ों के बीच जाकर बैठ गया था। रेस्क्यू के दौरान मौके पर जमा भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस एवं वन विभाग कर्मियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। बाघ को पिंजड़े में बंद करके महोफ रेंज ले जाया गया है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज से सटे गांवों में पिछले दो-तीन माह से बाघों की दहशत बनी हुई है। गुरुवार सुबह एक बाघ महोफ रेंज से सटे गांव न्यूरिया खुर्द उर्फ शिवपुरिया के समीप जा पहुंचा। बाघ को देख खेतों में काम रहे ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। कुछ देर बाद बाघ गांव में एक मकान के पीछे बैठ गया। दहशत में आए ग्रामीणों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीमें मौके पर जा पहुंचीं। वन विभाग के अधिकारियों ने शासन से बाघ को ट्रैंक्युलाइज करने की अनुमति ली। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के नेतृत्व में चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बाघ को ट्रैंक्युलाइज कर लिया गया। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई थानों की पुलिस बुलानी पड़ी। रेस्क्यू के दौरान एएसपी विक्रम दहिया समेत पुलिस के कई अफसर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व और सामाजिक वानिकी प्रभाग के वनाधिकारी मौजूद रहे।

उपलब्धि

जीबी पंत कृषि विवि के वैज्ञानिक ने इजाद किया विशिष्ट बाइंडर और सॉलिड वेस्ट मोल्डर, पेटेंट भी दाखिल

## पर्यावरण के लिए चुनौती 'पराली' अब बनेगी घरों की रौनक

एक्सक्लूसिव

मृगांक मौली, पंतनगर

**अमृत विचार:** किसानों और पर्यावरण के लिए मुसीबत बनी पराली अब घरों की रौनक बढ़ाएगी।

जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के वैज्ञानिक डॉ. एमजीएच जैदी ने विशिष्ट प्रकार का बाइंडर बनाया है, जिसके पराली और बाइंडर (80:20) मिश्रण को पराली या अन्य फसल अवशेष में मिलाकर पार्टिकल बोर्ड बनाए जा सकते हैं। इससे प्रदूषण पर तो अंकुश लगेगा ही, किसानों को पराली से आय सहित घरों में प्रयोग होने वाले फर्नीचर भी बनाए जा सकेंगे। इस तकनीक को पेटेंट के लिए फाईल किया जा चुका है।





पंत इंडस्ट्रियल सॉलिड वेस्ट मोल्डर।



डॉ.एमजीएच जैदी व शोधार्थी मीनाक्षी पांडे।

खेती में 70 प्रतिशत से अधिक कृषि अवशेष उत्पादित होते हैं, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण पराली होता है जो किसानों के लिए समस्या बना है। इसको देखते हुए विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. एमजीएच जैदी व सह प्राध्यापक डॉ. समीना महताब के निर्देशन में शोधार्थी मीनाक्षी पांडे व शुभम शर्मा ने नई तकनीक विकसित की है। इस तकनीक में वैज्ञानिकों ने पराली व अन्य फसल अवशेषों से पार्टिकल बोर्ड बनाए हैं। साथ ही बोर्ड बनाने के लिए एक यंत्र भी विकसित किया है, जिसको पंत इंडस्ट्रियल सॉलिड वेस्ट मोल्डर नाम दिया है। स्क्रैप से बहुत कम कीमत और समय में बने इस यंत्र की लागत लगभगग 20 हजार रुपये है।

**यह है तकनीक :** पराली में वैक्स की मात्रा अधिक होती है, इसलिए उसे पार्टिकल बोर्ड में तब्दील करने में कठिनाई होती है। जब हार्ड प्रेस किया जाता है, तब वैक्स बाहर निकलता है और पार्टिकल बोर्ड में कोई मजबूती नहीं रह जाती है। डी वैक्स पराली हो या अन्य फसल अवशेष, उनमें 10 से 25 प्रतिशत बाइंडर मिलाकर पार्टिकल बोर्ड व कंपोजिट तैयार किए गए।

**ये होंगे लाभ :** देश में यदि इस प्रकार की तकनीकों को गांवों में पहुंचा कर यंत्र उपलब्ध कराए जाएं, तो युवा घरों में ही फसल अवशेषों से पार्टिकल बोर्ड व स्ट्रक्चरल कंपोजिट बनाकर आय का जरिया बना सकते हैं। ऐसी तकनीकें ईजाद कर रहे शोधार्थियों को उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। जिसमें युवाओं के लिए भी रोजगार सृजन हो सकेगा।

## सार-संक्षेप

### नैनीताल की तर्ज पर भीमताल में सीवर योजना की मांग

**भीमताल :** आए दिन भीमताल शहर की सड़कों, झील किनारे सीवर लीकेज, सीवर बहने और बदबू उठने की घटनाएं हो रही हैं। इससे आम जनता, पर्यटन कारोबारी व पर्यटक परेशान हैं। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने एसडीएम से जनहित में नैनीताल की तर्ज पर भीमताल में भी सीवर योजना बनाने की मांग की है।

### नौकरी के नाम पर युवक से 36 हजार की ठगी

**नैनीताल :** नैनीताल में एक युवक के साथ नौकरी के नाम पर 36 हजार की ठगी हो गई। युवक ने कोतवाली में शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है। मल्लीताल निवासी सार्थक ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि 27 मार्च को उसको एक वेबसाइट से नौकरी संबंधित एक पत्र आया था। उसने पत्र देखकर दी हुई वेबसाइट में नौकरी के लिए अप्लाई किया तो उससे ऑनलाइन पेमेंट करने को कहा गया। बात मानकर उसने 36000 हजार की आनलाइन पेमेंट कर दी। पेमेंट होने के बाद दूसरी ओर से कोई जवाब नहीं आया तो उसको ठगी का अहसास हुआ। उसने संपर्क करने की बहुत कोशिश की लेकिन दिए गए नंबर पर कोई संपर्क नहीं हो पाया। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मामले को साइबर सेल को भेज दिया गया है।

### लाइफ स्किल्स आई एम टुमॉरो पर दिया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण प्राप्त करते अध्यापक।

**भीमताल :** हरमन माइनर डिग्री कॉलेज, भीमताल की शिक्षा निर्देशिका देबारोती बोस के तत्वावधान में लाइफ स्किल्स आई एम टुमॉरो विषय पर एक दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण आयोजित हुआ। हरमन माइनर इंस्टीट्यूशन शिक्षण संस्थानों की शिक्षा निर्देशिका हेड ऑफ एजुकेशन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट देबारोती बोस ने मुख्य जीवन कौशल के बारे में बताया। इस दौरान शिक्षण संस्थान की प्राचार्या डॉ. मुक्ता सहित सभी अध्यापक मौजूद रहे।

### नन्हे बच्चों ने स्कूल में मनाया ग्रेजुएशन डे


माउंट लिट्रा जी स्कूल में ग्रेजुएशन डे मनाते स्कूली बच्चे।

**रामनगर :** माउंट लिट्रा जी स्कूल तथा किड्जी प्ले स्कूल में गुरुवार को ग्रेजुएशन डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या रितु पंत तथा डॉयरेक्टर स्पर्श अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में बच्चों को उनके परीक्षा परिणाम प्रदान किए गए। प्रधानाचार्या रितु पंत ने कहा कि स्कूल में समय-समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए जाने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इस दौरान उमा तिवारी, सलोनी अग्रवाल, रूबी नेगी, प्रभजोत साहनी, आयुषी अग्रवाल, पूनम देवराड़ी, अर्चना रावत, रश्मि गैरोला, मंजू तिवारी, चम्पा देवी, अंबिका बिष्ट, रेखा आर्य, विमला देवी, उर्मिला देवी मौजूद रहीं।

### सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू


श्रीमद् भागवत कथा से पहले कलश यात्रा निकालते लोग।

**भीमताल :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के पंचायतघर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ पूजा अर्चना तथा कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा व्यास आचार्य भुवन चंद्र पांडे ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व के बारे में बताया। इससे पूर्व महिलाओं ने कुमाउनी परिधान पहनकर कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा सैम मंदिर से जल लेकर वापस पंचायतघर पहुंची। अनुष्ठान का कार्य पंडित मनोज चंद्र परगाई, योगेश चंद्र भट्ट, भरत कांडपाल, भास्कर जोशी, विपिन चंद्र बेलवाल, किरण तिवारी, दीपक बेलवाल ने संपन्न कराया। यजमान की भूमिका प्रेम सिंह कुलियाल, त्रिलोक सिंह कुलियाल व जनार्दन बेलवाल ने सपत्नी निभाई। इस दौरान लक्ष्मण सिंह गंगोला, लता पलडिया, महेंद्र सिंह पडियार, राजेंद्र सिंह पडियार मौजूद रहे।






हल्द्वानी के एफटीआई में द्वितीय सत्र के प्रशिक्षणार्थियों के दीक्षांत समारोह में पुरस्कार व प्रमाण पत्र पाने के बाद खुशियां मनाते महिला एवं पुरुष वन आरक्षी। ● अमृत विचार

# वन आरक्षी सजग होंगे तो अपराधों में आएगी कमी

## उत्तराखंड वानिकी प्रशिक्षण अकादमी हल्द्वानी में दीक्षांत समारोह का आयोजन, 94 वन आरक्षी पासआउट, पुरस्कार व प्रमाण पत्र बांटे गए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड वानिकी प्रशिक्षण अकादमी हल्द्वानी के दीक्षांत समारोह में प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक ने कहा कि वन आरक्षी बहुत महत्वपूर्ण कड़ी है। वन रक्षक यदि सजग रहता है तो वन अपराधों में कमी आती है।

गुरुवार को उत्तराखंड वानिकी प्रशिक्षण अकादमी, हल्द्वानी में आयोजित दीक्षांत समारोह में वन आरक्षी प्रशिक्षार्थी सत्र 2023 के (द्वितीय सत्र) के 94 वन आरक्षियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान पासिंगआउट परेड में मार्च पास्ट कर वन आरक्षियों ने मुख्य अतिथि प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक को सलामी दी। इस दौरान मलिक ने कहा कि वन आरक्षी के सजग रहने से वन प्रबंधन के जितने भी सेक्टर हैं उसमें बेहतर परिणाम आ सकते हैं। वन आरक्षियों को प्रशिक्षण के दौरान एडवांस तकनीकी की जानकारी दी गई है। इससे फील्ड में उनके काम करने से अच्छा परिणाम निकलेगा। निदेशक एफटीएआई डॉ. तेजस्विनी अरविंद पाटिल ने बताया कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान सीधी भर्ती के उत्तराखण्ड राज्य के 94 वन आरक्षियों को वन वर्धन, वन वनस्पति, वन मापिकी, वन अभियांत्रिकी, वन सर्वेक्षण, मृदा संरक्षण एवं भू-प्रबन्ध, वन्यजीव प्रबन्धन, वन रक्षण एवं विधि, वन लेखा व प्रक्रिया, वन उपयोग, वन पंचायत नियमावली, प्राथमिक चिकित्सा आदि विषयों के अतिरिक्त कंप्यूटर व जीपीएस प्रशिक्षण दिये गये।

इसके अतिरिक्त वन आरक्षी प्रशिक्षार्थियों को जंगल सर्वाइवल, स्नेक रेस्क्यू, वन्य जीव रेस्क्यू व ट्रैक्यूलाइजेशन, कैमरा ट्रैप, ड्रोन प्रशिक्षण, मीडिया मैनेजमेंट, फील्ड बोटैनाइजेशन, वन अपराध केस स्टडी का प्रशिक्षण भी दिया गया। वहां पर पीके पात्रो मुख्य वन संरक्षक (कुमाऊं), नीतिश मणि त्रिपाठी वन संरक्षक/अपर निदेशक, दीप चन्द्र आर्य वन संरक्षक, विनय भार्गव वन संरक्षक, कोको रोसे वन संरक्षक, टीआर बीजूलाल वन संरक्षक, डॉ.अभिलाषा सिंह उप वन संरक्षक, श्री हिमांशु बागड़ी प्रभागीय वनाधिकारी, रमेश काण्डपाल प्रभागीय वनाधिकारी, यूसी तिवाड़ी प्रभागीय वनाधिकारी, बलवंत सिंह शाही प्रभागीय वनाधिकारी आदि मौजूद रहे।


आशीष कुमार को गोल्ड मेडल प्रदान करते प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक।

### पुष्पा नेगी रही सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी

**हल्द्वानी :** दीक्षांत समारोह में वार्षिक परीक्षा के आधार पर ट्रॉफी का वितरण किया गया। जिसमें अध्ययन भ्रमण, मौखिक परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर राजाजी टाइगर रिजर्व देहरादून की पुष्पा नेगी को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी की ट्रॉफी दी गई। इसके अलावा नरेंद्र नगर वन प्रभाग, मुनिकी रेती की योगिता को वन अभियांत्रिकी, वन वर्धन और सामुदायिक वानिकी ट्रॉफी, जबकि चंपावत वन प्रभाग की अलका भंडारी को वन उपयोग की ट्रॉफी दी गई।

### खेलकूद में हेमलता जोशी और दिनेश राम रहे प्रथम

**हल्द्वानी :** क्रियात्मक/खेलकूद प्रतियोगिता में महिला वर्ग में हेमलता जोशी पहले, बबीता दूसरे व मुन्नी दानू तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं पुरुष वर्ग में दिनेश राम पहले, गणेश सिंह सम्मल दूसरे और फईम तीसरे स्थान पर रहे।

### आशीष कुमार को मिला स्वर्ण पदक

**हल्द्वानी :** वार्षिक परीक्षा के आधार पर समस्त विषय, अध्ययन भ्रमण एवं मौखिक परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करने पर राजाजी टाइगर रिजर्व देहरादून के आशीष कुमार को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। वहीं नरेंद्र नगर वन प्रभाग मुनिकी रेती की योगिता को रजत व हरिद्वार वन प्रभाग हरिद्वार की मनीषा रावत को कांस्य पदक दिया गया।

# संयम से हर चुनौती का सामना करें

▸▸ कालागढ़ में भी वन आरक्षियों का दीक्षांत समारोह संपन्न

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कॉर्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र, कालागढ़ में वन आरक्षी प्रशिक्षण दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. धीरज पांडे ने कहा कि वन कर्मियों के समक्ष वन्य जीव संरक्षण, मानव वन्य जीव संघर्ष, अवैध पातन, अवैध शिकार को रोकने, वनों को आग से बचाने समेत अनेक चुनौतियां होती हैं।

मगर धैर्य और संयम से ही इनका सामना किया जा सकता है। इससे पूर्व उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र के खेल मैदान में पासिंग आउट परेड का निरीक्षण कर गॉर्ड ऑफ ऑनर लिया। सभी प्रशिक्षुओं ने कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वन आरक्षियों को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण केंद्र के ऑडिटोरियम हाल में उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ डॉ. शालिनी जोशी ने समारोह का संचालन किया। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी इन्द्र सिंह बिष्ट, एनके रूबाली, विकास रावत, नंदन सिंह अधिकारी, हरीश चन्द्र सुन्दरियाल, महेश चन्द्र जोशी, ज्ञानचन्द, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

### इन्हें मिला पुरस्कार

- मोहित उपाध्याय केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग गोपेश्वर प्रथम स्थान
- मनोज भट्ट नन्दादेवी राष्ट्रीय पार्क जोशीमठ द्वितीय स्थान
- देवेंद्र सिंह गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान उत्तरकाशी तृतीय स्थान
- प्रदीप पंवार उत्तरकाशी वन प्रभाग वनवर्धन ट्रॉफी
- देवेन्द्र सिंह गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान उत्तरकाशी अभियांत्रिकी ट्रॉफी
- मोहित उपाध्याय केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग गोपेश्वर सामुदायिकी वानिकी ट्रॉफी
- विकास सिंह गोविन्द वन्यजीव विहार पुरीला वन उपयोग ट्रॉफी
- मनोज भट्ट नंदादेवी राष्ट्रीय उद्यान जोशीमठ सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी ट्रॉफी
- मुज्जम्मील कार्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर खेलकूद द्वितीय ट्रॉफी


रामनगर में दीक्षांत समारोह के दौरान मौजूद वन आरक्षी व अधिकारी। ● अमृत विचार

# दिल्ली पालिका बाजार की तर्ज पर बनेंगी दुकानें


डीएसए मैदान की सीढ़ियां, यहीं पर दुकानें बनाने का प्रस्ताव है। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर पालिका द्वारा दिल्ली पालिका बाजार की तर्ज पर डीएसए मैदान के पास सीढ़ियों के नीचे लगभग सौ दुकानें बनाने की योजना तैयार की जा रही है। लगभग 2400 स्क्वायर फ़ीट की खाली जगह में यह दुकानें बनाई जाएंगी। लगभग 4/6 साइज की एक दुकान बनाई जाएगी। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार और पालिका की आय में वृद्धि होगी।

नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि दुकानें बनाने की योजना के बारे में जिलाधिकारी को बताया जाएगा। इसके बाद योजना तैयार की जाएगी। दुकानें बनाने के बाद स्थानीय लोगों को आवंटित की जाएंगी।

# 600 लोग भाजपा में शामिल

▸▸ पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल विधानसभा में रामगढ़ के रीता पोखरा में आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी के नेतृत्व में रामगढ़ के लगभग 600 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

मुख्य अतिथि नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा प्रभारी बलवंत सिंह भौर्याल, सदस्यता ग्रहण समारोह के प्रदेश संयोजक गोविंद सिंह बिष्ट, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, ब्लॉक प्रमुख धारी आशारानी, जिला मंत्री बहादुर सिंह नदगली, जिला कार्यकारिणी सुमित नदगली, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया, छात्र उपाध्यक्ष कविता बोरा आदि उपस्थित रहे। इस दौरान सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट किसी कार्यक्रम के चलते नहीं पहुंच पाए। उनकी प्रतिनिधि के तौर पर उनकी धर्मपत्नी पुष्पा भट्ट ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र सिंह और पूर्व मंडल अध्यक्ष कुंदन सिंह चिलवाल ने किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कुंवर सिंह नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख कुंदन सिंह नयाल, इंदर कुमार, हरीश लामाकोटी, सोहन सिंह चिलवाल, गोपाल मटियाली, उमेश चिलवाल, मदन आर्य, हरपाल सिंह, ग्राम प्रधान नैनराम आर्य, भोला दत्त, गिरीश पोखरिया, कर्नल विनोद, मुकेश परगाई, हरीश मेहरा, सुरेश मेहरा आदि शामिल हैं।


रामगढ़ में आयोजित भाजपा सदस्यता कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### युवती का पैर कुचलने वाले बस चालक पर मुकदमा

**भीमताल :** भवाली कोतवाली पुलिस ने लापरवाही से बस चलाने पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले को विवेचना कैंची चौकी इंजार्च कृष्ण गिरी को सौंपी गई है।

बुधवार को ग्राम चक बिसौद पाडली निवासी महेश चंद्र ने तहरीर सौंपकर बताया कि 20 मार्च को उसकी पुत्री पाडली चौराहे पर खड़ी थी। इस दौरान बस संख्या यूके 01 पीए 1005 पर चढ़ने के दौरान चालक ने लापरवाही बस चलाकर उसकी पुत्री का बायां पैर कुचल दिया। एसआई कृष्ण गिरी ने बताया कि बस चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# अलर्ट : आज आंधी व ओलावृष्टि के आसार

▸▸ 29 और 30 मार्च को बदला रहेगा मौसम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मौसम विभाग ने 29 और 30 मार्च को नैनीताल जिले में आंधी, ओलावृष्टि, तेज बौछारों का अनुमान जताया है। खराब मौसम की वजह से जन जीवन प्रभावित हो सकता है। इसलिए प्रशासन ने सभी तंत्र को अलर्ट मोड पर कर दिया है।

मौसम विभाग ने अनुमान जारी किया है कि जल्द ही पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाएगा। नैनीताल जिले में पश्चिमी विक्षोभ का पूरा असर रहेगा। 29 और 30 मार्च को 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जो आंधी का रूप ले सकतीं हैं। इसके साथ ही तेज बौछारें भी पड़ने का अनुमान है। मौसम विभाग ने ओलावृष्टि का भी आसार जताए हैं। इधर प्रशासन ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए नगर निगम, पशुपालन, जलसंस्थान, लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा निगम के अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा है।

### पारा 33 डिग्री पहुंचा

**हल्द्वानी :** दिन के समय अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 .1 डिग्री दर्ज किया गया।

मनोनयन | प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया जिला एवं युवा जिला कार्यकारिणी का विस्तार

# जगदीश कार्यकारी जिलाध्यक्ष तो पंकज बने युवा जिलाध्यक्ष

संवाददाता, हल्द्वानी/भीमताल

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला एवं युवा जिला कार्यकारिणी के विस्तार में नैनीताल के जगदीश बवाड़ी को कार्यकारी जिलाध्यक्ष व भीमताल के पंकज जोशी को कार्यकारी युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा गुरुवार को जिला एवं युवा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

जिसमें जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा कार्यकारी जिलाध्यक्ष के रूप में जगदीश बवाड़ी (नैनीताल) और कार्यकारी युवा जिलाध्यक्ष के पद पर पंकज जोशी (भीमताल) को मनोनीत किया गया। उनके मनोनय पर प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पंत, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, प्रदेश मंत्री शांति जीना, प्रदेश संगठन मंत्री हितेंद्र भसीन, मदन फर्त्याल, दिगंबर वर्मा, प्रदेश संयुक्त महामंत्री नवनीत राणा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र बोरा, पंकज कंसल, नदीम खान, जिला कोषाध्यक्ष लाला जायसवाल, सह जिला कोषाध्यक्ष विजय तिवाड़ी, जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर मुलानी, प्रमोद भट्ट, युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल समेत अन्य व्यापारी प्रतिनिधियों ने बधाई दी।


जगदीश बवाड़ी


पंकज जोशी

### भैरव राय बने प्रदेश संगठन मंत्री



**हल्द्वानी :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड की प्रदेश कार्यकारिणी ने लोहाघाट के निवर्तमान नगर अध्यक्ष भैरव राय को उनकी कार्यशैली एवं संगठन के प्रति निष्ठा व समर्पण भाव को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संगठन मंत्री का दायित्व प्रदान किया है। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने भैरव राय को उत्कृष्ट संस्कृति प्रेमी कलाकार बताया। साथ ही व्यापार मंडल की सेवाओं के लिए उन्हें प्रदेश संगठन में अहम भूमिका के लिए यह दायित्व प्रान्तीय महामंत्री प्रकाश मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल की राय से उन्हें महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया है। उनके मनोनयन पर जिला चंपावत प्रभारी महेश जोशी एवं चंपावत जिले के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर लाल वर्मा ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

### शोभित बने देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के आजीवन सदस्य



**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने हल्द्वानी के युवा व्यापारी जैन इलेक्ट्रॉनिक के संचालक शोभित जैन को आजीवन सदस्य बनाया है। शोभित जैन के आजीवन सदस्य बनने पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल, महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी, आफताब हुसैन, जगजीत सिंह चड्ढा, रमेश जोशी, बृज मोहन सिजवाली, जसपाल सिंह कोहली, मनोज खुल्बे, हर्ष जलाल, अतुल गुप्ता, विनोद दानी, रमेश उपाध्याय, खीम सिंह बिष्ट, भास्कर सुयाल ने बधाई दी है।

# 17 स्थान नो पार्किंग जोन घोषित

▸▸ पर्यटन सीजन को देखते हुए लिया गया निर्णय

▸▸ वाहन पार्क करने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी


संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए नैनीताल शहर में 17 स्थानों को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है।

इसमें हनुमान गढ़ी से तल्लीताल डांठ, डांठ चौराहा, तल्लीताल से कैलाखान मोड़ तक, अपर व लोअर माल, पंत पार्क और पंत पार्क से नैनादेवी मंदिर तक, तल्लीताल रिक्शा स्टैड से बीडी पांडे हॉस्पिटल तक, घोड़ा स्टैंड तिराहे से मस्जिद तिराहा तक, मस्जिद तिराहा से चीनाबाबा तिराहा तक, चीनाबाबा तिराहे से बीडी पांडे हॉस्पिटल तक समेत अन्य 17 स्थानों को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। संभागीय परिवहन अधिकारी नंद किशोर ने बताया कि नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### डिजाइन बनाकर एक सप्ताह तक संचालित होगा यातायात

**नैनीताल :** आगामी पर्यटन सीजन व पर्यटकों की संख्या बढ़ती देख लोनिवि की ओर से तल्लीताल चौराहे में चौड़ीकरण कार्य से पहले डिजाइन बनाकर यातायात संचालित किया जाएगा। आगामी चार से छह अप्रैल तक चौराहे को डिजाइन किया जाएगा। बता दें कि नैनीताल शहर को जाम मुक्त रखने के लिए सात चौराहों का चौड़ीकरण किया जाना है। लोनिवि की ओर से बनाए गए 5 .49 करोड़ के प्रस्ताव को शासन की स्वीकृति मिलने के बाद चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है। कार्यदायी संस्था की ओर से तल्लीताल डांठ के लिए बनाया गया डिजाइन यातायात व्यवस्था को संभाल पाएगा या नहीं, इसका पहले ट्रायल किया जाएगा। इसके बाद ही निर्माण कार्य किया जाएगा। लोनिवि सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि नोएडा की संस्था के सदस्य प्रस्तावित डिजाइन के आधार पर तल्लीताल डांठ में डिजाइन बनाकर एक सप्ताह तक यातायात संचालन का ट्रायल करेंगे। ट्रायल सफल होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिए जायेंगे। बताया कि चार से छह अप्रैल तक सड़क में डिजाइन बनाने का कार्य किया जाएगा।






## मतदाताओं ने इतिहास दोहराया तो हैट्रिक मारेगी भारतीय जनता पार्टी, जिसकी केंद्र में रही सरकार, उसी ने जीती पांचों लोकसभा सीटें

# हाथ को मिलेगा जनता का साथ या फिर होगा सूपड़ा साफ

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस पूरे दम-खम के साथ चुनावी मैदान है, लेकिन लोकसभा चुनाव का इतिहास कांग्रेस के पक्ष का नहीं है। क्यों हर बार ऐसा ही हुआ कि जिसकी केंद्र में सरकार रही, उसी दल ने उत्तराखंड की पांचों लोकसभी सीटों पर कब्जा किया। हालांकि दो बार इतिहास खुद को दोहरा भी नहीं पाया, लेकिन फैसला केंद्र सरकार के पक्ष में ही गया। ऐसे में कांग्रेस का लगातार गिरता ग्राफ न सिर्फ बढ़ाना बल्कि चुनाव जीतना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।

### 31 प्रतिशत पर सिमट गई थी कांग्रेस, भाजपा को 60 प्रतिशत



**हल्द्वानी :** वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने न सिर्फ सभी 5 सीटों पर जीत दर्ज की, बल्कि 2014 के मुकाबले जीत का अंतर भी काफी रहा। 2019 में भाजपा ने 60 प्रतिशत वोट हासिल किए और कांग्रेस करीब 31 प्रतिशत वोटों पर सिमट गई थी। तब अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सीट पर भाजपा के अजय टम्टा ने करीब 2.20 लाख वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। जबकि 2014 में अजय टम्टा करीब 95 हजार वोटों के अंतर से जीते थे। इस बार फिर भाजपा से अजय टम्टा और कांग्रेस से प्रदीप टम्टा आमने-सामने हैं।

### साढ़े 3 लाख से अधिक वोट से हार गए थे हरीश रावत



**हल्द्वानी :** पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने नैनीताल संसदीय सीट से हरीश रावत को उतारा था और तब उनके सामने भाजपा से अजय भट्ट थे। इस चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को साढ़े 3 लाख से अधिक मतों से करारी शिकस्त मिली थी। इस बार भाजपा ने फिर अजय पर भरोसा जताया है और कांग्रेस ने टक्कर देने मैदान में प्रकाश जोशी को उतारा है। इसके इतर अगर टिहरी-गढ़वाल सीट की बात करें तो वर्ष 2019 में यहां भी भाजपा का दबदबा था। तब भाजपा की माला राज्यलक्ष्मी ने करीब 2.91 लाख वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। जबकि 2014 में यह अंतर 1.92 लाख वोटों का था।

बता दें कि वर्ष 1989 और 2004 में ही ऐसा हुआ कि सत्ता में आने वाली पार्टी को उत्तराखंड की कुल पांच सीटों में से तीन से कम सीटें मिली। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में पांचों सीटें भारतीय जनता पार्टी ने जीती और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी। इसी तरह वर्ष 2019 में भी इतिहास ने खुद को दोहराया और भारतीय जनता पार्टी ने फिर से पांचों लोकसभा सीटों पर कब्जा किया और फिर केंद्र में भाजपा की सरकार बनी। अब वर्ष 2024 में एक बार फिर भाजपा न सिर्फ बड़ी जीत का दावा कर रही है, बल्कि पांचों सीटें जीत कर हैट्रिक लगाने का मन बना चुकी है।

### गढ़वाल सीट पर बढ़ा भाजपा का जनाधार



**हल्द्वानी :** गढ़वाल सीट पर भी भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ा। इस सीट से तीरथ सिंह रावत ने 2019 में करीब 2.85 लाख वोटों से जीत दर्ज की और 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा इस सीट पर करीब 1.84 लाख वोटों के अंतर से जीती थी। गढ़वाल सीट पर इस बार भाजपा ने मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी को उतारा है और कांग्रेस से गणेश गोदियाल उन्हें टक्कर दे रहे हैं। 2019 में हरिद्वार में भाजपा के रमेश पोखरियाल निशंक ने 2.54 लाख वोटों के अंतर से कांग्रेस को हराया था। जबकि 2014 का चुनाव निशंक 1.77 लाख वोटों के अंतर से जीते थे। हरिद्वार से इस बार पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बेटे वीरेंद्र रावत के बीच टक्कर है।

## एक नजर

### आईटीआई तिराहे से जब्त किए 70 हजार रुपये

**हल्द्वानी :** चुनाव ड्यूटी में तैनात उड़न दस्ता दल ने एक युवक से 70 हजार की नगदी बरामद की है। सहायक निर्वाचन अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि बुधवार की देर रात एफएसटी टीम आईटीआई तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस बीच एक वाहन संख्या यूके 04 एके 5555 को रोका। पूछताछ में वाहन सवार ने अपना नाम अर्जुन ढैला निवासी कृष्णा विहार फेस-2, गैस गोदाम रोड बताया। टीम को उनसे 70 हजार नकी नगदी बरामद हुई। जब टीम ने इसका जवाब मांगा तो कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं दे सका। इस पर टीम ने 70 हजार रुपये को जब्त कर लिया।

### उड़न दस्तों की ओर से जब्त धनराशि अवमुक्त कराने को कमेटी गठित

**हल्द्वानी :** जिला नैनीताल में उड़न दस्तों की ओर से जब्त धनराशि को अवमुक्त करने के लिए जिला स्तर पर जिला शिकायत समिति का गठन किया गया है। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे ने बताया कि उड़न दस्तों की ओर से जिस किसी व्यक्ति, संस्था या समूह की धनराशि जब्त की जाती है तो वे अपना प्रतिवेदन सभी सबूतों के साथ चुनावी व्यय अनुवीक्षण कक्ष, एमबीपीजी हल्द्वानी में गठित समिति के साथ पेश कर सकते हैं। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए 8057545875, 9837537257, 9411322790 पर संपर्क कर सकते हैं।

### टैक्सी यूनियन के खाते में हो भुगतान

**हल्द्वानी :** कुमाऊं टैक्सी मालिक एवं चालक कल्याण समिति की ओर से बताया गया कि प्रशासन ने चालक, परिचालक के खाने रहने की जो मानदेय की व्यवस्था की है। उसका समिति स्वागत करता है। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष किशन पांडेय ने बताया कि चुनाव में जो वाहन अधिग्रहित किए गए हैं, इसका भुगतान टैक्सी यूनियन के खाते में चुनाव के बाद किया जाए।

# नैनीताल संसदीय सीट पर 10 में से 9 उम्मीदवार बेदाग

## भाजपा, कांग्रेस समेत कई प्रमुख राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों के खिलाफ दर्ज नहीं हैं आपराधिक मामले

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकतंत्र का सबसे बड़ा चुनावी दंगल शुरू हो चुका है। इस दंगल में नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट से 10 उम्मीदवारों ने ताल ठोकी हैं। इनमें 9 उम्मीदवार 'बेदाग' हैं। सिर्फ एक उम्मीदवार पर ही एक आपराधिक मामला दर्ज है।

विधान सभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव, राजनैतिक दल राजनीति से अपराध के सफाए के लिए दागियों के बजाय बेदाग छवि वालों को ही टिकट देने का दावा करते हैं हालांकि कभी-कभी यह दावा फेल हो जाता है। हां इस बार आम चुनाव में देवभूमि की नैनीताल संसदीय सीट से 90 प्रतिशत उम्मीदवार बेदाग हैं।

बता दें कि नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट से लोकसभा सदस्य के लिए 10 उम्मीदवारों ने पर्चे भरे हैं। इनमें भाजपा, कांग्रेस, बसपा, उक्रांद, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक समेत सभी प्रमुख राजनैतिक दलों ने उम्मीदवार उतारे हैं। इन उम्मीदवारों की ओर से रिटर्निंग ऑफिसर को सौंपे शपथ पत्र के अनुसार 10 में से 9 उम्मीदवारों पर एक भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। शपथ पत्र के ही मुताबिक कोई भी उम्मीदवार किसी भी मामले में दोषी नहीं पाया गया है। सिर्फ एक उम्मीदवार के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज है, हालांकि यह भी विचाराधीन है।



बरेली रोड पर चेकिंग करते पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान। ● अमृत विचार

### जिले में 201 मतदान केंद्र और 259 बूथ वल्नरेबल, तैनात होंगे माइक्रो ऑब्जर्वर

**हल्द्वानी :** जनपद में 201 मतदान केंद्र और 259 बूथ वल्नरेबल हैं। इन सभी मतदान केंद्रों पर निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव के लिए एक-एक माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए जाएंगे। जिले की पांच विस सीटों भीमताल, कालाढूंगी, हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर में कुल 630 मतदान केंद्रों में से 201 केंद्र वल्नरेबल हैं। वहीं इन सीटों के 259 बूथ वल्नरेबल हैं। सिर्फ नैनीताल विस सीट ऐसी है जहां एक भी वल्नरेबल मतदान केंद्र या बूथ नहीं है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, लालकुआं विस सीट में 35 मतदान केंद्र और 50 बूथ, भीमताल में 25 मतदान केंद्र और 49 बूथ, हल्द्वानी में 78 मतदान केंद्र और 78 बूथ, कालाढूंगी में 40 मतदान केंद्र और 59 बूथ एवं रामनगर में 23 मतदान केंद्र और 23 बूथ वल्नरेबल हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि केंद्र के निर्देशानुसार, सभी वल्नरेबल मतदान केंद्रों पर एक-एक माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किया जाएगा। इस तरह 201 मतदान केंद्रों पर 201 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात होंगे। उन्होंने बताया कि नैनीताल जिले में सिर्फ नैनीताल विस सीट ऐसी है जहां एक भी वल्नरेबल बूथ नहीं है।

**हल्द्वानी/देहरादून :** लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के 28 सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों के उप कुलपति और रजिस्ट्रार्स के साथ बैठक की और मतदान को लेकर जरूरी निर्देश दिए। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रताप सिंह शाह ने बताया कि विवि के उप कुलपतियों व रजिस्ट्रार को निर्देश दिए गए हैं कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक छात्र-छात्रा मतदान करें।

सुदूर क्षेत्रों के विद्यार्थियों क के लिए समय पर आवाजाही की व्यवस्था करना, विवि आसपास का बूथ गोद ले तो 2 मार्च तक इसकी सूचना निर्वाचन आयोग को दें और इस बूथ पर विद्यार्थियों के जरिए अधिकाधिक मतदान कराया जाए। एनएसएस, एनसीसी स्काउटस के जरिए जनता को मतदान के लिए प्रेरित करने और दिव्यांग-बुजुर्ग मतदाताओं को बूथ तक लाने-ले जाने में मदद की जाए। इसकी सूची समय से जिला निर्वाचन अधिकारियों को दी जाए। 10 अप्रैल को कॉलेज-विवि में मतदान शपथ दिलाई जाए।

### ये हैं उम्मीदवार

1. अजय भट्ट (64 वर्ष) गांधी चौक, सदर बाजार रानीखेत भाजपा से उम्मीदवार हैं। उन पर एक भी आपराधिक मामला नहीं है।
2. प्रकाश जोशी (54 वर्ष) निवासी गैबुआ, कालाढूंगी कांग्रेस से उम्मीदवार हैं। उन के खिलाफ भी एक अभी आपराधिक मामला नहीं है।
3. अख्तर अली (55 वर्ष) निवासी बांसफोड़ान काशीपुर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी हैं, उन पर एक भी मुकदमा दर्ज नहीं है।
4. शिव सिंह (59 वर्ष) निवासी गीता कॉलोनी काशीपुर उत्तराखंड क्रांति दल के उम्मीदवार हैं। उनके खिलाफ भी एक भी मामला दर्ज नहीं है।
5. अमर सिंह सैनी (59 वर्ष) निवासी भदईपुरा, रुद्रपुर पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के उम्मीदवार है। उनके खिलाफ भी एक भी मामला नहीं है।
6. जीवन चंद्र उप्रेती (70 वर्ष) निवासी इंद्रप्रस्थ नगर, लखनऊ लोक जिम्मेदार पार्टी के प्रत्याशी हैं। उनके खिलाफ एक भी केस दर्ज नहीं है।
7. सुरेंद्र सिंह (49 वर्ष) निवासी नगला किच्छा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी हैं, उनपर भी एक भी मामला दर्ज नहीं है।
8. हितेश पाठक (32 वर्ष) निवासी बल्दिया खान पटवाडांगर स्वतंत्र उम्मीदवार हैं, उनके खिलाफ एक भी आपराधिक मामला नहीं है।
9. रमेश कुमार (35 वर्ष) खेतलसंडा खाम, खटीमा निर्दलीय उम्मीदवार हैं उनके खिलाफ एक भी मामला नहीं है।

### सिर्फ एक ही पर है वाहन दुर्घटना का मामला दर्ज

अखलेश कुमार (41 वर्ष) निवासी खिचड़ी मोहल्ला, गांधी नगर हल्द्वानी अखिल भारतीय परिवार पार्टी से उम्मीदवार हैं। उनके खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली के अंतर्गत मंडी चौकी में आईपीसी की 279, 337, 504 धाराओं में एक आपराधिक मामला दर्ज है। यह मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय में विचाराधीन है।

## कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल का आज से रामनगर में जनसंपर्क



**रामनगर, अमृत विचार:** पौड़ी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल शुक्रवार से रामनगर विधानसभा क्षेत्र में दो दिवसीय जनसंपर्क शुरू करेंगे। कांग्रेस के विधानसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी विनय पडलिया ने बताया कि गोदियाल शुक्रवार शाम मालधन पहुंचेंगे।

यहां उनका जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाओं का कार्यक्रम है। कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए पूर्व विधायक रणजीत रावत ने कहा कि गणेश गोदियाल को विजयी बनाने के लिए कांग्रेस एकजुट है।

बैठक में गोदियाल के कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को रामनगर और मालधन में कांग्रेस कमेटियों ने चुनाव कार्यालयों में बैठक कर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां बांटी गईं। बैठक में पूर्व विधायक रणजीत रावत, नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, महिला कांग्रेस की नगर अध्यक्ष ललिता उपाध्याय, ब्लॉक अध्यक्ष ऊषा देवी, अनिल अग्रवाल 'खुलासा', पूर्व दर्जा मंत्री निशांत पपनै आदि मौजूद रहे।

# नैनीताल रोड पर दो कारों की टक्कर, जमकर चले लात-घूंसे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**हादसा**

- गलत दिशा से जा रही महिला की कार दूसरी कार से टकराई
- विरोध पर महिला के दर्जनभर साथियों ने कार चालक को धुना

**अमृत विचार :** नैनीताल रोड पर रात गलत दिशा से जा रही महिला की कार सामने से आ रही कार से टकरा गई। गलती मान कर मामला सुलझाने के बजाय महिला और उसके साथी कार चालक से भिड़ गए और बीच सड़क उसे बुरी तरह पीट डाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद मामला शांत हुआ। घटना में कार सवार महिला की बच्ची भी चोटिल हुई है।

काठगोदाम पुलिस के मुताबिक बुधवार की देर रात शॉपिंग कॉम्पलेक्स के पास बने निजी अस्पताल के सामने एक महिला गलत दिशा से कार चलाती हुई काठगोदाम की तरफ जा रही थी। कार में एक बच्ची भी बैठी थी।

अस्पताल के सामने बने कट से महिला ने गाड़ी को मोड़ी और तभी दूसरी तरफ से आ रही एक कार से महिला की कार टकरा गई। हादसा होने के बाद महिला के तीन परिचित वहां पहुंच गए और दूसरी कार के चालक से बदसलूकी शुरू कर दी। जिसके बाद कार चालक को बीच सड़क पीटना शुरू कर दिया।

कार में बैठी बच्ची के चोटिल होने के चलते मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत बच्ची को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही काठगोदाम थाने के एसआई फिरोज आलम मौके पर पहुंचे और मारपीट करने वाले दोनों पक्षों को थाने ले गए। देर रात बेस अस्पताल में चारों का मेडिकल कराया।

# स्पेयर पार्ट्स के अभाव में ठप पड़ी अयोध्या की बस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** काठगोदाम डिपो से अयोध्या जाने वाली बस चार दिनों से ठप पड़ी है। स्पेयर पार्ट्स के अभाव में बस काठगोदाम डिपो में खड़ी है। दो माह पहले ही डिपो ने लखनऊ-अयोध्या के लिए बस का संचालन शुरू किया था लेकिन डिपो प्रबंधन की लापरवाही से बस खड़ी हो गई है। बस को कुछ दिनों पूर्व से ही अयोध्या नहीं भेजा जा रहा था अब चार दिनों से खड़ी होने के कारण बस लखनऊ भी नहीं जा पा रही है।

उत्तराखंड परिवहन निगम नई बस सेवा की शुरुआत तो करता है लेकिन कुछ ही समय बाद बसों का संचालन बंद हो जाता है। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद यहां जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ी और लखनऊ मार्ग पर भी कुमाऊं क्षेत्र से काफी संख्या में यात्री सफर करते हैं। लेकिन बस के निरस्त होने से यात्रियों को निराशा हाथ लगी है। वहीं, पूर्व में हल्द्वानी और रामनगर से अयोध्या जाने वाली बस एक ही माह में बंद हो गई थी हालांकि दोनों डिपो प्रबंधन ने यात्रियों की कमी के अभाव में इसे बंद करने का हवाला दिया था। हल्द्वानी और रामनगर डिपो के अनुसार उन्हें इस मार्ग पर उम्मीद के अनुसार कमाई नहीं हो पा रही थी और लखनऊ के लिए भी कई बार यात्रियों की संख्या काफी कम रहती थी जिससे बस को बंद करना पड़ा।

# भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में 70 प्रतिशत मतदान कराना है लक्ष्य

- प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में कार्यकर्ताओं को दिया चुनावी लक्ष्य

ब्यूरो, भीमताल

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम ने गुरुवार को चुनाव प्रबंधन समिति एवं कोर कमेटी की बैठक की। उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से हर बूथ पर घर-घर जाकर केंद्र व राज्य की योजनाओं को बताने के लिए कहा।

गौतम ने कहा कि नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में 70 प्रतिशत मतदान करा विजयी बनाना है।



चुनाव प्रबंधन की बैठक करते भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम।

इसके लिए जनप्रतिनिधि भी गांव-गांव, घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क करें और सरकारी योजनाओं के बारे में बताएं। इस दौरान विस संयोजक राम सिंह कैड़ा, विस प्रभारी गोपाल रावत, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, नितिन राणा, कमला आर्य, अंकित पांडेय, प्रदीप बिष्ट आदि मौजूद रहे।

**हालात** — टीपीनगर में गोली मारने वाले नहीं मिले और न ही अपहरणकर्ता

# पुलिस का सिरदर्द बने अपराधी, महीनों से खाक छान रहे सिपाही

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कई अपराधी मित्र पुलिस के लिए सिर का दर्द बन गए हैं। फिर वह बैठ कर आग सेंक रहे व्यक्ति पर गोली चलाने वाला हो, बंद घरों के ताले तोड़ने वाला, फिर पति के साथ वॉक कर रही महिला के गले से चेन लूट ले जाने वाले या फिर अपहरण कर खन्स्यू युवक के हाथ-पैर बांध फेंक कर फरार हो जाने वाले। ऐसे कई अपराधी हैं, जिनकी मित्र पुलिस पिछले साल से तलाश कर रही है, लेकिन अपराधी हत्थे नहीं चढ़ रहे।

**दो बड़ी चोरियों के चोरों की पहचान तक नहीं हुई :** पिछले साल अक्तूबर में टीपीनगर चौकी क्षेत्र के राजारानी विहार में अमेरिका गई सेवानिवृत्त सीएमएस डॉ. मंजू पांडे के घर में चोरी हुई थी। मंजू अमेरिका अपनी बेटी के पास गई थीं।

चोर यहां सीसीटीवी के तार काट गए और दो तोला सोने के साथ कई कीमती चीजें ले गए थे। पिछले साल मुखानी निवासी सेवानिवृत्त रेंजर के मकान के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों का सामान व नकदी पर हाथ साफ कर लिया। इन दोनों ही चोरियों का खुलासा नहीं हो सका।

- पिछले साल से लंबित कई चोरियों और चेन स्नेचिंग के नहीं हुए खुलासे

### किसने मारी थी राजू को गोली, नहीं लगा पता

**हल्द्वानी :** इसी वर्ष 24 जनवरी को रामपुर रोड स्थित जीतपुर नेगी निवासी राजू को गोली मारी गई। गोली उसकी पीठ में उस वक्त लगी, जब वह रामपुर रोड किनारे दोस्तों के साथ बैठ कर आग सेंक रहा था। तब राजू ने ससुरालियों पर गोली मारने का आरोप लगाया था। पुलिस मान रही थी किसी ने जानवर भगाने के लिए गोली चलाई गई, जो राजू को लगी। हालांकि मामला आज तक पेंडिंग है।

### अपहरण किया, फिर हाथ-पैर बांध कर फेंका

**हल्द्वानी :** इसी वर्ष 6 जनवरी 2024 को बीए प्रथम वर्ष के छात्र पश्या ओखलकांड खनस्यू निवासी दीपक चंद्र कुड़ाई बेलबाबा स्थित जंगल के पास पड़ा मिला था। उसके हाथ और पैर-बंधे हुए थे। परिजनों ने अपहरण कर उसे बंधक रखने और उसके बाद फेंककर चले जाने का आरोप लगाया था। मामले में प्रेम प्रसंग की बात भी सामने आई थी और जांच आज तक चल रही है।

> पेंडिंग मामलों को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। कुछ मामलों में पुलिस अपराधियों के बेहद करीब है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।
> – **प्रह्लाद नारायण मीणा**, एसएसपी, नैनीताल



### गले से मंगलसूत्र लूटने वाले भी नहीं पकड़े गए

**हल्द्वानी :** चेन लूट की ये घटना पिछले वर्ष अक्तूबर की है। घटना की रात श्यामा अपार्टमेंट मुखानी निवासी नीरज आनंद अपनी पत्नी के साथ बाजार से घर लौट रहे थे। रात करीब पौने 11 बजे थे और तभी बाइक सवार तीन लुटेरे वहां पहुंचे और नीरज की पत्नी के गले में पड़ा हीरे का मंगलसूत्र लूट कर फरार हो गए। ये घटना हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र की है और पांच माह से अधिक का वक्त गुजर जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों की शिनाख्त तक नहीं कर सकी।

## गुड फ्राइडे पर आज ओपीडी रहेगी प्रभावित

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** शुक्रवार को गुड फ्राइडे होने की वजह से सरकारी अस्पतालों में ओपीडी प्रभावित रहेगी। बेस अस्पताल में पूरे दिन ओपीडी नहीं खुलेगी तो सुशीला तिवारी अस्पताल में आधे समय तक ही डॉक्टर मरीजों को देखेंगे। बेस अस्पताल में पूर्व में गुड फ्राइडे की छुट्टी के दिन आधे दिन ओपीडी होती थी लेकिन प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ ने ओपीडी पूरे दिन बंद करने का निर्णय लिया है। बेस के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि संघ के निर्णय के चलते ओपीडी बंद रहेगी। वहीं, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि एसटीएच में 12 बजे तक मरीजों के रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। दोनों ही अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे चालू रहेंगी।

# यात्रियों के ई-पास को करना होगा स्कैन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा करने वाले यात्रियों के ई-पास को स्कैन करना अनिवार्य होगा। रोडवेज परिचालक शासन की ओर से छात्राओं, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार और मासिक पास में यात्रा करने वाले यात्रियों के ई-पास पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन कर ई-टिकट मशीन में पास की जानकारी को अपलोड करेंगे।

अभी तक इन यात्रियों के पास की जानकारी लिखित तौर पर (मैनुअली) की जा रही थी। परिवहन निगम के महाप्रबंधक (तकनीकी) दीपक जैन ने आदेश जारी कर सभी डिपो के सहायक महाप्रबंधकों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं।

आदेश में यह बताया गया है कि निशुल्क श्रेणी के यात्री की पहचान ई-पास के साथ ही फोटो पहचान पत्र या अन्य आईडी कार्ड से भी की जाएगी। यात्री को ई-पास की सॉफ्ट कॉपी और हार्ड कॉपी अपने पास रखना अनिवार्य होगा। साथ ही यात्री के पास ई-पास उपलब्ध नहीं होने पर परिचालक निशुल्क यात्रियों के (मासिक पास व छात्रा पास को छोड़कर) फोटो पहचान पत्र या अन्य पहचान पत्र के आधार पर ई-टिकट मशीन से मैनुअल तरीके से एंट्री कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप



एसकेएम में पुरस्कार के साथ मेधावी बच्चे। ● अमृत विचार

### वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का किया आयोजन

**हल्द्वानी :** एसकेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें किंडरगार्डन से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को उनकी वार्षिक प्रगति, प्रदर्शन, प्रोत्साहन, एवं अन्य गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक यूसी जोशी व प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहां पर सचिव पुष्पा जोशी, प्रशासक ऋषभ जोशी, अभिभावक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।



मतदान के लिए जागरूक करतीं छात्राएं व शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### मतदाताओं को जागरूक किया गया

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी एवं कोटाबाग के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कोआर्डिनेटर दमयंती मेहरा ने बताया कि ब्लाक क्षेत्र के स्कूलों में एलईसी का गठन किया गया है। इसके माध्यम से जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, मेहंदी प्रतियोगिता, मतदान गीत का आयोजन कराया जा रहा है।



जुजुत्सु सब जूनियर व जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ी।

### सब जूनियर व जूनियर नेशनल को खिलाड़ियों का चयन

**हल्द्वानी :** जुजुत्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अगुवाई में आयोजित जूनियर व सब जूनियर जुजुत्सु नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन 29 मार्च से 2 अप्रैल तक लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित होगी। इसमें जय दुर्गा मार्शल आर्ट एकेडमी हल्द्वानी के बालिक वर्ग में करुणा लखेरा, निकिता सती, यसिका बिष्ट, अपराजिता श्रीवास्तव, कामाक्षी डंगवाल, गीतांजलि बिष्ट, अदिति बिष्ट, कुमकुम बिष्ट, रेनिशा लोहनी, पलक बुलुटिया,दीपिका आर्य, मृदुला शाही, गायत्री सिंह, प्रियांशी साह,तनिष्का परिहार, इशिता कांडपाल, डिंपल खेर जबकि बालक वर्ग में रक्षाल होलेरिया, तनिस कांडपाल, मनन जोशी, आयुष बिष्ट, सागर कुमार, उमंग सिंह बिष्ट, सिद्धार्थ जोशी, तन्मय तिवारी, लक्षित शर्मा, कुशाग्र बुलुटिया, आर्यन टम्टा, दिव्यांश भंडारी, शौर्य गुप्ता, ऋतिक डासीला, रोहित मौर्य, संदर्भ मनराल, यशवर्धन बिष्ट, शलोक कांडपाल, दीपक खैर का चयन हुआ है। प्रशिक्षक विनोद लखेरा, विनय कुमार जोशी, सहायक खेल निदेशक रशिका सिद्दकी समेत कई लोगों ने चयनित खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हरी सब्जियों की बताई उपयोगिता



महिलाओं को हरी सब्जियों के पौधे बांटते अतिथि। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलीकोट की ओर से गुरुवार को महिलाओं को गृह वाटिका में सब्जी के पौधों को रोपने की जानकारी दी। इसमें हरी सब्जियों की उपयोगिता के बारे में बताया गया। डॉ. सुधा जुकारिया ने बताया कि भोजन में हरी सब्जियों के उपयोग से रक्तअल्पता की समस्या दूर होती है। इस मौके पर दीप कुमार, महिपाल चंद्र लोहनी, कुंदन सिंह जीना, डॉ. शशि तिवारी आदि मौजूद रहे।

### लिटिल फ्लावर में वार्षिक पुरस्कार का हुआ वितरण

**हल्द्वानी :** लिटिल फ्लावर स्कूल में गुरुवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में बालिकाओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। हंसिका भल्ला को बेस्ट स्टूडेंट एवं बिट्टू पटेल को बेस्ट इन्डेवर का पुरस्कार दिया गया। वर्ष भर विद्यालय के संपूर्ण क्रियाकलापों में प्रतिभाग करने पर शास्त्री सदन प्रथम, गांधी सदन द्वितीय, टैगोर सदन तृतीय एवं नेहरू सदन चतुर्थ स्थान पर रहा। अंत में प्रधानाचार्या शांति जीना ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

# गर्मी शुरू होते ही फुंकने लगे जलसंस्थान के ट्यूबवेल

## छड़ायल व हीरानगर के खराब ट्यूबवेल से 10 हजार की आबादी प्रभावित, टैंकरों से नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** गर्मी शुरू होते ही जल संस्थान और सिंचाई विभाग के नलकूप जवाब देने लग गए हैं। एक ट्यूबवेल ठीक हो रहा है तो दूसरा ट्यूबवेल खराब हो जा रहा है। छड़ायल और हीरानगर का ट्यूबवेल खराब होने से लगभग 10 हजार की आबादी पानी के संकट का सामना कर रही है। छड़ायल में चार दिनों से ट्यूबवेल खराब होने के कारण लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। जल संस्थान यहां दो टैंकर भेज रहा है लेकिन 5 हजार से अधिक की आबादी को दो टैंकरों से बड़ी मुश्किल से एक बाल्टी पानी मिल पा रहा है। पर्याप्त पानी न मिलने के कारण कई लोग अपनी जेब ढीली कर निजी टैंकर मंगा रहे हैं। जल संस्थान के जेई एमसी सती ने बताया कि छड़ायल का नलकूप सिंचाई नलकूप खंड विभाग का है इसलिए इसकी मरम्मत की जिम्मेदारी भी उनकी है। बताया कि जल संस्थान टैंकरों से पानी की आपूर्ति कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। इधर, हीरानगर का खराब ट्यूबवेल भी ठीक नहीं हो पाया है। यहां भी जल संस्थान एक-दो टैंकर भेजकर खानापूर्ति कर रहा है जिससे लोग पानी के लिए परेशान हैं। यहां भी लगभग 5 हजार की आबादी प्रभावित है।



छड़ायल में टैंकर से पानी भरते कॉलोनी वासी। ● अमृत विचार

> छड़ायल के ट्यूबेवल का ज्वाइंट खराब था जिसे जोड़ दिया गया है और पानी की आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। – **रवींद्र कुमार, सहायक अभियंता, जल संस्थान**

### गौलापार के ट्यूबवेल भी नहीं हो पाए ठीक

गौलापार के बागजाला और देवला तल्ला पजाया का ट्यूबवेल भी अभी तक ठीक नहीं हो पाया है। दोनों क्षेत्रों के ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। जल संस्थान के टैंकर भी लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। देवला तल्ला के ट्यूबवेल को खराब हुए दो सप्ताह हो गए हैं जबकि बागजाला का ट्यूबेवल पांच दिनों से खराब है। सिंचाई नलकूप खंड के ईई अंचित रमन ने बताया कि खराब ट्यूबवेल को ठीक किया जा रहा है और जल्द ही आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

## न नल लगा, न पानी आया पांच हजार का बिल थमाया

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** लोग यूं ही सरकारी सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल नहीं उठाते हैं। इसका उदाहरण ब्लॉक कोटाबाग में देखने को मिला है। जहां जलसंस्थान ने जल जीवन मिशन के तहत बिना पेयजल कनेक्शन दिए कई ग्रामीणों को भारी भरकम बिल भेज दिए हैं।

कोटाबाग में जल जीवन मिशन के तहत लोगों ने पेयजल के कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। कई घरों में योजना की सुविधा प्राप्त नहीं हुई है। इसके बावजूद ग्रामीणों को जलसंस्थान द्वारा पांच हजार से अधिक के बिल व नोटिस थमाए जा रहे हैं। ग्रामीण नवीन पांडे ने बताया कि उनकी माता गंगा देवी के नाम से 5581 रुपये का बिल आया है। कई बार जलसंस्थान के कार्यालय में लिखित व मौखिक शिकायत के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। हिमांशु जोशी ने बताया कि जलसंस्थान द्वारा बिना कनेक्शन के 5800 का बिल आया है। सीएम पोर्टल में शिकायत के बाद जलसंस्थान के अधिकारियों ने शिकायत वापस लेने पर बिल सही व कनेक्शन करने की बात की पर शिकायत वापस लेने के बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई।

कोटाबाग निवासी राजू चबडाल ने बताया कि उन्होंने बिना कनेक्शन के पहला बिल तीन हजार रुपये का जमा करने के साथ ही शिकायत की पर अभी तक कनेक्शन नहीं हुआ व दोबारा बिल 3913 रुपये का थमा दिया है। जल संस्थान के जेई धीरज मेहता ने बताया कि ग्रामीण अपनी शिकायत लिखकर लाएं कि हमारा कनेक्शन नहीं हुआ है। उनका बिल माफ किया जाएगा।

## स्वच्छ गंगा के तहत कार्यक्रम किए गए

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर में 'राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन' 'जल शक्ति मंत्रालय' भारत सरकार के तत्वावधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम राजकीय प्राथमिक विद्यालय हिम्मतपुर डोटियाल में आयोजित किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। नमामि गंगे नोडल अधिकारी डॉ. भावना पंत ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता एवं नदी की निर्मलता, अविरलता को बनाए रखने में समाज के विशेष योगदान की आवश्यकता पर बल दिया।

# भिक्षा से मिली मुक्ति, शिक्षा से संवारेंगे कल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**पहल**

- मुक्ति अभियान के तहत 48 बच्चों का स्कूल में दाखिला
- पुलिस ने भिक्षावृत्ति में लिप्त कुल 96 बच्चों को किया है चिह्नित

**अमृत विचार :** भिक्षा मांगने वालों तमाम बच्चों को अब इस काम से मुक्ति मिल गई है। जिन हाथों से वो भिक्षा मांगते थे, नैनीताल पुलिस ने उन्हीं हाथों में कलम थमा दी है। अब इसी कलम से ये बच्चे अपना आने वाला कल संवारेंगे।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 96 बच्चे चिह्नित किए जा चुके हैं और 48 बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराया गया है। ऑपरेशन मुक्ति टीम प्रभारी मंजू ज्याला की द्वितीय चरण में कार्यवाही जारी है।



स्कूल में दाखिले के पहुंचे कूड़ा बीनने वाले बच्चे। ● अमृत विचार

ऑपरेशन मुक्ति टीम अब तक मोटाहल्दू, मंडी, शनि बाजार, जीतपुर, रामपुर रोड, जयपुर, बड़ी मंडी, राजपुरा, किदवई नगर, ढोलक बस्ती, जीतपुर नेगी आदि स्थानों में जाकर भिक्षावृत्ति, कूड़ा बीनने व अन्य कार्यों में लिप्त कुल- 96 बच्चों का सत्यापन कर उनका विवरण एकत्र कर चुकी है। जिन 48 बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराया गया, उन स्कूलों में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनभूलपुरा, रा.प्रा.वि. राजपुरा, रा.प्रा.वि. बाजार चौक हल्द्वानी, रा.प्रा.वि. इंदिरा नगर, यूनिक पब्लिक स्कूल उत्तर उजाला बरेली रोड है।

# बाबा तरसेम की हत्या पर कांग्रेस ने भाजपा को घेरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**आक्रोश**

- नेता प्रतिपक्ष और कुमाऊं मंडल प्रवक्ता ने उठाए सवाल
- कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था फेल, कायम हुआ जंगलराज

**अमृत विचार :** बाबा तरसेम सिंह की हत्या को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार की घेराबंदी शुरू कर दी है। कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष और कुमाऊं मंडल के प्रवक्ता ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा, भाजपा राज में डेरा प्रमुख भी सुरक्षित नहीं हैं। ये डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम की नहीं बल्कि कानून व्यवस्था की भी हत्या है। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है और अपराधियों का स्वर्णिम काल चल रहा है। वहीं कुमाऊं मंडल के प्रवक्ता नीरज तिवारी ने कहा, प्रदेश में हत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। बेकसूरों को मौत के घाट उतारा जा रहा है। प्रदेश में जंगलराज चल रहा है। लोग अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

उधर, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में डेरा गुरुद्वारा नानकमता साहिब के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या पर एक शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में डेरा प्रमुख की हत्या की घोर निंदा की गई। इस दौरान मुख्य सेवादार रंजीत सिंह, जगजीत सिंह, नरेंद्रजीत सिंह, जगमीत सिंह, तजिंदर सिंह, रविंदरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## मंदिर में सफाई अभियान चलाया

**कालाढूंगी।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोला कोटाबाग के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण दल पौराणिक स्थल बामेश्वर महादेव मंदिर गया। जहां स्थानीय लोगों द्वारा बच्चों को मंदिर के इतिहास व महत्व के बारे में बताया। मंदिर परिसर व आसपास छात्र-छात्राओं ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक शशि भूषण श्रीवास्तव, शिक्षिका प्रीति जोशी, प्रधानाचार्य नरेंद्र पटवाल, हेम चंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।



सारथी फाउंडेशन की ओर से आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्य। ● अमृत विचार

# उत्कृष्ट कार्य करने पर संस्था के सदस्यों को किया सम्मानित

संवाददाता, हल्द्वानी

- सारथी फाउंडेशन समिति की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर की गई चर्चा

**अमृत विचार:** सारथी फाउंडेशन समिति की बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्था के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

गुरूवार को मां जगदम्बा बैक्वेट हॉल मुखानी रोड़ में सारथी फाउंडेशन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संस्था के संस्थापक संयोजक नवीन पंत ने आगामी कार्यक्रम शिक्षा, रोजगार एवं पर्यावरण क्षेत्र के कार्यों के लिए सभी सदस्यों और पदाधिकारियों से सुझाव मांगे। संस्था के संस्थापक सदस्य ज्ञानेंद्र जोशी ने अब तक हुए कार्यों को विस्तृत रूप से सभी के सामने रखा। बैठक में संस्था के सदस्य प्रदीप सबरवाल को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल में युवा जिलाध्यक्ष चुने जाने पर उनका माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। साथ ही सारथी के विशेष सहयोगी के रूप में मधुकर श्रोतिय एवं कमल जोशी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी पांडे को संस्था से जोड़ा गया। होली महोत्सव प्रतियोगिता आयोजित कराने पर दीक्षा पंत पांडे, मंजू सनवाल, मीना शाही, हेमा जोशी, गीता बेलवाल, बबीता टकवाल, तारा बिष्ट, पूजा पंत, भावना जोशी, मोनिका कोठारी, डॉ. दीप्ति जोशी, एकता पांडे, कृति पाण्डे को सम्मानित किया गया। वहां पर गिरीश लोहनी, योगेश पांडे, उमेश सैनी, जाकिर हुसैन, जय प्रकाश, भवानी शंकर सूठा, संतोष गौड़, राजेंद्र मेहता, कपिल पंत आदि मौजूद रहे।

**अनदेखी** पशुधन प्रसार अधिकारियों के कई पद खाली, मंडल में 164 पशु सेवा केंद्र बंद

# रिक्त चल रहे पदों से कैसे हो पशुधन में वृद्धि

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कुमाऊं मंडल में पशु पालकों को खाली पशु सेवा केंद्रों की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। पशु सेवा केंद्रों में पशुधन प्रसार अधिकारियों के खाली पदों की वजह से कई पशु सेवा केंद्र बंद पड़े हैं।

कुमाऊं मंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को सुविधा देने के लिए पशु सेवा केंद्र खोले गए हैं। इनमें पशुधन प्रसार अधिकारी की नियुक्ति की जाती है। पशुधन प्रसार अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में पालतू पशुओं की देखभाल में अहम भूमिका निभाते हैं। पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी संवर्ग के बाद दूसरा सबसे बड़ा एकमात्र तकनीकी संवर्ग है। इनका काम पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान करना, प्राथमिक चिकित्सा, टीकाकरण और विभाग की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है। कुमाऊं मंडल की बात करें तो यहां पशुधन प्रसार अधिकारी के 381 पद स्वीकृत हैं। मंडल में इतने ही पशु सेवा केंद्र हैं। इनके सापेक्ष 164 पशुधन प्रसार अधिकारी के पद खाली पड़े हुए हैं। जिसकी वजह से इतने ही पशु सेवा केंद्र भी खाली हैं। मंडल में कुल 217 पशुधन प्रसार अधिकारियों को ही नियुक्ति मिली हुई है। अभी फरवरी में पशुपालन निदेशालय की ओर से राज्य भर में 74 नये पशुधन प्रसार अधिकारी की नियुक्ति की गई थी, जिसमें कुमाऊं में 30 की ही तैनाती हुई है। परियोजना निदेशक डॉ. एचसी जोशी का कहना है कि कुमाऊं के पशु सेवा केंद्रों के लिए 30 अधिकारी मिले हैं। भविष्य में अन्य पशुधन प्रसार अधिकारियों की नियुक्ति के लिए प्रयास किए जाएंगे।

### गौशाला में जाएंगे तो काम कैसे करेंगे

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी ब्लॉक में भी पशुधन प्रसार अधिकारियों की भारी कमी है। इधर डीएम के निर्देश के बाद पशुधन प्रसार अधिकारियों को हल्द्वानी में बनी अस्थाई गौशालाओं में जाकर गौवंशीय पशुओं की देखभाल करनी है। विडंबना है कि पशुधन प्रसार अधिकारियों की कमी होने की वजह से पहले से ही ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा किसी तरह चल रही है। ऐसे में अगर पशुधन प्रसार अधिकारियों की ड्यूटी गौशालाओं में भी लगा दी जाएगी तो ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाएं कैसे काम करेंगी।

### ग्रामीणों को होती है बहुत सुविधा

**हल्द्वानी :** गांवों में गाय-भैंस जैसे जानवर पालने वाले पशुपालकों को पशु सेवा केंद्रों की वजह से निकट ही पशुओं के लिए प्राथमिक चिकित्सा, टीकाकरण, विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ मिल जाता है। इनके अभाव में उन्हें अपने जानवरों को किसी तरह से शहर में पशु चिकित्सालय में लेकर जाना पड़ता है। जिस वजह से उन पर धन व्यय का काफी बोझ पड़ता है।







सार-संक्षेप



निरीक्षण करते रेलवे बोर्ड के महानिदेशक बृज मोहन अग्रवाल। ● अमृत विचार

### रेलवे बोर्ड के महानिदेशक ने ली समीक्षा बैठक

**हल्द्वानी :** रेलवे बोर्ड के महानिदेशक बृज मोहन अग्रवाल ने गुरुवार को रेल मंडल प्रबंधक कार्यालय इज्जतनगर के सभागार में समीक्षा बैठक ली। इसमें मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के जरिए मंडल पर संरक्षित ट्रेन संचालन को सुनिश्चित करने के लिए रेल परिचालन के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे सार्थक कार्यों उपायों और अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए महानिदेशक ने कहा कि इज्जतनगर मंडल सरंक्षा रिकार्ड शुरू से ही उत्कृष्ठ रहा है। रेल संरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए मंडल की ओर से विभिन्न पहलुओं पर कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों को सलाह दी कि वे जमीनी स्तर पर रेल संरक्षा की गहन निगरानी करें ताकि रेल परिचालन से संबद्ध रेल कर्मी कोई शार्टकट तरीका न अपना सके। इस मौके पर मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश महरोत्रा, कार्यपालक निदेशक यांत्रिक इंजिनियरिंग रेलवे बोर्ड उत्कर्ष सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।



अपर माल रोड पर डामरीकरण करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### 89 लाख की लागत से डामरीकरण कार्य शुरू

**नैनीताल :** लोनिवि की ओर से अपर मालरोड पर डामरीकरण शुरू किया जा चुका है। बता दें कि बीते वर्ष सीवर लाइन की मरम्मत के चलते अपर मालरोड पर डामरीकरण नहीं हो पाया था। इससे सड़क पर हुए गड्ढों से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। विभाग की ओर से पैच वर्क भी किया गया था। लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि 89 लाख की लागत से अपर मालरोड पर डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। मौसम ठीक रहा तो लगभग एक सप्ताह में कार्य पूरा कर दिया जाएगा।



भीमताल में मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकालते कर्मचारी।

### भीमताल में मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली

**भीमताल :** विकास भवन परिसर भीमताल में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे के नेतृत्व में मतदाता जन जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। इसका शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

# भारत रत्न सचिन तेंदुलकर पहुंचे कुमाऊं दौरे पर, जोरदार स्वागत

## जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क भी गए सचिन, एयरपोर्ट पर एक झलक पाने को उमड़े लोग

संवाददाता, पंतनगर/नैनीताल/रामनगर

**अमृत विचार:** पूर्व क्रिकेटर भारत रत्न सचिन रमेश तेंदुलकर गुरुवार को कुमाऊं भ्रमण पर चार सदस्यीय दल के साथ पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। जहां एयरपोर्ट व सुरक्षा कर्मी उनकी एक झलक पाने को बेताब रहे, लेकिन वह कारों के काफिले में रुद्रपुर निकल गए। इसके बाद वह जिम कार्बेट पार्क पहुंचे।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर अपने चार दिवसीय दौरे पर कुमाऊं भ्रमण पर आए हैं। सचिन अपने चार साथियों के साथ गुरुवार को पंतनगर हवाई अड्डे पहुंचे। पंतनगर एयरपोर्ट पर उनकी एक झलक पाने के लिए लोग बेताब रहे। सचिन पंतनगर एयरपोर्ट से सीधे सिडकुल की ल्यूमिनस कंपनी पहुंचे सचिन ने यहां नवनिर्मित सोलर पैनल का उद्घाटन किया और रामनगर (जिम कॉर्बेट) के लिए रवाना हो गए। रामनगर पहुंचने पर होटल प्रबंधन ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। होटल प्रबंधन ने बताया कि सचिन को उनकी मांग के आधार पर उत्तराखंडी पारंपरिक पकवान भी परोसे जाएंगे।



रुद्रपुर में सोलर प्लांट का उद्घाटन करते पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर। ● अमृत विचार

सचिन के स्वागत के लिए होटल प्रबंधन पूरी तरह से तैयार रहा। उनके लिए होटल में शांति वाले क्षेत्र का कमरा बुक किया गया। सूत्रों ने बताया कि सचिन शुक्रवार सुबह कॉर्बेट पार्क में जंगल सफारी का लुत्फ उठाया। इसके लिए विशेष तैयारी की गई। सफारी के बाद सचिन नैनीताल भवाली स्थित बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन करने जाने की योजना थी लेकिन बाद में उनके कार्यक्रम में बदलाव हो गया और वह जिम कॉर्बेट पार्क में ही रुक गए। उधर सचिन के कैंची धाम आने की खबर सुनकर मंदिर प्रबंधन भी पूरी तरह से मुस्तैद दिखा।

सचिन को देखने के लिए मंदिर में अव्यवस्था न हो और भीड़ उनको न घेरे इसके लिए उनके लिए मंदिर में अलग व्यवस्था की गई थी। सूचना है कि सचिन शुक्रवार को कैंची धाम पहुंचेंगे। तेंदुलकर परिवार के चार दिनी इस भ्रमण में रानीखेत, अल्मोड़ा, कौसानी और मुनस्यारी भी जाने की संभावना है।

# हाइटेंशन लाइन से धधकी आग, पांच घंटे बिजली गुल

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर छड़ा गांव में तेज हवा के झोंके से 11 केवी की हाइटेंशन लाइन के चिपकने से समीप स्थित पेड़ आग की चपेट में आ गया। एकाएक आग धधकने से गांव में हड़कंप मच गया। आनन फानन में विद्युत विभाग ने विद्युत आपूर्ति बंद कर दी। बामुश्किल लाइन को दुरुस्त कर पांच घंटे बाद आपूर्ति सुचारु की जा सकी। आपूर्ति प्रभावित होने से 400 से अधिक उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

छड़ा गांव के समीप से होकर निकल रही 11 केवी की हाइटेंशन लाइन तेज हवा के झोंके से आपस में चिपक गई। तारों के चिपकने से उठी चिंगारी से नजदीक ही एक पेड़ में आग लग गई। पेड़ व झाड़ियों में एकाएक आग लगने से गांव में अफरा तफरी मच गई। घबराए ग्रामीणों ने सूचना तत्काल विद्युत विभाग के गरमपानी स्थित कार्यालय में दी। विभागीय अधिकारियों ने तत्काल आपूर्ति बंद कर दी। अवर अभियंता गजेन्द्र सिंह की अगुवाई में कर्मचारी छड़ा गांव पहुंचे। जलते पेड़ को हटाए जाने के बाद झाड़ियों में लगी आग बुझाई गई। आपूर्ति बंद किए जाने से लोहाली, चमड़ियां, नावली, जौरासी, काकड़ीघाट, सुयालखेत, सुयालबाड़ी, नैनीपुल, मोना क्वारब, ताड़ीखेत, थुआ ब्लॉक, जाड़ा पानी, उल्गौर, धारी, हरतोला समेत तमाम गांवों के लगभग चार सौ से अधिक उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बामुश्किल हाइटेंशन लाइन को दुरुस्त किया तब जाकर शाम करीब सात बजे आपूर्ति सुचारु हो सकी। इस दौरान कौस्तुबानंद त्रिपाठी, पूरन चंद्र, प्रेम कुमार मौजूद रहे।

### हिमालयन क्रिकेट एकेडमी दून ने 165 रन से जीता मैच

**हल्द्वानी :** जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित कार्बेट कप अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हिमालयन क्रिकेट एकेडमी हल्द्वानी की टीम ने निर्धारित ओवर में 159 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए अक्षय कुमार ने सर्वाधिक 74 रन का योगदान दिया। जवाब में उतरी हिमालयन क्रिकेट एकेडमी देहरादून की टीम ने 22 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 165 रन से मैच अपने नाम किया। टीम के लिए प्रांजल ने सर्वाधिक 63 रन का योगदान दिया।

# नेपाली दूतावास ने की पुलिस की प्रशंसा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

सफलता
- नेपाल से भगाकर लाई गई युवती को किया था बरामद
- एसएसपी, सीओ व थानाध्यक्ष की तारीफ की

**अमृत विचार :** नेपाल से नाबालिग लड़की को भगा कर लाने के मामले में नेपाली दूतावास ने नैनीताल पुलिस की प्रशंसा की है। प्रशंसा पत्र में नेपाल दूतावास के द्वितीय सचिव सुमेश चंद्र द्विवेदी ने नैनीताल पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की है और एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा, सीओ नितिन लोहनी व थानाध्यक्ष जगदीप नेगी के नाम प्रशंसा पत्र जारी किया है।

बता दें कि नेपाल के जिला परसाबीरगंज निवासी मो. इसराफिल अंसारी (24) उर्फ दारा अंसारी ने वहीं की 16 वर्षीय किशोरी से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की और लड़की को अपना नाम मुन्ना महतो बताया। उसे प्रेमजाल में फंसाया और 11 दिसंबर को नेपाल से उत्तराखंड ले आया था। एसएसबी के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल के इंस्पेक्टर इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा ने इसकी सूचना नैनीताल पुलिस को दी। भीमताल पुलिस ने बीती 6 मार्च को लड़की व आरोपी को भीमताल के ढुंगशिल से बरामद किया था। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट व बाल विवाह प्रतिशोध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी।

# छह तस्कर पकड़े, मिला कच्ची शराब का जखीरा

संवाददाता, हल्द्वानी/रामनगर

**अमृत विचार :** आचार संहिता के दौरान पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। गुरुवार को पुलिस ने जिले के कई थाना क्षेत्रों में एक साथ अभियान चलाकर आधा दर्जन नशा तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाया और भारी मात्रा में शराब बरामद की।

अभियान के तहत हल्द्वानी, रामनगर, भवाली और लालकुआं में चेकिंग शुरू की गई। इस दौरान अलग-अलग 6 मामलों 140 पव्वे देशी शराब, 263 पाउच कच्ची शराब और 60 लीटर कच्ची शराब की बरामद कर 6 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली हल्द्वानी ने मुकुल कुमार पुत्र श्याम कुमार निवासी वार्ड 13 के कब्जे से 72 पव्वे देशी शराब, हेम चन्द्र आर्य पुत्र रेवाधर आर्या निवासी समता आश्रम गली से 68 पव्वे देसी बरामद की गई। कोतवाली रामनगर ने रामे पुत्र स्व. रामजीलाल निवासी बन्नाखेड़ा बाजपुर से 100 पाउच कच्ची शराब, साधूराम पुत्र स्व. सोनपाल निवासी पूछड़ी से 103 पाउच कच्ची शराब और साधू लाल पुत्र प्रेम राम निवासी पटरानी मालधनचौड़ से 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की।



पुलिस की हिरासत में कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया तस्कर। ● अमृत विचार

# नदियों को किया जा रहा दूषित

**गरमपानी :** नदियों को स्वच्छ रखने को समय समय पर अभियान चलायें जा रहे हैं पर बाहरी क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों श्रमिक नदी के बीचोंबीच तंबू लगाकर खुले में शौच कर नदियों को प्रदूषित कर दे रहे है। नियमों को ताक पर रख नदियों को खुलेआम प्रदूषित किया जा रहा है बावजूद जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं। जबकि संक्रामक बिमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ता ही जा रहा है।

अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे के समीप से निकलने वाली शिप्रा व कोसी नदी बाहरी राज्यों से पहुंचे श्रमिकों के निशाने पर आ गई है। नदियों को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए स्वच्छता महाअभियान के जरिए अभियान चलाकर गंदगी का निस्तारण किया जाता है।

# खाई में गिरकर छात्र घायल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नारायण-नगर क्षेत्र में छात्र अनियंत्रित होकर 300 फीट गहरी खाई में जा गिरा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और एसडीआरएफ को दी। मौके पर एनडीआरएफ और फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद खाई से घायल युवक को बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस के माध्यम से बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देख हायर सेंटर रेफर कर दिया।

कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों ने युवक के खाई में गिरे होने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची टीम ने घायल युवक को खाई से बाहर निकाला। जिसकी पहचान मल्लीताल निवासी आयुष कुमार के रूप में हुई जो अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए नारायण-नगर क्षेत्र में पहुंचा था मार्ग संकरा होने के चलते छात्र खाई में जा गिरा। छात्र के दोस्तों ने ही उसके खाई में गिरने की सूचना स्थानीय लोगों के साथ पुलिस को दी थी। इस दौरान एनडीआरएफ निरीक्षक मनोज रावत, चंदन रौतेला, हरनाम सिंह, अमरदीप सिंह, जसवीर सिंह, मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।



खाई से घायल को रेस्क्यू करते एसडीआरएफ और फायर सर्विस के जवान।

# हर महीने के अंतिम दिन नहीं खोली जाएगी रामनगर मंडी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रामनगर मंडी के फल-सब्जी व्यापारियों की माह के अंतिम दिन अवकाश न रखने की मांग मंडी सचिव ने ठुकरा दी। उन्होंने अवकाश के दिन दुकानें खोलने पर जुर्माना लगाने की घोषणा भी की है।

मंडी समिति में गुरुवार को अजीजुर्रहमान के नेतृत्व में फल और सब्जी आढ़तियों ने मंडी सचिव से मिलकर माह के अंतिम दिन मंडी में अवकाश का विरोध करते हुए उक्त आदेश को वापस लेने का आग्रह किया। इस पर मंडी सचिव सहील अहमद ने कहा कि आढ़तियों की सहमति के बाद ही हर माह के अंतिम दिन मंडी में कारोबार बंद रखने का निर्णय लिया गया था। अब इस आदेश को वापस नहीं लिया जाएगा।

मंडी सचिव ने कहा कि 31 मार्च को मंडी पूर्णता बंद रहेगी। यदि बंदी के दिन आढ़त पर कोई कारोबार करते हुए पाया गया तो उस आढ़ती पर 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। इस दौरान सहायक लेखा अधिकारी पूरन सिंह सैनी, मंडी निरीक्षक बच्चे लाल दुबे, मंडी सहायक नरेंद्र प्रकाश पंत, मोहम्मद इकबाल, नईम सहाबुद्दीन, मो. वसी, अकीलुर्रहमान मौजूद रहे।



आढ़तियों से वार्ता करते मंडी सचिव सहील अहमद। ● अमृत विचार

# बेतालघाट मार्ग पर गुलदार की दहशत

**गरमपानी :** तमाम गांवों को जोड़ने वाले भुजान - बेतालघाट मोटर मार्ग पर गुलदार का आतंक एक बार फिर बढ़ गया है। थापली व खैरनी गांव के बीच सड़क के बीचोंबीच तक आए दिन गुलदार के देखे जाने से आवाजाही करने वाले दहशत में हैं।

बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों में गुलदार आतंक का पर्याय बन चुका है। बीते रोज रातीघाट - बेतालघाट मोटर मार्ग नौडा बैंड के समीप गुलदार के गोवंशीय पशुओं पर हमलावर होने के बाद अब गुलदार ने भुजान बेतालघाट मोटर मार्ग पर एक बार फिर सक्रियता बढ़ा दी है। सप्ताह भर पहले मोटर मार्ग पर आवाजाही करने वाले बाइक सवारों पर झपटने के बाद दहशत फ़ैल गई। हरकत में आए वन विभाग के गस्त बढ़ाने से गुलदार की आवाजाही थमी।



## सार-संक्षेप



उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

### सड़क और फुटपाथ क्षतिग्रस्त होने से व्यापारियों में आक्रोश

**रुद्रपुर** : शहर में गैस पाइप लाइन बिछने से सड़क एवं फुटपाथ क्षतिग्रस्त होने के विरोध में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर पदाधिकारियों ने उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी को सौंपे गये ज्ञापन में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि शहर के कई कॉलोनी में गैस की पाइप लाइन बिछाने से पानी की पाइप लाइने, सड़क एवं फुटपाथ क्षतिग्रस्त हो गये हैं। जिससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार पाइल लाइन बिछाने वाली कंपनी से कई बार शिकायत की गयी, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। उन्होंने संबंधित कंपनी की जांच करवाने और शहर में हो रहे नुकसान की भरपाई कराने की मांग उठाई है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।



उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम को स्मृति चिह्न भेंट करते निवर्तमान मेयर।

### लोकसभा और निकाय चुनाव पर की चर्चा

**रुद्रपुर** : भाजपा के उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम गुरुवार को निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह के आवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने निवर्तमान रामपाल समेत पार्टी के कुछ अन्य लोगों के साथ राजनीतिक परिदृश्य को लेकर चर्चा की। इस दौरान निवर्तमान मेयर और उनके परिजनों ने उत्तराखंड प्रभारी का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। गुरुवार को उत्तराखंड प्रभारी ने पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव और आगामी निकाय चुनाव को लेकर व्यापक चर्चा की और चुनाव को लेकर आवश्यक मार्ग दर्शन भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रचंड बहुमत से केंद्र में एक बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है, लेकिन संभावित जीत से अति उत्साह में आने के बजाय कार्यकर्ता चुनाव की तैयारियों में जी जान से जुटें। हर कार्यकर्ता को प्रयास करना है कि जीत रिकार्ड मतों से हो।




खटीमा के डायनेस्टी मॉडल गुरुकुल एकेडमी में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

### डायनेस्टी में क्षितिज ग्रेजुएशन समारोह

**खटीमा** : डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म में वृहस्पतिवार को ग्रेजुएशन समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत नर्सरी से दो तक के विद्यार्थियों को परीक्षाफल वितरित किए गए। विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समस्त विद्यार्थियों के साथ-साथ कक्षा के टॉप 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। ग्रेजुएशन समारोह के इस उपलक्ष्य पर छोटे-छोटे नौनिहालों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, मनीष चंद, विक्टर आईवन, सुरेश ओली, मनीष ठाकुर, विक्रम नाथ, दिगंबर भट्ट, हरीश भट्ट, गिरीश जोशी, ललित कापड़ी, ऊषा भट्ट, लिंसी त्यागी, शिल्पा सक्सेना, दया किशन पंत, रेनू उपाध्याय, नरसिंह कुंवर, नीतू चंद, निर्मला जोशी, कमला राय, बबीता खनका, देवकी भट्ट आदि उपस्थित रहे।

### परीक्षा तिथि को आगे बढ़ाए कुविवि

**काशीपुर** : छात्रसंघ पदाधिकारियों ने परीक्षा नियंत्रक व कुलसचिव से परीक्षा तिथि को बढ़ाए जाने की मांग की। गुरुवार को को राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक और कुल सचिव कुविवि को संबोधित ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा को सौंपा। कहा कि वार्षिक परीक्षा पद्धति में स्नातक प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की परीक्षाएं एक अप्रैल से होना प्रस्तावित है। अभी छात्रों ने परीक्षा की तैयारियां ही नहीं की है।

### आज से शुरू होगी वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**काशीपुर** : खेलेगा उत्तराखंड खिलेगा उत्तराखंड के तहत उत्तराखंड हूपस की ओर से शुक्रवार से स्पोर्ट्स स्टेडियम में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को आयोजक मृदुल पाठक ने बताया कि प्रतियोगिता में स्थानीय समेत 10 टीमें हिस्सा ले रही है। बताया कि प्रतियोगिता सुबह आठ बजे से शुरू होगी। वहीं उन्होंने कुंडेश्वरी रोड स्थित एक गार्डन में प्रेसवार्ता की। आयोजक मंडल के प्रकाश जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता 31 मार्च तक चलेगी।

# आदेश : दो सड़क हादसों के पीड़ित परिवारों को बीमा कंपनी करेगी 29.54 लाख का भुगतान

## पहले मामले में 16.64 लाख व दूसरी घटना में 12.90 लाख देने होंगे, एक महिला समेत चार ने गंवाई थी जान

**कोर्ट में सुनवाई**

संवाददाता, काशीपुर



**अमृत विचार:** दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना के मामलों में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग नैनीताल व द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश काशीपुर रीतेश कुमार श्रीवास्तव ने मृतकों के परिजनों को कुल 29.54 लाख रुपये भुगतान करने का आदेश दिया है।

बता दें कि 30 दिसंबर 2020 को तहसील ठाकुरद्वारा के ग्राम करनपुर, डिलारी निवासी जसवंत सिंह अपने गांव के ही रामवीर सिंह के साथ मोटरसाइकिल से अपने घर ग्राम करनपुर से हल्द्वानी को जा रहे थे। जैसे ही वह कालाढूंगी-हल्द्वानी मार्ग पर, गांव चकलवा में ज्ञानी की वर्कशॉप के सामने पहुंचे, तभी विपरीत दिशा की ओर से आ रही एक कार के चालक ने गलत साइड से व कच्चे में आकर मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल होने के कारण जसवन्त सिंह की सुशीला तिवारी अस्पताल तथा रामवीर सिंह की कृष्णा अस्पताल हल्द्वानी पहुंचने पर उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। जसवन्त सिंह व रामवीर सिंह का शव परीक्षण राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी में हुआ तथा इस घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना कालाढूंगी जिला नैनीताल में दर्ज हुई। मृतक जसवंत सिंह के परिजनों ने अपने अधिवक्ता कैलाश चन्द्र प्रजापति के माध्यम से मुआवजे का वाद जिला जज उधमसिंह नगर की अदालत में दाखिल किया। जिसे बाद में सुनवाई के लिये द्वितीय अपर जिला जज काशीपुर रितेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत में भेजा गया। मृतक के परिजनों की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता कैलाश चंद्र प्रजापति ने न्यायालय में गवाह व तर्क प्रस्तुत किये। जिससे सहमत होकर व पत्रावली का अवलोकन कर द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितेश कुमार श्रीवास्तव ने संबंधित इंश्योरेंस कंपनी को मृतक के परिजनों को 12.90 लाख रुपये 6 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने के आदेश दिये।

वहीं जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग नैनीताल ने भी एक मामले में बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को पीड़ितों को क्षतिपूर्ति के आदेश दिये हैं। याचिकाकर्ता गुलफ्शा, द्रक्षा, इब्रान व रिजवान के पिता मो. अकरम द्वारा स्वरोजगार के लिए ऑटो थ्री व्हीलर यूके 19 टीए 0354 क्रय किया गया था, जोकि बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. द्वारा बीमित था। 16 जनवरी 2020 को अकरम टेम्पो में अपने परिवार को बैठाकर रामनगर से अपने घर टांडा मल्लू आ रहे थे कि गांव के नजदीक पहुंचने पर सामने से आ रही एक कार के चालक ने टेम्पो को टक्कर मार दी। जिससे अकरम और उसकी पत्नी बिलकीस बेगम की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य को गंभीर चोटें आई। जिसके बाद मृतकों व चोटिलों की क्लेम धनराशि पीड़ितों ने कार बीमा कंपनी से प्राप्त कर ली, लेकिन टेम्पो की बीमा क्लेम धनराशि करीब 206140 रुपये और टेम्पो चालक की पीए क्लेम धनराशि 15 लाख रुपये संबंधित बीमा कंपनी द्वारा नहीं दी गई। जिसके बाद वाद दायर किया गया। जिस पर संबंधित बीमा कंपनी द्वारा अपनी आपत्ति दर्ज कराई गई। मामले में याचिका कर्ता की ओर से अधिवक्ता अब्दुल सलीम द्वारा अपने तर्क व साक्ष्य प्रस्तुत किये, जिससे सहमत होकर जिला उपभोक्ता फोरम ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में फैसला देते हुए संबंधित बीमा कंपनी को करीब कुल 1664912 लाख रुपये मय 8 प्रतिशत ब्याज के साथ भुगतान के आदेश दिये है। साथ ही याचीगणों को मानसिक वेदना की क्षति पूर्ति के रूप में 20,000 रुपये एवं परिवाद व्यय के लिए 10,000 रुपये 45 दिनों के भीतर जमा करने के आदेश पारित किये।

### चेक बाउंस के दोषी को छह माह का कारावास

**रुद्रपुर** : वर्ष 2019 में चेक बाउंस प्रकरण की सुनवाई करते हुए एसीजेएम ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद दोषी को छह माह का कारावास और 1.70 लाख रुपये का जुर्माना देने की सजा सुनाई। अधिवक्ता सुरेंद्र गिरधर ने बताया कि समाचार पत्र वितरक प्रेम पाल गंगवार द्वारा बताया था कि ग्राम दुनका मजरा शरीफ नगर थाना देवरनिया बहेड़ी यूपी निवासी वीरपाल ने वर्ष 2019 में मकान बनवाने के लिए 1.50 लाख रुपये उधार लिए थे और जल्द वापस करने का आश्वासन दिया था। समय अवधि निकलने के बाद जब पैसों का तगादा किया तो आरोपी वीरपाल ने 10 जून 2019 को एक चेक दिया था जो खाते में लगाते हुए चेक बाउंस हो गया था। इसके बाद अधिवक्ता द्वारा नोटिस भेजने के बाद कोई जवाब नहीं देने पर अदालत में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई एसीजेएम/अपर सीनियर सिविल जज शाइस्ता बानो की अदालत में शुरू हुआ। जहां अधिवक्ता सुरेंद्र गिरधर ने अदालत के सामने गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने दोषी वीरपाल को छह माह का कारावास और 1.70 लाख रुपये का जुर्माना देने का फैसला सुनाया। साथ ही आदेशित किया 1.65 लाख रुपये याचिकाकर्ता को देने व पांच हजार रुपये राज्य सरकार के पक्ष में जमा कराया जाए।

### हार्डवेयर स्पेयर पार्ट्स की दुकान में धधकी आग

**सुल्तानपुर पट्टी:** एनएच-74 के किनारे हार्डवेयर स्पेयर पार्ट्स की दुकान में देर रात्रि शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। जिसमें करीब आग लगने से दुकान में लगभग 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बुधवार की देर रात्रि को नेशनल हाईवे के किनारे शांति स्पेयर पार्ट्स की दुकान में अचानक आग लग गयी दुकान में आग की जानकारी वहां से गुजर रहे एक राहगीर ने व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल को दी, जानकारी मिलते ही व्यापार मंडल अध्यक्ष ने फ़ोन के माध्यम से आग की सूचना दुकान स्वामी को दी व खुद भी मौके पर पहुचंकर आग बुझने में दुकान स्वामी की मदद की। दुकान स्वामी शांति स्वरूप ने बताया कि रात को वह दुकान बंद कर घर में सो रहे थे।

रात को व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने फोन से सूचना दी की दुकान मे आग लग गयी है। अगर समय से सूचना नहीं मिलती तो बहुत बड़ा नुकसान हो जाता। व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया कि पुलिस और फायर विग्रेड ने आग पर काबू पाया। बता दें कि गर्मी के मौसम के दस्तक देते ही क्षेत्र में आग की घटनाएं बढ़ने लगी हैं।

# सामान्य प्रेक्षक की मौजूदगी में जांचे पर्चे

**लोकसभा चुनाव**

- प्रत्याशियों को आचार संहिता का पालन करने के निर्देश, रैली और वाहनों की पूर्व अनुमति लेने को कहा

संवाददाता, रुद्रपुर




नामांकन पत्रों की जांच के दौरान जानकारी देते आरओ उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुरुवार को लोकसभा चुनाव के तहत कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन कक्ष में जांच के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह ने मौजूद प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कहा कि सभी प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करें। रैली, वाहनों की पूर्व अनुमति लें और अनुमति पत्र को वाहन के मुख सीसे पर लगाएं। उन्होंने कहा कि एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी टीमें पैनी नजर रखे हुए हैं इसलिए प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि प्रचार के दौरान आचार संहिता का अनुपालन करें व पेड, हेड न्यूज से बचें।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन में प्रचार संबंधित व्यय को निर्धारित पंजिका में नियमित अंकन करें। साथ ही नियत तिथियों में व्यय प्रेक्षक को अवलोकन भी कराएं। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी पोलिंग व काउंटिंग एजेंट को तैनात करते हुए उनकी सूची उपलब्ध करा दें। साथ ही मत की गोपनीयता बनाए रखें। सभी प्रत्याशी प्रतिनिधियों से वेयर हाउस से ईवीएम लाने-ले जाने और ईवीएम स्ट्रांग रूम के निरीक्षण व रेंडमाइजेशन के दौरान उपस्थित रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार जानकारी या शंका हो तो वे उनसे फोन पर वार्ता भी कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी व नोडल निर्वाचन मनीष कुमार, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनीष बिष्ट आदि मौजूद थे।

#### मतदाताओं को न दें मदिरा धन और बल का प्रलोभन

रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली सभी वस्तुएं जैसे मदिरा, धन, बल अन्य सामग्री पूरी तरीके से प्रतिबंधित है और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग भी पूरी तरीके से बंद है। इसलिए प्लास्टिक का उपयोग कतई न करें। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी को निर्वाचन से संबंधित जिज्ञासा व शंका हो तो वे कंट्रोल रूम, सुविधा एप व उनसे भी जानकारी ले सकते हैं।

### पंतनगर विवि में ऑनलाइन आवेदन पहली अप्रैल से

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय में वर्ष 2024-25 के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए/एमबीए (एग्रीबिजनेस), एमसीए व पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पहली अप्रैल से शुरू हो रही है।

एमबीए/एमबीए (एग्रीबिजनेस) व पीएचडी (मैनेजमैंट) में प्रवेश सीएटी/सीएमएटी की मेरिट के आधार पर दिए जाएंगे, परंतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पहली अप्रैल से 30 अप्रैल तक भरे जाएंगे। प्रवेश परीक्षा संयोजक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि बाहरी राज्यों के अभ्यर्थी स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की पेमेंट सीट्स के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पीएचडी पाठ्यक्रमों में बाहरी राज्यों के अभ्यर्थी प्रवेश के लिए पेमेंट सीट्स एवं अन्य राज्यों की सामान्य सीट्स के लिए भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी पाठ्यक्रमों से संबंधित विस्तृत विवरण के लिए विवि की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.जीबीपीयूएटी.एसी.इन अथवा प्रवेश पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.जीबीपीयूएटी.ओआरजी.इन पर भी जा सकते हैं। कश्मीरी विस्थापितों के वार्ड/कश्मीर घाटी के निवासी कश्मीरी पंडित और जम्मू एवं कश्मीर के निवासी केवल स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्नातक, स्नातकोत्तर, एमसीए व पीएचडी पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन पहली अप्रैल से 30 अप्रैल तक किए जा सकते हैं।

# रैली से दिया मतदान का संदेश



साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते नोडल स्वीप मनीष कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह व नोडल स्वीप मनीष कुमार के निर्देशन में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली निकाली गयी। रैली विकास भवन से निकाली गयी। जिसको हरी झंडी दिखाकर नोडल स्वीप मनीष कुमार ने शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। रैली विकास भवन से बस स्टैंड, इंदिरा चौक, अनाज मंडी, भगत सिंह चौक होते हुए वापस विकास भवन में समाप्त हुई। गुरुवार को रैली के दौरान नोडल अधिकारी स्वीप ने कहा कि आगामी 19 अप्रैल को मतदान दिवस पर्व में अधिक से अधिक मतदाता जागरूक होकर मतदान करें यही साइकिल रैली का उद्देश्य है। उन्होंने मतदाताओं का आह्वान करते हुमतदान जागरूकता साइकिल रैली में पोस्टर, बैनर, स्टीकर के साथ खेल विभाग, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, एएनझा जनता इंटर कॉलेज के बालक बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। समस्त बालक बालिकाओं ने चुनाव का पर्व देश का गर्व व सभी की भागीदारी सभी की पहचान ऊधमसिंह नगर करेगा। रैली में जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र रावत, खेल अधिकारी जानकी कार्की समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### जवानों और उनके परिवारों को किया मतदान के लिए जागरूक

**रुद्रपुर** : ऊधमसिंह नगर में शत-प्रति9शत मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी उदयराज सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में 31 बटालियन पीएसी के कर्मचारियों और उनके परिवारों को मतदान देने के लिए स्वीप के तहत जागरूक किया गया। गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान बटालियन और उनके परिवार के सदस्यों ने मानव श्रृंखला के माध्यम से 31 पीएसी वोट्स प्रदर्शित किया गया। साथ ही सेनानायक प्रीति प्रियदर्शनी ने सभी को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने सभी कर्मचारियों और परिजनों के साथ मतदान के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ भी किया। सेनानायक ने सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही ड्यूटी में तैनात सभी कर्मरियों को पोस्टल बैलट के माध्यम से वोट करने की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक सेनानायक तपिश चंद, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, पिंकेश समेत कई लोग मौजूद रहे।

### प्रत्याशियों के व्यय लेखों का निरीक्षण 6, 11 और 16 अप्रैल को

**रुद्रपुर** : लोकसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तैनात व्यय प्रेक्षक टी शंकर प्रत्याशियों का व्यय लेखों का 6 अप्रैल, 11 अप्रैल व 16 अप्रैल को निरीक्षण करेंगे। रिटर्निंग आफिसर उदयराज सिंह ने बताया कि व्यय प्रेक्षक की ओर से प्रत्याशियों का व्यय लेखों का निरीक्षण तय तिथि को सुबह 10 बजे से डॉ.एपीजे सभागार में किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रत्याशियों व समस्त सहायक व्यय प्रेक्षकों को निर्देश दिये कि वे समन्वय करते हुए निर्धारित तिथि व समय पर लेखा निरीक्षण कराएं।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विद्युत वितरण खण्ड-2, रूद्रपुर, (ऊधम सिंह नगर)
Phone NO. 9917474748, Email - eeeddd2_rdr@rediffmail.com

पत्रांक : 50/वि.वि.ख.-2/रु.
**विद्युत बाधित सूचना**
दिनांक : 28-03-2024

कृपया उपरोक्त विषयक आपके संज्ञान में लाना है कि विद्युत वितरण खण्ड रूद्रपुर के अधीन, विद्युत वितरण उपखण्ड, रूदपुर-द्वितीय के अन्तर्गत 33/11 के०वी० उपसंस्थान, नवोदय से निकलने वाले 11 के०वी० फीडर का कण्डक्टर बदलने का कार्य प्रस्तावित है। अतः विद्युत वितरण उपखण्ड, रुद्रपुर-द्वितीय के अन्तर्गत 33/11 के०वी० उपसंस्थान, नवोदय में निम्न पोषक की निम्नानुसार विद्युत आपूर्ति पूर्ण/आंशिक रूप से बाधित रहेगी-

| क्र. सं. | उपसंस्थान का नाम | दिनांक | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के.वी. सबस्टेशन नवोदय | 30.03.2024<br>31.03.2024 | प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक | 33/11 उपसंस्थान नवोदय से निकलने वाले एलायंस कालोनी, जैन कालोनी, इण्डस्ट्रियल फीडर से सम्बन्धित क्षेत्र |

असुविधा के लिए खेद है।
"राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं"
अधिशासी अभियन्ता
विद्युत विरतण खण्ड (द्वितीय) रूद्रपुर

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)



बाबा तरसेम सिंह की हत्या पर शोक जताते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अन्य। ● अमृत विचार



बाबा की हत्या के बाद डेरा परिसर के बाहर मौजूद सुरक्षा बल। ● अमृत विचार

# महज 40 सेकेंड में दिया पूरे हत्याकांड को अंजाम

## 3 सेकेंड के भीतर दो बार लोड की गन और दोनों बार किए फायर, करीब से मारी थी गोली फिर बाइक से फरार हो गए हत्यारे

हत्या

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम की हत्या करने वाले हत्यारे किसी प्रोफेशन शूटर की तरह डेरे में दाखिल हुए और महज 3 सेकेंड के भीतर गन को 2 बार लोड कर बाबा पर ताबड़तोड़ दो फायर झोंक डाले। पहली गोली लगने के बाद बाबा खड़े हुए तब बाइक पर पीछे बैठे हत्यारे ने उन पर दूसरा फायर झोंका। 40 सेकेंड का ये हत्याकांड वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। हालांकि जिस तरह से सेकेंड भीतर गन को दोबारा लोड कर फायर किया गया, उससे शूटर प्रोफेशन माने जा रहे हैं।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि गुरुवार की सुबह छह से लेकर साढ़े छह बजे के करीब बाइक सवार पगधारे हत्यारे डेरा परिसर में दाखिल हुए और बाइक को धीमी गति से प्रवेश करते हुए बाबा के बिल्कुल करीब आकर पहले एक गोली मारी। जब बाबा खड़े होकर मुड़े तो हत्यारों ने दूसरी गोली मारी। ये दो गोलियां महज तीन सेंकेंड में दागी गईं। जबकि हत्याकांड को अंजाम देने का समय महज 40 सेकेंड का है। जिसकी पुष्टि सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे समय से हो रही है। हालांकि यह साफ होना अभी बाकी है कि शूटर प्रोफेशनल थे या नहीं, लेकिन सीसीटीवी से इतना साफ है कि हत्यारे गोली चलाने में माहिर थे। क्योंकि बाइक के पीछे बैठे हत्यारे ने महज तीन सेकेंड में राइफल को दो बार लोड किया और इतने ही समय में दो गोलियां दाग दीं। माना जा रहा है कि हत्याकांड में इस्तेमाल असलहा लाइसेंसी थी।



बाबा को गोली मारते मोटरसाइकिल सवार हत्यारे सीसीटीवी में कैद। ● अमृत विचार



घटना स्थल पर जांच करती फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार



"नानकमत्ता के डेरा कार सेवा प्रमुख तरसेम सिंह की हत्याकांड के खुलासे के लिए कुमाऊं भर के तेज तर्रार थानाध्यक्ष के अलावा काशीपुर-रुद्रपुर की एसओजी, एसटीएफ के अलावा दस टीमों का गठन कर शूटर्स की तलाश में रवाना कर दिया गया है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में आए हत्यारों की साफ तस्वीर बहुत बड़ी लीड के समान है। टीमों ने सीमावर्ती यूपी के अलावा बाहरी प्रदेशों में डेरा डाल दिया है। पुलिस सिख समाज से शांति व्यवस्था कायम रखने का आह्वान कर रही है।

**- मंजूनाथ टीसी,** एसएसपी ऊधमसिंह नगर

### हत्याकांड की मॉनीटरिंग कर रहे प्रमुख सचिव और डीजीपी

**रुद्रपुर :** तराई व भाबर में सिख समाज में अपनी अच्छी खासी पैठ रखने वाले नानकमत्ता कार सेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या से तराई और भाबर दहल उठा। हत्याकांड की खबर यूपी-उत्तराखंड के तराई भाबर में आग की तरह फैली और घटनास्थल पर सिख समाज का जमावड़ा लग गया। डीजीपी और प्रमुख सचिव खुद हत्याकांड की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। हत्याकांड की खबर सुनते ही ऊधमसिंह नगर के अलावा बिलासपुर, बहेड़ी, जसपुर, बिजनौर से बड़ी तादाद में बाबा के समर्थक सुबह ही घटनास्थल पहुंच गए। सुबह छह बजे हुए हत्याकांड के बाद साढ़े सात बजे एसएसपी मंजूनाथ टीसी के मोबाइल पर डीजीपी अभिनव कुमार के अलावा प्रमुख सचिव के फोन घनघनाने लगे। प्रदेश के आला अधिकारी हत्याकांड की पल-पल की जानकारी जुटाने लगे। डीजीपी ने एसएसपी को आदेशित किया कि हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस की टीमों को लगाएं और जल्द खुलासा करें। हत्याकांड को लेकर लोगों में रोष है। बता दें कि हत्याकांड की खबर यूपी-उत्तराखंड के तराई भाबर में आग की तरह फैली और घटनास्थल पर सिख समाज का जमावड़ा लग गया।

### नेपाल बॉर्डर तक जारी की गई हत्यारों की वीडियो और फोटो

**रुद्रपुर :** सीसीटीवी में कैद बाइक सवार दो पगधारी हत्यारों की फोटो और वीडियो पुलिस ने जारी कर दी है। महज तीन घंटे की मशक्कत के बाद बाबा के हत्याकांड की सीसीटीवी फुटेज बरामद कर यूपी व नेपाल बार्डर की पुलिस तक पहुंचा दी गई है। सीमाओं पर सघन चेकिंग शुरू कर दी गई है और नेपाल बॉर्डर की ओर जाने वाले रास्तों पर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। घटना के वक्त बाबा लंगर प्रांगण के सामने कुर्सी डालकर बैठे थे। तभी बाइक सवार दो पगधारी मौके पर पहुंचे और लंबी रेंज वाले हथियार से दो गोलियां दाग कर बाबा की हत्या कर देते हैं। मौके पर पहुंचे एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने सबसे पहले सीसीटीवी फुटेज को खंगालवाए। तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने बाइक सवार दो पगधारी हत्यारोपियों की वीडियो व फोटो को जारी की। जारी वीडियो व फोटो में एक पगधारी युवक बाइक चलाता और दूसरा 315 बोर की राइफल को पकड़े बैठा दिख रहा है। वीडियो में दोनों हत्यारों के आने, हत्याकांड को अंजाम देकर भागने तक की फुटेज है। पुलिस ने ऊधमसिंह नगर पुलिस व्हाटसअप ग्रुप के अलावा बहेड़ी, बिलासपुर, जसपुर, खटीमा-नेपाल बॉर्डर पुलिस से भी संपर्क कर वीडियो व फोटो को जारी किए हैं।



काशीपुर में बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद यूपी बॉर्डर पर चेकिंग करती पुलिस।

### बाजपुर और काशीपुर में पुलिस भी अलर्ट मोड पर

**बाजपुर/काशीपुर :** बाजपुर और काशीपुर में भी पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। दोराहा, कनौरा, सुल्तानपुर पट्टी स्थित प्रदेश के बार्डर के साथ ही शहर में भगत सिंह चौक समेत कई स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया गया और दो बाइकें सीज की गईं। कोतवाल मनोज रतूड़ी व एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीमों ने दोराहा, कनोरा, सुल्तानपुर पट्टी में प्रदेश के बार्डर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड में प्रवेश करने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की गई। शहर में भगत सिंह चौक के साथ ही रामराज रोड, बन्नाखेड़ा, बरहैनी, बेरिया रोड आदि में भी पुलिस ने वाहनों की चेकिंग की। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद जिले में अलर्ट घोषित किया गया है।

### नानकमत्ता पहुंचे दिल्ली गुरुद्वारा के कार सेवक

**खटीमा/नानकमत्ता।** सिख समाज के अलावा धार्मिक कार्यों में अपनी अच्छी खासी पैठ रखने वाले बाबा तरसेम सिंह का गुरुद्वारों के कार सेवकों के अलावा गुरुद्वारा प्रबंधकों से अच्छा संपर्क था। यही कारण है कि बाबा की हत्या की खबर मिलते ही दिल्ली के कई गुरुद्वारे के डेरा कार सेवक और उनका प्रतिनिधित्व करने वाले नानकमत्ता पहुंचे और बाबा के अंतिम दर्शन किए। हर किसी की आंखे नम थी और सभी हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। डीआईजी डॉ योगेंद्र रावत ने कार सेवकों से वार्ता कर शांति बनाने का अनुरोध किया और आश्वासन दिया कि पुलिस जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश करेगी।



खटीमा के स्वास्तिक अस्पताल परिसर में एकत्र हुए लोग। ● अमृत विचार

### अस्पताल में लगा लोगों का तांता

**खटीमा/नानकमत्ता।** बाबा तरसेम सिंह की हत्या की खबर मिलते ही जनप्रतिनिधियों व अन्य विशिष्टजनों की अस्पताल में आवाजाही रही। इनमें खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, राजपाल सिंह, दिल्ली कार सेवा के बाबा सुरेंद्र सिंह, बंगला साहिब डेरा साहिब के बाबा छिंदर सिंह, नानकपुरी टांडा के बाबा गुरजंट सिंह, रीठा साहिब के बाबा श्याम सिंह, डेरा कार सेवा नानकमत्ता के वरिष्ठ बाबा कश्मीरा सिंह, सुखदेव सिंह नामधारी, किसान नेता तजेंद्र सिंह विर्क, पीलीभीत के ब्लॉक प्रमुख श्याम सिंह, सेवा सिंह, जगजीत सिंह नामधारी प्रमुख थे।

### राज्यपाल ने दुख जताया

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने नानकमत्ता गुरुद्वारे के डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह जी की असामयिक मृत्यु पर व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### मुख्यमंत्री ने कहा-बख्शे नहीं जाएंगे बाबा के हत्यारे

**खटीमा/नानकमत्ता।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नानकमत्ता गुरुद्वारे के डेरा कर सेवा में पहुंचकर डेरा प्रमुख तरसेम सिंह की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत को दोषियों पर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीएम ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को सहन शक्ति प्रदान करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### डेरा कारसेवा में लोगों ने किए बाबा के अंतिम दर्शन

**खटीमा/नानकमत्ता।** डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की सुनियोजित की गई हत्या के शोक में आज नानकमत्ता व गुरूद्वारा परिसर का बाजार पूरी तरह से बन्द रहा। वही डाटा डेरा कर सेवा में आज पूरे दिन गहमा गहमी का माहौल रहा। खटीमा से पोस्टमार्टम के बाद बाबा तरसेम सिंह के पार्थिव शरीर को कार सेवा परिसर में रखा, जहां अंतिम दर्शन को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### देर रात तक मुकदमा दर्ज नहीं

देर रात तक आला अधिकारी नानकमत्ता में जमे थे। मुकदमा दर्ज करने की कवायद जारी थी। सेवादार जसवीर सिंह की ओर से नानकमत्ता थाने में तहरीर दी गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने बताया कि तहरीर मिल गई है, जल्द ही रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी।

# दस दिनों से गुरुद्वारे के डेरे की सराय में ठहरे थे दोनों शूटर्स



सीसीटीवी में कैद बाबा तरसेम के हत्यारोपी बाइक सवार। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** बाबा तरसेम सिंह को मौत के घाट उतारने वाले शूटर्स डेरे की सराय में दस दिन से ठहरे हुए थे। इस दौरान उन्होंने पूरी रेकी करने के बाद तसल्ली से घटना को अंजाम दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह के हत्यारे बीती 19 मार्च से गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब की सराय पर कमरा किराये पर लेकर रह रहे थे। इस दौरान उन्होंने डेरे की तसल्ली से रेकी की और बाबा की सुबह से लेकर रात तक की गतिविधियों पर नजर रखी। साथ ही वे डेरे के चप्पे-चप्पे से वाकिफ हो गये थे। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि दोनों ह हत्यारों ने बड़ी तसल्ली से हत्या कांड को अंजाम दिया। वे सुबह करीब सवा छह बजे बिना किसी हड़बड़ाहट के बाइक से धीरे-धीरे हथियार लेकर डेरा परिसर पहुंचे । बाबा को उनकी खूनी इरादों को एहसास भी नहीं हुआ और उन्होंने पलक झपकते ही एक के बाद एक दो फायर झोंक कर बाबा की हत्या कर दी। फुटेज में यह भी दिखाई दे रहा है कि हत्या के बाद उन्होंने कोई जल्दबाजी नहीं की और इत्मिनान से बाइक से फरार हो गए। फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि दोनों आरोपी पिछले 10 दिनों से सराय में कमरा किराये पर लेकर रह रहे थे। इस बीच वह रीठा साहिब भी गए थे। एक आरोपी की मतदाता पहचान पत्र पंजाब का मिला है। वहीं शूटर्स का हुलिया बहुत साधारण है। एक शूटर के पैर में चोट लगी हुई है और उसने गर्म पट्टी बांध रखी है। दोनों शूटर्स हवाई चप्पल पहने हुए थे। बाइक में उनका एक बैग लटका हुआ था। हत्याकांड में जिस असलहे का इस्तेमाल किया गया है वह पौनिया राइफल जैसी प्रतीत होती है। इतने बड़े असलहे का प्रयोग करने से भी ऐसा लगता है कि शूटर्स बेखौफ थे। पुलिस ने शूटर्स की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर टीमों को अलग-अलग राज्यों के लिए रवाना कर दिया है।

**अपराध**

- पहनावे से साधारण दिख रहे थे दोनों हत्यारोपी
- दोनों शूटर्स ने पहनी थीं हवाई चप्पलें, एक के पैर में थी चोट

यादें | रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर अयोध्या में बाबा ने लगाया था एक माह तक लंगर

# बाल्यावस्था से ही कार सेवा में लग गए थे बाबा तरसेम

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** बाल्यावस्था से ही जो सेवा की लगन बाबा तरसेम सिंह लगी वह अंतिम समय तक रही और उन्होंने अपना पूरा जीवन कारसेवा में ही लगा दिया। वर्षों तक कारसेवा में लग रहे बाबा तरसेम सिंह को करीब 13-14 साल पहले बाबा टहल सिंह के निधन के बाद डेरा कारसेवा का प्रमुख नियुक्त किया गया था। उनके नेतृत्व में गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब कारसेवा द्वारा अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय एक माह तक लंगर लगाया गया था।

बाबा तरसेम सिंह के पिता बिरसा सिंह का परिवार रतनपुर जसारी गांव में रहता था। बाल्यावस्था में ही बाबा तरसेम सिंह गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में सेवा से जुड़ गए उसके बाद से ही लगातार डेरा कारसेवा में कार सेवक के रूप में अपनी सेवा देते रहे। उनकी कड़ी मेहनत और सेवा के प्रति समर्पित भाव को देखते हुए ही तत्कालीन डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा टहल सिंह के निधन के बाद उन्हें डेरा कार सेवा का प्रमुख नियुक्त किया गया। 22 दिसंबर को अयोध्या के राम मंदिर में आयोजित रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय गुरुद्वारा में एक माह का लंगर लगाया था।



बाबा की मौत पर रोते डेरा कार सेवा के वयोवृद्ध कश्मीरा सिंह। ● अमृत विचार

### प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर बिफरा विपक्ष

खटीमा। उप नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक भुवन कापड़ी ने नानकमत्ता गुरुद्वारा के कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की सरेआम की गई हत्या पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रदेश के सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले ही बाबा तरसेम सिंह ने सोशल मीडिया पर जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की थी। उप नेता प्रतिपक्ष कापड़ी ने कहा कि इसके बावजूद भी उन्हें सुरक्षा में मुहैया नहीं कराई गई। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने भी इस हत्याकांड पर अस्पताल परिसर में पहुंचकर गहरा दुख व्यक्त किया। पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष और किच्छा के विधायक तिलक राज बेहढ़ ने यहां पहुंचकर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पंगु बन गई है। उन्होंने जिले के एसपी को हटाए जाने की मग की।

### कई राज्यों की संगत के प्रिय थे बाबा

**नानकमत्ता :** धार्मिक डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह ने गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब में श्री गुरू नानक एकेडमी स्कूल, श्री गुरू नानक महाविद्यालय, बाबा पंत रतन चेरी टेबल अस्पताल का निर्माण से लेकर नानकपुरी डांडा, रिठा साहिब सहित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न गुरूद्वारों में सेवा कार्य, निर्माण कार्य कर संगत के प्रिय माने जाते थे। उनकी पहचान विभिन्न राजनितिक व सामाजिक संगठनों तक रही है।



## एक नजर

### सड़क पार कर रहा युवक आया वाहन की चपेट में

**बाजपुर :** केलेखेड़ा हाईवे पर बुधवार देर रात्रि हरियाणा ढाबे के नजदीक सड़क पार कर रहा एक युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। यूपी मीरगंज बरेली निवासी जसवीर (29) पुत्र नरेशपाल अपने वाहन से केलाखेड़ा से बाजपुर की ओर आ रहा था। इसी बीच अपने वाहन को खड़ा करके ढाबे में खाना खाने के लिए सड़क पार कर रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार वाहन चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। मौके पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से उसे बाजपुर के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### 120 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बाजपुर :** गुरुवार को सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर जगतपुर कुंडेश्वरी थाना काशीपुर निवासी गुरुदेव सिंह पुत्र राम सिंह को 120 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। शराब परिवहन में प्रयुक्त बाइक को भी कब्जे में लिया। आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर बाइक को एमवी एक्ट में सीज कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने ग्राम लखनपुर बेरिया रोड निवासी गंगाराम पुत्र रामफल को 60 पाउच (करीब 20 लीटर) कच्ची शराब के साथ बेरिया रोड से गिरफ्तार किया।

### चाकू लेकर घूम रहा युवक को दबोचा

**काशीपुर :** प्रतापपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान मार्केट में लोगों को डराने हनुमान मंदिर के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसके पास से पुलिस ने एक चाकू व एक गड़ासा बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गोशाला मोड़ प्रतापपुर निवासी विनोद कुमार बगवान बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

### महिला सहित चार वारंटी किए गिरफ्तार

**काशीपुर :** जनपद में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आईटीआई पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। अलग-अलग मामलों के वारंटी खड़कपुर देवीपुरा निवासी कुलवंत सिंह पुत्र सुरेश व यहीं के सतीश कुमार पुत्र शान्ति अंकित सिंह पुत्र सुरेश व श्यामपुरम कालोनी निवासी सीमा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# चोरों ने पॉश कॉलोनी में दो मकानों के ताले तोड़े, जेवर व नकदी लेकर फरार

## फुलसुंगी स्थित वसुंधरा ग्रीन कॉलोनी का मामला, तीसरे घर से मोटर साइकिल उड़ाई

दुस्साहस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शहर में जहां पुलिस नामांकन को लेकर व्यस्त थी, वहीं चोरों ने थाना ट्रांजिट कैंप स्थित पॉश कॉलोनी में धावा बोलकर दो घरों से लाखों के जेवरात उड़ा दिए और तीसरे घर से बाइक चुराकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया।

थाना ट्रांजिट कैंप स्थित फुलसुंगी स्थित वसुंधरा ग्रीन कॉलोनी निवासी विकास कुमार सिंह ने बताया कि वह 26 मार्च की सुबह सात बजे परिवार के साथ हरिद्वार गए हुए थे और रात ढाई बजे घर पहुंचे। देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। जब पड़ताल की तो चोरों ने अलमारी का लॉक तोड़कर दो जोड़ी सोने की कान की बाली, एक सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी और 40 हजार की नकदी गायब थी। उन्होंने बताया कि ढाई से तीन लाख के बीच जेवरात चोरी हुए हैं। इसके अलावा वहीं की रहने वाली





वसुंधरा ग्रीन कॉलोनी में अपनी अलमारियों व घर के अन्य चोरी हुए सामान की जानकारी देते पीड़ित। ● अमृत विचार

सुमित्रा राठौर ने बताया कि 21 मार्च को वह अपने ससुराल चली गई थी और 24 मार्च को पति घर पर आ गए थे, 27 मार्च की रात्रि साढ़े तीन बजे पड़ोसियों का कॉल आया कि घर में चोरी हो गई है। घर आकर देखा तो चोरों ने अलमारी तोड़कर एक सोने की नथ, एक जोड़ी सोने के झुमके, एक सोने का मांग टीका, एक अंगूठी सोने की, सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ी चांदी की पायल, चांदी के बिछुवे, एक चांदी का सिक्का, एक चांदी का मेडल, दो सोने की लोंग चोरी हो चुकी थी। बताया कि चोरों ने घर से साढ़े तीन लाख से अधिक की चोरी को अंजाम दिया है।

उधर उसी कॉलोनी के रहने वाले महेश मसीह का कहना था कि उनकी बाइक संख्या यूके- 06 एक्स-5334 को चोरों ने ढाई बजे रात को चुराया, क्योंकि बाइक की आवाज सुनकर ऊपर कमरे में सो रहा बेटा उठा तो बाइक चोरी की जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि चोरों ने 26 और 27 मार्च के मध्य रात्रि को पहले घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया और बाद में बाइक चुराकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष भारत सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौका मुआयना किया और घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और पुलिस की एक टीम बना कर जल्द खुलासे का प्रयास किया जाएगा।

## दो घरों में डकैती के आरोपी कोर्ट से दोषमुक्त हुए

**काशीपुर।** द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितेश कुमार श्रीवास्तव ने दो घरों में डकैती डालने वाले आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

7 सितंबर 2016 की रात्रि में सरताज उर्फ चन्नी पुत्र मोहम्मद अली, जाकिर पुत्र अनिसुर रहमान, यासीन उर्फ पप्पी पुत्र शमशेर अली, इरशाद पुत्र मोहम्मद अली निवासी धूरिया बाजपुर व हाफिज उर्फ गटवा पुत्र सगीर निवासी बड़ी मस्जिद थाना टांडा जिला रामपुर, रिजवान उर्फ बॉबी पुत्र खैराती निवासी पंजाबी कॉलोनी स्वर रामपुर और फरीद उर्फ बाबा पुत्र मोहम्मद सिद्दीक निवासी ग्राम बड़ा हाता स्वार रामपुर ने तमंचों से लैस होकर दान सिंह व चंदन सिंह के घर में घुसकर डकैती डाली थी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी को तमंचों और लूटे हुए सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

मामले में न्यायाधीश रितेश कुमार श्रीवास्तव ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी, आसिफ अली तथा हेमा जोशी के तर्कों को सुना और पत्रावली का गहनता से अवलोकन किया और संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया गया।

# 15 अप्रैल से आरओबी पर आवागमन शुरू हो जाएगा



काशीपुर में प्रेसवार्ता करते विधायक त्रिलोक सिंह चीमा। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**सौगात**

▸▸ निर्माण लगभग पूरा, यातायात शुरू करने को सीएम से भी वार्ता की

**अमृत विचार :** काशीपुर धायक त्रिलोक सिंह चीमा ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में काशीपुर का विकास किया जा रहा है। आरओबी पर 15 अप्रैल से यातायात शुरू किया जाएगा।

गुरुवार को रामनगर रोड स्थित कार्यालय में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने प्रेसवार्ता कर विकास कार्य गिनाए। उन्होंने कहा कि रुके हुए विकास कार्यों को गति देने के लिए संघर्ष किया है। विकास के मुद्दों पर सीएम पुष्कर सिंह धामी से चर्चा की और कार्य कराए गए। बाजपुर रोड रेलवे क्रॉसिंग पर लंबे समय से निर्माणाधीन आरओबी के कार्य में तेजी लाई गई। वहीं द्रोणासागर नहर पर टू लेन बाईपास रोड, शहर के लक्ष्मीपुर माइनर नाले का नवनिर्माण व शहर में लगने वाले जाम से निजात दिलाए जाने के लिए मल्टीस्टोरी पार्किंग के निर्माण आदि महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति दिलाई गई। बताया कि काशीपुर-बाजपुर रोड पर आरओबी की स्वीकृति पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा के कार्यकाल में हुई थी। निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। यातायात शुरू करने के लिए सीएम से भी वार्ता हो गई है। जनता की सुविधा को देखते हुए आगामी 15 अप्रैल को राष्ट्रीय राजमार्ग खंड, लोक निर्माण विभाग हल्द्वानी इस आरओबी को हल्के वाहनों के आवागमन के लिए खोल देगा। आरओबी पर आवागमन होने से शहर में जाम की समस्या भी कम होगी। इस मौके पर पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

# 417 मरीजों की आंखों की जांच




बाजपुर में सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट की चेयरपर्सन शिखा गुप्ता को स्मृति चिह्न देते ट्रस्ट के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट-बाजपुर द्वारा विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 417 मरीजों की आंखों की जांच की गई एवं 141 मरीजों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए चयनित किया गया।

गुरुवार को श्रीरामभवन धर्मशाला के श्रीराम-जानकी मंडप हाल में सरदार विशन सिंह के सहयोग से महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट बाजपुर एवं सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट मुरादाबाद द्वारा शिविर आयोजित किया गया जिसमें शिखा गुप्ता, राघव गुप्ता, आशी खुराना व सत्यप्रकाश एवं उनकी मेडिकल टीम द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की गई।

चयनित मरीजों के आपरेशन एक अप्रैल से शुरू किए जाएंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट की चेयर पर्सन शिखा गुप्ता रहीं। संस्था के कार्यक्रम समाजसेवी हरमिंदर सिंह ढिल्लो, मदन जिंदल, निरंजनदास गोयल, सत्यवान गर्ग, जयराम सिंघल, सतीश गोयल, दर्शन गोयल, प्रीतपाल सिंह, पं.शिवकुमार शास्त्री, राजकुमार गोयल, पवन गोयल, मनोज गुप्ता आदि ने सहयोग दिया।

## तमंचा दिखाकर टशन दिखाने पर युवक धरा

**रुद्रपुरः** बाजार चौकी इलाके में एक युवक द्वारा तमंचा लहराकर लोगों को टशन दिखाना महंगा पड़ गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। बाजार चौकी प्रभारी पंकज सिंह मेहर 27 मार्च को पुलिस के साथ गाबा चौक पर लोकसभा चुनाव को लेकर गश्त कर रहे थे। सूचना मिली कि बाइक सवार एक युवक सड़क किनारे खड़े होकर बार-बार तमंचा लहराकर लोगों को भयभीत कर टशन दिखा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने बताए गए स्थान पर दबिश दी तो युवक पुलिस को देख भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बिसारत हुसैन निवासी मोहल्ला मुस्तफाबाद थाना कटघर जिला मुरादाबाद बताया।

# ड्रोन से होगी चैती मेले की सुरक्षा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** चैत्र मास में लगने वाला उत्तर भारत का प्रसिद्ध चैती मेले में लोगों की सुरक्षा को प्रशासन पुख्ता करने जा रहा है। इसके लिए लोगों के भ्रमण वाले जगहों के आस-पास दर्जनों कैमरें व ड्रोन से सुरक्षा पर नजर रखने की व्यवस्था की जा रही है। ताकि लोग सुरक्षित तरीके से मेले में जाकर आनंद उठा सकें।

चैती मेले में सिलबट्टा बाजार, मौत का कुआं, बच्चों के झूले के बाद गुरुवार को चैती मैदान में नाव व हथौड़ा वाला झूले का सामान लेकर लोग पहुंचे। झूले कारोबारियों ने बताया कि वह हर साल यहां आते हैं। सुरक्षा के मामले में उन्होंने कहा कि पुलिस व प्रशासन का सहयोग से ही झूलों का संचालन किया जाता है। बताया कि कई बार मेले में दबंग लोग बिना पैसा दिए ही झूला झूलना चाहते हैं। ऐसे में अन्य लोगों को भी दिक्कतें होती है। बताया कि रामपुर, मुरादाबाद समेत कई जगहों से लोग मेले में दुकानें लगाने आ रहे हैं। वहीं मेला प्रशासन सुरक्षा को लेकर तैयारियां करने लगा है। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि लोगों के घूमने वाले मार्गों व भीड़भाड़ वाले स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है। बताया कि दर्जनों कैमरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा ड्रोन से भी मेले में होने वाली गतिविधियों को देखा जाएगा। लोग व दुकानदारों की सुरक्षा पुख्ता की जाएगी। कैमरों के लिए कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स भी लगाया जाएगा।



चैती परिसर में लगने लगी दुकानें। ● अमृत विचार

# सुनवाई होने तक जारी रहेगा संघर्ष

**बोले किसान**

▸▸ भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन को पूरे हो चुके 241 दिन

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बहुचर्चित 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर निजी स्थान पर चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन को 241 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन सरकार उनकी कोई सुध नहीं ले रही है।

गुरुवार को चार किसान बलविंदर सिंह, सुखचैन सिंह, सुखदेव सिंह, कुलविंदर सिंह क्रमिक अनशन पर बैठे जिन्हें मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, भाकियू के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा आदि ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि पिछले 241 दिन से प्रभावित किसान, मजदूर व व्यापारी अपने हकों के लिए आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रही। कहा कि जब तक 20 गांवों के हजारों परिवारों को उनका हक नहीं मिल जाता तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर जगतार सिंह बाजवा, विक्की रंधावा, गुरमीत सिंह, नत्था सिंह धवन, अमरनाथ शर्मा, देवेश प्रताप सिंह, शेर सिंह, हरदीप सिंह, परमजीत सिंह, पाला सिंह, पाल सिंह, प्रवीण कंबोज आदि मौजूद थे।



बाजपुर में क्रमिक अनशन के दौरान प्रदर्शन करते आंदोलनकारी।

## पंप कर्मियों से मारपीट के आरोपी भाई गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पंप पर पेट्रोल डालने के बाद पैसे मांगने पर बाइक सवार दो भाइयों ने तीन कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने पेट्रोल पंप मैनेजर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस को तमंचा, कारतूस व चाकू भी मिला है।

शिवराजपुर पट्टी स्थित जम्भी जी फ्यूल स्टेशन पम्प के मैनेजर मोनू कुमार ने कुंडा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 26 मार्च की रात्रि करीब 10.30 बजे पेट्रोल पंप पर ग्राम भवानीपुर निवासी जोरावर सिंह उर्फ जोरा व गुरबाज सिंह उर्फ बग्गा आये तथा पेट्रोल डलवाया। पेट्रोल के पैसे मांगने पर पंप कर्मचारियों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देते हुये पम्प से भाग गये। पुलिस केस दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई थी। मामले में पुलिस ने हल्दुवा चौराहे के पास से ग्राम भवानीपुर निवासी जोरावर सिंह उर्फ जोरा और गुरबाज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने नशे में पेट्रोल पंप पर बाइक में तेल डलवाया तथा बाद में फरार हो गये थे।

**आस्था** शांतिपुरी में कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा में बोले कथा व्यास

# भागवत कथा के आयोजन मात्र से वातावरण हो जाता है शुद्ध

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी नंबर चार में भव्य कलश यात्रा के साथ साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार को कथा वाचक आचार्य विनोद पाठक के प्रवचनों से शुरू हुआ। इससे पूर्व प्रातःकाल मुख्य यजमान मोहन सिंह बिष्ट व उनकी पत्नी उमा देवी की अगुवाई में गांव के प्राचीन वटवृक्ष देवी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाल कर शुरू हुई।

कलश यात्रा मां नंदा देवी मंदिर चंद्रपुरी एवं शिव मंदिर गांधीनगर की परिक्रमा के बाद पुनः कथा स्थल पर पहुंची। जिसके बाद कथा से पूर्व पं. देवकी नंदन पाण्डे, सतीश द्विवेदी और मुख्य यजमान मोहन सिंह बिष्ट विधिवत श्री गणेश पूजन, व्यास पूजन, पंच देव पूजन एवं ईष्ट देव व पितृ पूजन आदि अनुष्ठान संपन्न कराए। अपराह्न दो बजे से सायं पांच बजे तक कथा व्यास आचार्य विनोद पाठक ने कथावाचन करते हुए श्रीमद् भागवत कथा महात्मय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन मात्र से जहां आस पास का पूरा वातावरण शुद्ध हो जाता है तो वहीं कथा सुनने व कथा का प्रसाद ग्रहण करने से पापों का अंत व मोक्ष की प्राप्ति होती है। कलश यात्रा में उमा देवी, छाया बिष्ट, नीरा बिष्ट, माया बिष्ट, रितिका बिष्ट, सपना कोरंगा, नीम कोरंगा, बेबी पंडा, नीलम बिष्ट, बीना मिश्रा, माया जोशी, भगवती जोशी, हंसा दानू, चंदा बोहरा, कमला कोरंगा, भगवती कोरंगा, गीता मेहता, रेखा रौतेला, दीपा बिष्ट, मीरा देवी, लीला कोरंगा, गीता रावत, तारा देवी, बबिता कोरंगा, पुष्पा देवी, पार्वती रौतेला, रजनी दानू, पूजा दानू, हंसी देवी, पुष्पा रौतेला, रेखा देवी, हेमा जोशी, बिमला जोशी, दीपा कोरंगा, तुलसी कोरंगा, कमला कोरंगा, नेहा जोशी, शोभा कोरंगा, नेहा जोशी, विमला कोरंगा आदि लोग मौजूद रहे।



गुरुवार को शांतिपुरी नंबर चार में श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन

हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

## एक नजर

### तीन घरों से मोबाइल चोरी किए, पुलिस को दी तहरीर

**काशीपुर :** मोहल्ला काजीबाग के तीन घरों से तीन मोबाइल चोरी हो गए हैं। तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुवार को मोहम्मद रहीम पुत्र मोहम्मद अनीस निवासी काजीबाग बिजली घर के पास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 27 मार्च की रात उसका मोबाइल चोरी हुआ है। बताया कि रोजाना की तरह ही वह घर में सो रहा था। मोहल्ले के ही रहने वाले शाहिद व लाली बेगम का मोबाइल भी उसी दिन चोरी हो गया। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों को पकड़ने की मांग की। आशंका जताई कि आरोपी उनके मोबाइल का गलत इस्तेमाल न कर दें।

### आग से धधकती पहाड़ी से स्टेट हाइवे पर गिरे पत्थर

**गरमपानी :** समीपवर्ती भुजान क्षेत्र से सटी पहाड़ी के आग की चपेट में आने से स्टेट हाइवे पर पहाड़ी से पत्थरों की बरसात शुरु हो गई। कुछ देर आवाजाही भी ठप हो गई। गनीमत रही की पत्थरों की चपेट में कोई यात्री वाहन नहीं आया और बड़ा हादसा टल गया। हालांकि खतरों के बीच आवाजाही सुचारु रही। देर शाम तक पहाड़ी आग से धधकती रही। भुजान क्षेत्र में खैरना-रानीखेत स्टेट हाइवे से सटी पहाड़ी आग से धधक उठी।

# दिनेशपुर में पांच ट्रैक्टर ट्रॉलियां व जेसीबी पकड़ीं

## अधिकारियों ने मालिकों को चेतावनी देकर चालान कर छोड़ा

संवाददाता, दिनेशपुर



दिनेशपुर में रात्रि में अवैध खनन कर मिट्टी ले जाती ट्रैक्टर-ट्रॉली। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रशासन की अनुमति के बगैर मिट्टी खनन का कार्य माफिया रात्रि में बेरोकटोक चला रहा है। यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ट्रॉली में ओवरलोड मिट्टी मुख्य मार्गों की सड़कों व गलियों से ले जाने पर प्रशासन ने छापा मारकर कर पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक जेसीबी मशीन को मौके पर पकड़ लिया।

रात्रि में तहसीलदार लीना चंद्रा व थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत के नेतृत्व में टीम ने सुंदरपुर में छापा मारकर मौके पर पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली व जेसीबी को कब्जे में लिया। टीम को देखकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। अधिकारियों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली व जेसीबी मालिकों को हिदायत देते हुए चालान काटकर छोड़ दिया। निवर्तमान थानाध्यक्ष अनिल जोशी के 23 जनवरी 2024 को कार्यभार संभालने के बाद क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों व अवैध मिट्टी खनन में रोग लगा दी थी।

दो माह बाद स्थानांतरण होने पर क्षेत्र में खनन माफिया बेरोकटोक रात्रि 1 बजे से प्रातः 6 बजे तक अवैध मिट्टी व रेत का कारोबार कर रहे थे।

अवैध खनन की ट्रॉलियां सड़क पर तेज गति से दौड़ रही हैं। जिससे सिडकुल से आने व जाने वाले कर्मचारियों एवं राहगीरों का निकलना दूभर हो रहा था। अवैध खनन की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। पुलिस द्वारा नगर व विभिन्न स्थानों पर मे वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया जाता है। लेकिन उनकी नजर ओवरलोड ट्रकों व अवैध खनन ट्रैक्टर-ट्रालियों पर नहीं पड़ती। वह सिर्फ दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग अभियान कर इतिश्री करते हैं।

## संयुक्त टीम ने बॉर्डर पर डाला अपना डेरा

**गरमपानी :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस व अर्धसैनिक बल हरकत में आ गया है। खैरना के समीप पुलिस ने विशेष तलाशी अभियान चलाकर आवाजाही कर रहे वाहनों की चेकिंग की। बाद में आइटीबीपी की टीम के साथ अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया।

खैरना पुलिस आईटीबीपी की संयुक्त टीम ने चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की अगुवाई में अल्मोड़ा व नैनीताल जनपद की सीमा पर खैरना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर आवाजाही कर रहे वाहनों की सघन तलाशी ली। चुनाव को प्रभावित करने वाली सामग्री, नगदी व मादक पदार्थों की रोकथाम को लगभग तीन घंटे तक विशेष अभियान चलाया। पहाड़ जा रहे वाहनों की सघन तलाशी ली गई। बाद में टीम ने लोहाली, छड़ा, चमड़ियां क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने शांति व्यवस्था से खिलवाड़ पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान आइटीबीपी के एसआई जीडी प्रमोद कुमार, एएसआई प्रेम प्रकाश, राजेंद्र सती, प्रयाग जोशी, जगदीश धामी समेत आइटीबीपी के 19 जवान मौजूद रहे।

# मौसम बदलते ही लौट रहे हैं मेहमान परिंदे

- पहाड़ों में अधिक बर्फबारी से पक्षियों को भोजन का संकट
- सितंबर व अक्टूबर में तुमड़िया डैम समेत कई जलाशयों में आते हैं परिंदे

संवाददाता काशीपुर

**अमृत विचार :** मौसम में बदलाव को देखते हुए मेहमान परिंदे वापस लौटने लगे हैं। सितंबर व अक्टूबर में भोजन की तलाश में परिंदें कई किलो मीटर की दूरी तय कर तराई के तलाशयों व नदियों के आस-पास आते हैं। पहाड़ों पर बर्फबारी पड़ने से उनके सामने भोजन का संकट रहता है।

तराई के तुमड़िया, गूलरभोज डैम,हरीपुरा जलाशय, बौर जलाशय, नानकमता डैम में मेहमान परिंदे ठंड शुरू होते ही आने लगते हैं। विशेषज्ञों की माने तो पहाड़ों पर अधिक बर्फबारी पड़ने से पक्षियों का भोजन नष्ट हो जाता है। यही वजह है कि इन जलाशयों में पक्षी प्रवास पर आते हैं। अब मौसम में बदलाव को देखते हुए वापस लौटना शुरू हो गया है। तीन चार दिनों में ही अधिकांश मेहमान परिंदे लौट जाएंगे।

लद्दाख, भूटान, नेपाल आदि जगहों से पक्षी पहुंचते हैं। तराई पश्चिम वन प्रभाग के एसडीओ संदीप गिरी ने बताया कि पक्षियों की सुरक्षा को ड्रोन व कर्मचारियों की टीमें लगाई गई है।

### ये आते हैं मेहमान परिंदे

**काशीपुर :** विशेषज्ञों की माने तो रेड क्रेस्टेड पोचर्ड, ब्लैक हेड प्रजाति, सुर्खाब, पिंटेल-डक, रेड पोचार्ड, पेंटेल स्टार्क, ग्रे हेडेड गल, नीली जलमुर्गी, काले पंख वाले स्टिल्ट, बार हेडेड गूज आदि प्रजाति के पक्षी जलाशय में आते हैं।

### तुमड़िया में होगी बर्ड वॉचिंग

काशीपुर। तराई पश्चिम वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि तुमड़िया डैम को बर्ड वॉचिंग के लिए विकसित किया जाएगा। बताया कि बर्ड वॉचिंग शुरू कराकर स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ेंगे। अन्य पर्यटन गतिविधियां भी शुरू कराई जाएगी।

## कथक में अरुणिमा ने पाया पहला स्थान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** निधि स्मृति संगीत नृत्य प्रतियोगिता में गायन में तनिष्क, स्वर वाद्य में आहना (बांसुरी), तबला वादन में दीक्षित व कथक नृत्य में अरुणिमा ने प्रथम स्थान हासिल किया।

गुरूवार को स्वर संगम द्वारा बाल कलाकारों के लिये निधि स्मृति शास्त्रीय संगीत व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शास्त्रीय गायन में तनिष्क भट्ट प्रथम, नमन हरबोला द्वितीय व विहान जोशी तृतीय स्थान पर रहे। स्वर वाद्य में आहना सचदेव (बांसुरी) प्रथम, पूर्वी शर्मा(बांसुरी) द्वितीय और गायत्री रिखाड़ी (बांसुरी) तृतीय स्थान पर रहे। तबला वादन में दीक्षित भट्ट प्रथम, कथक नृत्य में अरुणिमा कश्मीरा प्रथम, भाविका फुलारा द्वितीय स्थान पर रहे। स्वस्तिका जोशी (वायलिन), देवांश (की बोर्ड) और अयांश, हिमांक, रक्षिता और यशस्वी को सराहना पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिये गये। प्रसिद्ध रंगकर्मी हेमंत जोशी द्वारा प्रतियोगिता के निर्णायकों शास्त्रीय गयिका कु. ज्योति दास व तबला वादक रण विजय सिंह का अभिनंदन किया गया। वहां पर आचार्य हरीश चंद्र पंत, डॉ. मुकेश चंद्र पंत, रेनु तिवारी, दिनेश चन्द्र आदि मौजूद रहे।

# नशीला पदार्थ खिलाने का आरोप, हंगामा

संवाददाता, शांतिपुरी



गुरुवार को पूर्व फौजी के घर पर अपना आक्रोश व्यक्त करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शांतिपुरी में मंगलवार को होली मिलन के दौरान एक पूर्व फौजी पर महिला होल्यारों ने धोखे से पकोड़ी में भांग मिलाकर खिलाने का आरोप लगाया। जिससे गांव की करीब दो दर्जन महिलाओं की तबियत बिगड़ गई। तीसरे दिन गुरुवार को दोपहर बाद जैसे ही महिलाओं की तबियत में सुधार हुआ तो अपने साथ किए गये घिनोने छल से आक्रोशित महिलाओं ने फौजी के घर पर धावा बोल कर जमकर हंगामा काटा।

काफी देर तक चले इस हंगामे के बाद आखिर महिलाओं के साथ चीटिंग करने वाले फौजी को माफी मांगनी पड़ी। महिलाओं का कहना है कि शांतिपुरी नंबर दो प्रेमनगर में रहने वाले पूर्व फौजी गोपाल सिंह दसोनी के घर होली की बधाई देने पहुंची तो उन्हें पकवान के रूप में पकौड़े खाने को परोसे। महिलाओं का आरोप है कि इन्ही पकौड़ों में पूर्व फौजी ने उन्हें धोखे से भांग मिलाकर खिला दी।

जिससे महिलाओं की तबियत बिगड़ने लगी। सबसे ज्यादा गांव की दीपा बिष्ट, पूनम तिवारी, खुशी तिवारी, सिया तिवारी, विमला तिवारी, पूजा जोशी, लता बिष्ट, बब्बू तिवारी, सोनू जोशी, बबली तिवारी व आशा जोशी की तबियत खराब हुई, जिन्हें गुरुवार दोपहर बाद भांग के नशे का असर शांत हुआ। जिसके बाद अपने साथ हुए छालावे से आक्रोशित महिलाओं ने देर साम को पूर्व फौजी के घर धावा बोलकर हंगामा काटा और उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई।

महिलाओं के आक्रोश से भयभीत फौजी ने तुरंत अपनी गलती को स्वीकार कर माफी मांग ली और मामला किसी तरह शांत हो पाया। आक्रोश व्यक्त करने वालों में दीपा बिष्ट, पूनम तिवारी, खुशी तिवारी, सिया तिवारी, पूर्व जिलापंचायत सदस्य आशा शर्मा विमला तिवारी, पूजा जोशी, लता बिष्ट, बब्बू तिवारी, सोनू जोशी, बबली तिवारी, आशा जोशी, कविता तिवारी, मुन्नी तिवारी, कविता पाठक, मेघा पाठक, बबली रावत, अनीता पाण्डे, बीना तिवारी आदि मौजूद रहे।

# दो पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाया हमले का आरोप

- महिला प्रधान व ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा के समर्थकों ने लिखवाया क्रॉस मुकदमा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** ग्राम दुर्गापुर की महिला प्रधान ने विदेश में बैठे दो लोगों पर जान से मारने की नियत से हमला करवाने का आरोप लगाया। उधर दूसरे पक्ष ने गांव के कुछ लोगों पर पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम दुर्गापुर की महिला ग्राम प्रधान अमनदीप कौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार की रात थाना कुंडा क्षेत्र में चल रहे 75 जोड़ मेला में कीर्तन दरबार में मेला संचालन समिति की चेतावनी के बाद भी विवादित पक्ष से हरनाम सिंह खालसा द्वारा माहौल खराब किया गया और आरोप है कि उनके कहने पर हरनाम खालसा पुत्र अर्जुन सिंह, सन्तोक सिंह पुत्र गुरमुख सिंह, सुखविंदर सिंह पुत्र सरजन सिंह, प्रतपाल सिंह पुत्र अतर सिंह, पुनीत सिंह पुत्र अजीत सिंह, सुरजीत सिंह पुत्र मोहन सिंह, जरोवर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह व बलजीत सिंह पुत्र सन्तोक सिंह द्वारा लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से ग्राम प्रधान के पिता महेन्द्र सिंह पुत्र अर्जुन सिंह, भाई गुरमीत सिंह पुत्र महेंद्र सिंह और जसवंत सिंह पुत्र बिज्जू सिंह पर हमला किया गया। आरोप लगाया कि हमला ग्राम प्रधान अमनदीप कौर को जान से मारने की नियत से किया गया। ग्राम प्रधान अमनदीप कौर ने आरोप लगाया कि हमले की रूपरेखा स. भूपेन्द्र सिंह पुत्र सेवा सिंह (यूएसए) के घर पर बैठकर की गई और इस जानलेवा हमले की साजिश में गुरमुख सिंह पुत्र स्वरूप सिंह व हरनाम सिंह पुत्र मक्खन सिंह (यूरोप) भी शामिल हैं।

उधर दुर्गापुर निवासी बचन सिंह पुत्र पूरन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार की रात के समय गुरुद्वारा संत भाई हिम्मत सिंह दरबार में कीर्तन दीवान चल रहा था। जिसमें ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा स्टेज पर बैठे थे। तभी गांव के परमजीत सिंह दिल्ला पुत्र जरनैल सिंह, इंदर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह, अशोक सिंह पुत्र भीमा सिंह, गुरमीत सिंह पुत्र अर्जुन सिंह ने साजिश रच ग्राम प्रधान अमनदीप कौर व गुरमेल सिंह पुत्र सन्तोक सिंह, सुखविंदर सिंह पुत्र चरन सिंह, अमरजीत सिंह पुत्र चरन सिंह, नवनीत सिंह पुत्र सन्तोक सिंह, महेंद्र सिंह पुत्र अर्जुन सिंह, करतार सिंह पुत्र चन्दु सिंह, अशोक सिंह पुत्र बसन्त सिंह के साथ मिलकर एक राय होकर स्टेज पर बैठे ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा पर जानलेवा हमला किया, जिस दौरान भाई सन्तोक सिंह को गंभीर चोटें आयी हैं तथा कीर्तन कर रहे रागी जत्थे पर भी जानलेवा हमला किया गया। आरोप लगाया कि जानलेवा हमला करने वाले लोगों के पास लाठी डंडे, तलवार व अवैध असलहा भी मौजूद था। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले से संबंधित दुर्गापुर निवासी एक व्यक्ति इंदर सिंह ने भी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार की देर रात उसे मोबाइल पर विदेशी नंबर से जान से मारने की धमकी मिली है। वहीं पीड़ित ने तहरीर में अपनी जान माल को होने वाले नुकसान का जिम्मेदार स. हरनाम सिंह खालसा को ठहराया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में थाना कुंडा प्रभारी विक्रम राठौर ने बताया कि तहरीर अनुसार मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

# भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के कार्यक्रमों को लेकर की चर्चा

संवाददाता, गदरपुर



गदरपुर में भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक अरविंद पांडे।

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के नैनीताल लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अजय भट्ट के कार्यक्रमों को लेकर विधानसभा संयोजक विधायक अरविंद पांडे ने गदरपुर और केलाखेड़ा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक ली बैठक में कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में गदरपुर मंडल में दो गदरपुर, सकेनिया और किला खेड़ा मंडल में तीन कार्यक्रम की किए जाएंगे। गुरुवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय में विधायक अरविंद पांडे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान कार्यक्रमों की व्यवस्था की दृष्टि से विभिन्न कार्यकर्ताओं पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई। बैठक को संबोधित कर क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने कहा नैनीताल लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट 5 लाख मतों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य हर बूथ पर काम से कम 75% मतदान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में करना है। इस दौरान विधायक अरविंद पांडे ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के31 मार्च को होने वाले तारीख के कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई।

बैठक में मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा, सुभाष गुंबर अशोक हुडिया, कमलेंद्र सेमवाल, खेमानंद जोशी, राकेश भुडडी, महेंद्र कालरा चकित हुडिया, राजेश गुम्बर, राजेंद्र कोचर सुरजीत सोनू अनिल जेटली रोहित सुदामा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बूथ स्तर पर मजबूती से डटें : यशपाल

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर में इंडिया गठबंधन की बैठक में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य को सम्मानित करते सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव।

**अमृत विचार :** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के बाजपुर में चुनाव कार्यालय खोलने सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य द्वारा अपने कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठित हो बूथ स्तर पर सक्रिय रूप से मजबूती के साथ डटने का आह्वान किया गया।

इस मौके पर आर्य ने कहा कि नैनीताल-ऊधम सिंह नगर सीट पर इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस द्वारा प्रकाश जोशी को प्रत्याशी बनाया गया है। ऐसे में गठबंधन के सभी दलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव लड़वाना चाहिए।

इस मौके पर उत्तराखंड किसान मोर्चा के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य, पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, जगजीत सिंह, डीके जोशी, हरीश कांडपाल, यशोदा जोशी, सतनाम सिंह, अब्दुल हसन, हनीफ सेठ, केसर राम आर्य, लाल सिंह, महकराज सिंह, हरमन, साजिद, मुर्तजा, सन्नी, गुरप्रताप सिंह काका, नितिन बिष्ट, मो.रफी, माया देवी, जीत सिंह, पंचम सिंह, रामदेव शर्मा, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

### प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प लिया

बैठक में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव की मौजूदगी में दोनों दलों के नेताओं के बीच वार्ता के पश्चात इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी को विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। अरविंद यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेशानुसार पार्टी उत्तराखंड में कांग्रेस के साथ पूर्ण रूप से चुनाव में सहभाग करेगी। इस मौके पर संजीव आर्य, हरेंद्र सिंह लाडी, अमित कुमार, अरविंद दिवाकर, उज्ज्वल सिंह, डीके जोशी, सोनू राणा, दीपक कुमार, विशाल यादव, नितिन दिवाकर, संजय कुमार, अजमल, अरुण यादव, रोबिन कंबोज, अतुल शर्मा, मुकेश कुमार, कुलदीप, राहुल यादव, मनोज कुमार, दबीर राजा आदि मौजूद रहे।

## आदि कैलाश यात्रा के लिए टनकपुर से हुए पंजीयन

**हल्द्वानी :** कुमाऊं मंडल विकास निगम ने आदि कैलाश यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। श्रद्धालुओं को यात्रा के रूट में सभी बुनियादी और चिकित्सकीय सुविधाएं मिल सकें इसका खास ख्याल रखा जा रहा है। कुमंविनि के अधिकारियों के अनुसार, आदि कैलाश की यात्रा 14 मई से शुरू होगी। यात्रा के रूट पर स्थित सभी विश्राम गृहों में श्रद्धालुओं को सुविधाएं देने के लिए तैयारी की जा रही है हालांकि यात्रा रूट में कई जगह-जगह रास्ते बंद हैं इसलिए तैयारियां पूरी नहीं हो सकी है। जहां-जहां रास्ते खुलते जा रहे हैं, वहां के पर्यटक विश्राम गृहों में जरूरी तैयारियां की जा रही हैं। इसके अलावा यात्रा रूट पर चिकित्सकीय टीमें भी तैनात की जाएंगी जो श्रद्धालुओं की सेहत का ख्याल रखेंगी।

आरटीआई में खुलासा

प्रदेश में 4760 मामलों में लोगों को फैसले का इंतजार, 1215 केस पांच साल से अधिक पुराने

# जिला आयोग के अध्यक्ष का पद लंबे समय से रिक्त, लोग परेशान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में काफी महीने से उपभोक्ता न्याय ठप है। इसका मुख्य कारण राज्य उपभोक्ता आयोग व 12 जिला आयोगों के अध्यक्ष के पद काफी समय से रिक्त होना है। प्रदेश में 4760 उपभोक्ता केस फैसले के इंतजार में हैं, जिसमें 1215 मामले पांच साल से अधिक पुराने हैं। यह खुलासा आरटीआई में हुआ है।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीमउद्दीन ने उत्तराखंड उपभोक्ता आयोग से लंबित उपभोक्ता केसों, कार्यरत जिला आयोगों व रिक्त पदों संबंधित विवरणों की सूचना मांगी थी। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उत्तराखंड की लोक सूचना अधिकारी वन्दना शर्मा ने सूचना उपलब्ध कराई। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में अध्यक्ष का पद चार जनवरी 2024 से, सदस्य (न्यायिक) व सदस्य (सामान्य) के पद एक जनवरी 2022 से रिक्त हैं, जबकि 13 जिलों में से 12 जिला आयोगों के अध्यक्षों के पद रिक्त हैं। इसमें देहरादून का मार्च 2022 से, हरिद्वार का दिसम्बर 2022 से, उत्तरकाशी, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, पिथौरागढ़ के अध्यक्षों के पद मई 2023, उधमसिंह नगर के उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष का पद दिसम्बर 2023 से रिक्त हैं।

इसके कारण राज्य आयोग व तीन जिला आयोगों का कार्य तो प्रभावित हुआ है। 10 जिला आयोगों में केसों के निपटारे का काम बिल्कुल ही बंद है।

### पांच साल से 717 केस लंबित

पांच साल से फैसले के इंतजार में 717 केसों में 364 जिला आयोग व 11 शिकायतें व 342 अपील राज्य आयोग में लम्बित हैं। तीन साल से लंबित 765 केसों में 648 जिला आयोगों और एक राज्य आयोग में उपभोक्ता शिकायतें व 116 अपील फैसले के इंतजार में हैं। दो वर्ष से लम्बित 1488 केसों में 1245 जिला आयोगों व 243 राज्य आयोग में अपील शामिल हैं। छह माह से एक वर्ष तक अवधि से लम्बित केसों में 682 केसों में 614 जिला आयोग और 68 राज्य आयोग में अपील केस शामिल है। छह माह से कम समय से लम्बित 474 केसों में 446 उपभोक्ता शिकायतें जिला आयोगों व दो राज्य आयोग और 26 अपीले राज्य आयोग में 31 दिसम्बर 2023 को लंबित हैं।

### तीन माह में मामलों का होना होता है निस्तारण

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अनुसार, उपभोक्ता शिकायतों व अपीलों को तीन माह (प्रयोग शाला वाली शिकायतों के मामलों में, पांच माह में केसों का फैसला करने का प्रावधान है, लेकिन राज्य में 10 वर्ष से अधिक पुराने भी 32 केस लम्बित है। इसमें जिला आयोगों में सात, राज्य आयोग में 20 अपील व पांच उपभोक्ता शिकायत सम्बन्धी केस शामिल हैं। राज्य में दस वर्ष से फैसले के इंतजार वाले 182 केसों में 41 जिला आयोगों, 20 राज्य आयोगों में उपभोक्ता शिकायतें 121 प्रथम अपील केस शामिल है। सात वर्ष से फैसले के इंतजार वाले 284 केसों में 103 जिला आयोगों, 29 राज्य आयोग में शिकायतें व 152 प्रथम अपील लम्बित हैं।

### तीन जिलों में हो रहा मामलों का निपटारा

सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने कहा कि तीन जिला आयोगों नैनीताल, अल्मोड़ा,बागेश्वर में केसों का निपटारा भी इसलिये हो पा रहा है कि प्रदेश में एकमात्र नैनीताल जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रमेश कुमार जयसवाल अल्मोड़ा व बागेश्वर जिला आयोग के अध्यक्षों का अतिरिक्त कार्य भार देख रहे हैं।

### राज्य व जिला उपभोक्ता आयोग में 4760 केस लंबित

नदीम उद्दीन को उपलब्ध विवरण के अनुसार वर्ष 2023 के अंत में राज्य व जिला उपभोक्ता आयोगों में 4760 उपभोक्ता केस लंबित हैं। इसमें जिला उपभोक्ता आयोगों में 3585 उपभोक्ता शिकायतों सम्बन्धी केस, राज्य उपभोक्ता आयोग में 72 उपभोक्ता शिकायतों, 1103 प्रथम अपील संबंधित केस शामिल हैं। वर्ष 2023 में जिला उपभोक्ता आयोगों में 970 केस, राज्य आयोग में 113 प्रथम अपील व तीन उपभोक्ता शिकायत सम्बन्धी केस फाइल हुये हैं। इस अवधि में राज्य आयोग ने 28 शिकायतों व 407 अपीलों और जिला आयोगों ने 470 उपभोक्ता शिकायतों का निपटारा किया है।

# कार शोरूम के कर्मचारी पर झोंक दिया फायर

- दो कारों में सवार बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम, 26 मार्च की शाम की है वारदात

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** 26 मार्च की शाम को उस वक्त कोतवाली इलाके में बड़ी वारदात होने से रह गई। जब दो कारों में सवार बदमाशों ने कार शोरूम के कर्मचारी को पहले टक्कर मारकर अपहरण करने का प्रयास किया। जब वह विफल हो गए तो बदमाशों ने कर्मचारी पर फायर झोंक दिया।

जिससे वह बाल-बाल बच गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की और पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में कैद भी हो गया। जानकारी के अनुसार खूटाखेड़ा थाना भोट बिलासपुर यूपी निवासी सतवीर सिंह ने बताया कि वह काशीपुर बाईपास मार्ग स्थित कार शोरूम का कर्मचारी है। बताया कि 26 मार्च की शाम पांच बजे वह ग्राहक को कार दिखाकर वापस लौट रहा था। अचानक ग्रे रंग की कार और सफेद रंग की स्कॉर्पियो में धारदार हथियार व अवैध तमंचों से लैस बदमाश बैठे हुए थे। आरोप था कि कार ने पहले उसे पीछे से टक्कर मारी और कार व स्कॉर्पियो से उतरकर बदमाशों ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया। चंगुल से भागने के दौरान बदमाशों ने पीछे से फायर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नारुन्तुदः स्यान्न नृशंसवादी न हीनतः परमभ्याददीत।
ययास्य वाचा पर उद्विजेत न तां वदेदुषतीं पापलोक्याम्॥

दूसरे के मर्म को चोट न पहुंचाए, चुभने वाली बातें न बोले, घटिया तरीके से दूसरे को वश में न करें, दूसरे को उद्विग्न करने एवं ताप पहुंचाने वाली, पापी जनों के आचरण वाली बोली न बोलें।


## संपादकीय

# वैश्विक चुनौती

दुनिया एक ओर बढ़ी हुई खाद्य मांग को पूरा करने की वैश्विक चुनौती का सामना कर रही है, वहीं 78 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिलता। भोजन बर्बादी एक वैश्विक त्रासदी है। खाद्य हानि और बर्बादी को खाद्य सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए एक गंभीर खतरे के रूप में पहचाना जाता है। पोषण संबंधी असुरक्षा के संदर्भ में खाद्य बर्बादी एक गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे मानव उपभोग के लिए भोजन की उपलब्धता कम हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की एक नई रिपोर्ट दर्शाती है कि एक तरफ, एक-तिहाई मानव आबादी, खाद्य असुरक्षा से जूझ रही है, वहीं हर दिन, एक अरब आहार खुराकों के समतुल्य खाद्य सामग्री बर्बाद हो जाती है। इस बजह से न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है बल्कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता हानि और प्रदूषण की चुनौतियां भी गहरी हो जाती हैं। यूएन एजेंसी की 'खाद्य अपशिष्ट सूचकांक' रिपोर्ट बताती है कि 2022 में लगभग एक अरब टन भोजन बर्बाद हो गया। करीब 20 फीसदी भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। औसतन, हर व्यक्ति एक वर्ष में 79 किलोग्राम भोजन की बर्बादी के लिए जिम्मेदार है। यह विश्व में भूख से प्रभावित हर व्यक्ति के लिए हर दिन 1.3 आहार खुराकों के समतुल्य है। भोजन बर्बादी की चुनौती महज संपन्न देशों तक सीमित नहीं है और इस विषय में धनी व निर्धन देशों के बीच की दूरी कम हो रही है।

भारत में घरेलू भोजन की बर्बादी सालाना प्रति व्यक्ति लगभग 50 किलोग्राम या 68.76 मिलियन टन होने का अनुमान है। कृषि मंत्रालय के मुताबिक भारत में हर वर्ष लगभग 50,000 करोड़ रुपये का भोजन बर्बाद हो जाता है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के अनुसार भारत में उत्पादित भोजन का एक तिहाई हिस्सा खाने से पहले ही बर्बाद या खराब हो जाता है। यह गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे पता चलता है कि लोग न केवल जानबूझकर भोजन बर्बाद करते हैं, बल्कि उन्हें इसके बारे में पता भी नहीं चलता है। यूएन एजेंसी की रिपोर्ट यह भी बताती है कि खाद्य बर्बादी के स्तर और औसत तापमान में सीधा संबंध है। गर्म जलवायु वाले देशों में घर-परिवारों में प्रति व्यक्ति ज्यादा मात्रा में भोजन बर्बाद होता है, चूंकि वहां ताजा भोजन खाने की प्रवृत्ति है और खाद्य संरक्षण के लिए शीतलन उपकरण का अभाव हो सकता है। भोजन हानि और बर्बादी, 10 प्रतिशत वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। भोजन की बर्बादी एक आर्थिक और पर्यावरणीय संकट है जिस पर हमें तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है और इस समस्या से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में काम करना चाहिए। अच्छा खाना हर नागरिक का जितना अधिकार है, उतना ही हमारी जिम्मेदारी भी है कि इसे बर्बाद न करें।

# वर्षा जल संचयन के साधनों को रखना होगा जीवंत



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

दुखद है कि बरसात की हर बूंद को सारे साल जमा करने वाली गांव-कस्बे की छोटी नदियां बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ के चलते या तो लुप्त हो गईं या गंदे पानी के निस्तार का नाला बना दी गईं। देश के चप्पे-चप्पे पर छितरे तालाब तो हमारा समाज पहले ही चट कर चुका है। कुएं तो बिसुरी बात हो गए।



नदियों की जीवन स्थली कहा जाने वाला उत्तराखंड हो या फिर दुनिया की सबसे ज्यादा बरसात के लिए मशहूर मेघालय छोटी नदियों के साल-दर-साल लुप्त होने का सिलसिला जारी है। प्रकृति तो हर साल कम या ज्यादा, पानी से धरती को सींचती ही है, लेकिन असल में हमने पानी को लेकर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डालकर पानी खींचना होता था या चापाकल चलाकर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में हमारी आत्मा नहीं कांपती है।

इस बार भी अनुमान है कि मानसून की कृपा देश पर बनी रहेगी, ऐसा बीते दो साल से हुआ, उसके बावजूद बरसात के विदा होते ही देश के बड़े हिस्से में बूंद-बूंद के लिए मारामारी शुरू हो जाती है। जानना जरूरी है कि नदी-तालाब-बावड़ी-जोहड़ आदि जल स्रोत नहीं हैं, ये केवल जल को सहेज रखने के खजाने हैं, जल स्रोत तो बारिश ही है और जलवायु परिर्तन के कारण साल दर साल बारिश का अनियमित होना, बेसमय होना और अचानक तेज गति से होना घटित होगा ही। आंकड़ों के आधार पर हम पानी के मामले में पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा समृद्ध हैं, लेकिन चिंता का विषय यह है कि पूरे पानी का कोई 85 प्रतिशत बारिश के तीन महीनों में समुद्र की ओर बह जाता है और नदियां सूखी रह जाती हैं।

यह सवाल हमारे देश में लगभग हर तीसरे साल खड़ा हो जाता है कि 'औसत से कम' पानी बरसा या बरसेगा, अब क्या होगा? देश के 13 राज्यों के 135 जिलों की कोई दो करोड़ हेक्टर कृषि भूमि प्रत्येक दस साल में चार बार पानी के लिए त्राहि-त्राहि करती है। असल में इस बात को लोग नजरअंदाज कर रहे हैं कि यदि सामान्य से कुछ कम बारिश भी हो और प्रबंधन ठीक हो तो समाज पर इसके असर को गौण किया जा सकता है।

जरा देश की जल-कुंडली भी बांच ली जाए। भारत में दुनिया की कुल जमीन या धरातल का 2.45 क्षेत्रफल है। दुनिया के कुल संसाधनों में से चार फीसदी हमारे पास हैं व जनसंख्या की भागीदारी 16 प्रतिशत है। हमें हर साल औसतन 110 सेंटीमीटर बारिश से कुल 4000 घन मीटर पानी प्राप्त होता है, जो कि दुनिया के अधिकांश देशों से बहुत ज्यादा है। यह बात दीगर है कि हमारे यहां बरसने वाले कुल पानी का महज 15 प्रतिशत ही संचित हो पाता है। शेष पानी नालियों-नदियों से होते हुए समुद्र में जाकर मिल जाता है और बेकार हो जाता है। जाहिर है कि बारिश का जितना हल्ला होता है, उतना उसका असर पड़ना चाहिए। हां, एक बात सही है कि कम बारिश में भी उग आने वाले मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, कुटकी आदि की खेती व इस्तेमाल सालों-साल कम हुआ है, वहीं ज्यादा पानी मांगने वाले सोयाबीन व अन्य केश क्राप ने खेतों में अपना स्थान बढ़ाया है। इसके चलते बारिश पर निर्भर खेती बढ़ी है। तभी थोड़ा भी कम पानी बरसने पर किसान रोता दिखता है। यह आंकड़ा वैसे बड़ा लुभावना लगता है कि देश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 32.80 लाख वर्ग किलोमीटर है, जबकि सभी नदियों को सम्मिलित जलग्रहण क्षेत्र 30.50 लाख वर्ग किलोमीटर है। भारतीय नदियों के मार्ग से हर साल 1645 घन किलोलीटर पानी बहता है, जो सारी दुनिया की कुल नदियों का 4.445 प्रतिशत है।


देश के उत्तरी हिस्से में नदियों में पानी का अस्सी फीसदी जून से सितंबर के बीच रहता है, दक्षिणी राज्यों में यह आंकड़ा 90 प्रतिशत का है। जाहिर है कि शेष आठ महीनों में पानी की जुगाड़ न तो बारिश से होती है और न ही नदियों से। दुखद है कि बरसात की हर बूंद को पूरे साल जमा करने वाली गांव-कस्बे की छोटी नदियां बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ के चलते या तो लुप्त हो गईं या गंदे पानी के निस्तार का नाला बना दी गईं। देश के चप्पे-चप्पे पर छितरे तालाब तो हमारा समाज पहले ही चट कर चुका है। कुएं तो बिसुरी बात हो गए। बाढ़-सुखाड़ के लिए बदनाम बिहार जैसे सूबे की 90 प्रतिशत नदियों में पानी नहीं बचा। गत तीन दशक के दौरान राज्य की 250 नदियों के लुप्त हो जाने की बात सरकारी महकमे स्वीकार करते हैं। सनद रहे बिहार में पानी के लिए हत्या का आंकड़ा देश में सर्वाधिक है। अभी कुछ दशक पहले तक राज्य की बड़ी नदियां-कमला, बलान, फल्गू, घाघरा आदि कई-कई धाराओं में बहती थीं, जो आज नदारद हैं। झारखंड के हालात कुछ अलग नहीं हैं, यहां भी 141 नदियों के गुम हो जाने की बात फाइलों में तो दर्ज हैं, लेकिन उनकी चिंता किसी को नहीं। राज्य की राजधानी रांची में करमा नदी देखते ही देखते अतिक्रमण के घेर में मर गई। हरमू और जुमार नदियों को नाला तो बना ही दिया है। यहां चतरा, देवघर, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूमि जैसे घने जंगल वाले जिलों में कुछ ही सालों में सात से 12 तक नदियों की जल धारा मर गई।

नदियों की जीवन स्थली कहा जाने वाला उत्तराखंड हो या फिर दुनिया की सबसे ज्यादा बरसात के लिए मशहूर मेघालय छोटी नदियों के साल-दर-साल लुप्त होने का सिलसिला जारी है। प्रकृति तो हर साल कम या ज्यादा, पानी से धरती को सींचती ही है, लेकिन असल में हमने पानी को लेकर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डालकर पानी खींचना होता था या चापाकल चलाकर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में हमारी आत्मा नहीं कांपती है। हमारी परंपरा पानी की हर बूंद को स्थानीय स्तर पर सहेजने, नदियों के प्राकृतिक मार्ग में बांध, रेत निकालने, मलवा डालने, कूड़ा मिलाने जैसी गतिविधियों से बचकर, पारंपरिक जल स्रोतों-तालाब, कुएं, बावड़ी आदि के हालात सुधारकर, एक महीने की बारिश के साथ सालभर के पानी की कमी से जूझने की रही है।

अब कस्बाई लोग बीस रुपए में एक लीटर पानी खरीदकर पीने में संकोच नहीं करते हैं तो समाज का बड़ा वर्ग पानी के अभाव में कई बार शौच व स्नान से भी वंचित रह जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि प्रकृति जीवनदायी संपदा यानी पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है और इस चक्र को गतिमान रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस चक्र के थमने का अर्थ है हमारी जिंदगी का थम जाना। प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं उसे वापस भी हमें ही लौटाना होता है। इसके लिए जरूरी है कि विरासत में हमें जल को सहेजने के जो साधन मिले हैं, उनको मूल रूप में जीवंत रखें। केवल बरसात ही जल संकट का निदान है।

## प्रसंगवश

# अपनी-अपनी पोथी की व्याख्या



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारत के लगभग सभी विश्वविद्यालयों के इस्लामिक स्टडीज तथा अरबी के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। सेमिनार था-अकीदत के रंग हिंद तहजीब के संग। मकसद था-इस्लाम पर देशज प्रभाव को रेखांकित करना, लेकिन मकसद तो भटक गया। बात शुरू हुई थी इंडियन इस्लाम से, लेकिन उद्घाटन करने वाले वीसी ने ही चर्चा को इंडियन इस्लाम से मोड़कर इस्लामिक इंडिया बना दिया। अब वहां कुरान के शब्दों को बार-बार दोहराते हुए कहा जा रहा था-यह ईश्वरीय आदेश है। देशज प्रभाव की चर्चा किसको करनी थी? जो भी वक्ता आता, वह प्रकारांतर से इसी सूत्र का विस्तार कर देता। वही एक बात, फिर वही एक बात। एक ही बात को सुनते-सुनते जब थक गया तब मैंने अपने साथ ही बैठने वाले प्रतिभागी प्रोफेसर से (जो कश्मीर से थे) पूछा-ईश्वर केवल अरबी में ही क्यों बोला? या फिर सभी को वह एक ही भाषा सिखा देता। क्यों उसने भिन्न-भिन्न भाषाएं बना दीं? माना कि कुरान ईश्वर वाणी है, किंतु आप यह बताएं कि वेद ईश्वर-वाणी क्यों नहीं है? गीता ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? बाइबिल ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? समणसुत्तं ईश्वर-वाणी क्यों नहीं है? अवेस्ता ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? गुरु ग्रंथ साहब या त्रिपिटक ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? वे इसका उत्तर मुझसे ही पूछने लगे। चर्चा लंबी थी। 'संसार में प्रत्येक सांस्कृतिक समूह के पास सामूहिक जीवन का नियमन करने के लिए अपना एक ईश्वरी संविधान है, ईश्वरीय वाणी है। बाइबिल हो या कुरान या अवेस्ता या वेद या गुरु ग्रंथ साहब, त्रिपिटक, समणसुत्तं अथवा कोई अन्यः वहां के लोकमानस ने विभिन्न सांस्कृतिक समूहों ने इन्हें समष्टि विश्वास के साथ ईश्वरवाणी की प्रतिष्ठा दी है, इसलिए ये ईश्वरवाणी हैं। ईश्वरवाणी की प्रतिष्ठा लोकमानस करता है।

संसार में अपनी-अपनी पोथी या ईश्वरवाणी सभी सांस्कृतिक समूहों के पास है, लेकिन अपनी-अपनी पोथी या ईश्वरवाणी की व्याख्या प्रत्येक युग में होती रही। धर्म संस्थान की आलोचना प्रत्यालोचना निरंतर होती रहती है। ऐसा न होता तो मानव जीवन उस अंधकार युग में ही जी रहा आता। वे प्रोफेसर साहब सहमत तो हुए, किंतु बोले कि- 'मैं अपनी परिस्थिति में यह कह नहीं सकूंगा।'

# ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए



डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

इस दिशा में पिछले माह ही भारत ऊर्जा सप्ताह गोवा में आयोजित किया गया जिसमें यह भारत की सर्वोच्च और एकमात्र विशिष्ट ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन रहा।

समाज और अर्थव्यवस्था की स्थिरता और सामर्थ्य के लिए ऊर्जा संसाधनों की महत्वपूर्ण आवश्यकता को हम सभी समझ रहे हैं, क्योंकि यह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए हमारी जिम्मेदारी की तरह हो गया है। प्रकृति पर सौर और जल विद्युत ऊर्जा दोनों ही आविष्कारी और सामर्थ्य पूर्ण ऊर्जा स्रोत हैं, जो स्थायी, प्रदूषण मुक्त और संवेदनशील ऊर्जा के लिए संभावनाएं प्रदान करते हैं।

सौर ऊर्जा और जल विद्युत के उपयोग से भारत स्वतंत्र और सामर्थ्य पूर्ण ऊर्जा स्रोतों की दिशा में अग्रसर हो रहा है, जो लंबे समय तक सतत ऊर्जा आपूर्ति की गारंटी प्रदान करता है। इसके अलावा यह प्रदूषण को कम करने में भी मदद करता है जिससे वातावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस प्रकार सौर ऊर्जा और जल विद्युत न केवल ऊर्जा संक्रांति के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ये विकास के लिए भी एक महत्वपूर्ण चरण हैं, जो भारत को ऊर्जा स्वतंत्रता और संरचनात्मक सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

ऊर्जा आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता हासिल करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है। सौर ऊर्जा, सूर्य से प्राप्त होने वाली ऊर्जा, हमारे प्राकृतिक संसाधनों में से एक है। इसकी प्राप्ति समय के साथ निरंतर रहती है और इसका उपयोग बिना किसी प्राकृतिक संसाधन की अनियंत्रित उपज किए हमेशा चला जा सकता है। इससे हम ग्लोबल वार्मिंग और अन्य पर्यावरणीय संकटों का सामना कर सकते हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग हमें विद्यमान ऊर्जा स्रोतों के उचित उपयोग के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। यह हमें ऊर्जा की स्थिरता में सुधार करने का अवसर प्रदान करता है और भविष्य के लिए बेहतर संभावनाएं सिद्ध करता है। इस प्रकार सौर ऊर्जा और जल विद्युत दोनों ही हमारे समाज और पर्यावरण के लिए आवश्यक हैं, जो हमें एक सुरक्षित, स्थिर और सामर्थ्यवान भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। इसलिए हमें इन ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए और उन्हें विकसित करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

इस दिशा में पिछले माह ही भारत ऊर्जा सप्ताह गोवा में आयोजित किया गया जिसमें यह भारत की सर्वोच्च और एकमात्र विशिष्ट ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन रहा। यह मंच भारत के ऊर्जा पारगमन लक्ष्यों के लिए संपूर्ण ऊर्जा मूल्य श्रृंखला को एक मंच प्रदान करेगा और उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। प्राकृतिक सौर ऊर्जा स्रोतों की स्वाभाविक उपस्थिति और अवैज्ञानिक उपयोग के संबंध में भारतीय सभ्यता एक प्रमुख योगदान कर रही है। इसे ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक लागू किया जा सकता है। इसमें सौर ऊर्जा पैनल, सौर ऊर्जा उत्पादन प्लांट्स, और सौर ऊर्जा को बैटरी स्टोरेज में भी संभावनाएं शामिल हैं। जल विद्युत भी एक महत्वपूर्ण साधन है, जो ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित और स्थायी बनाता है। हाइड्रोपावर प्लांट्स और मिनी हाइड्रोपावर स्थल जल विद्युत के प्रमुख उदाहरण हैं। ये स्थल सीमित जल स्रोतों का उपयोग करते हैं और साथ ही प्रदूषण को भी कम करते हैं। भारत में सौर ऊर्जा और जल विद्युत के विकास के लिए कई उदाहरण हैं, जैसे कि कायाकल्प विद्युत योजना, जो विशेष रूप से महानगरों एवं कुछ बड़े शहरों के लिए सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है।

पिछले दिनों भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो तथा भारत सरकार के ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय के ऊर्जा विभाग और भूटान की शाही सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन के हिस्से के रूप में भारत का लक्ष्य ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विकसित स्टार लेबलिंग कार्यक्रम को बढ़ावा देकर घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने में भूटान की सहायता करना है। भूटान की जलवायु स्थिति के अनुरूप बिल्डिंग कोड तैयार करने में भारत के अनुभव के आधार पर मदद की जाएगी।

ऊर्जा लेखा परीक्षकों के प्रशिक्षण को संस्थागत बनाकर भूटान में ऊर्जा पेशेवरों के एक समूह के निर्माण की परिकल्पना की गई है। यह समझौता ज्ञापन विद्युत मंत्रालय द्वारा विदेश मंत्रालय (एमईए) और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के परामर्श से तैयार किया गया है। यह समझौता ज्ञापन भारत और भूटान के बीच ऊर्जा दक्षता एवं ऊर्जा संरक्षण से संबंधित सूचना, डेटा और तकनीकी विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को सक्षम करेगा। इससे भूटान को बाजार में ऊर्जा कुशल उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## सोशल फोरम

# अकर्मण्यता को प्रोत्साहन



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हमारे से पहले जेनरेशन के प्रोफेसर, जो हमारे शिक्षक या शिक्षक तुल्य रहे, क्यों जर्नल्स में लिखने और प्रकाशित करने में शिथिल या रुचि कृपण रहे। कुछ एक ने किताबें जरूर लिखीं, पर वे किताबें किसी कक्षा के सिलेबस की सेवा में थीं, न कि विषय की सेवा में। हमारे एक विद्वान शिक्षक ने लिखा है कि उन दिनों (1930) तक जर्नल्स समसामयिक रिसर्च और नए ज्ञान के वाहक हो चुके थे और इस मामले में किताबें पीछे छूट चुकी थीं, किंतु उन महोदय के काम को देखें तो स्पष्ट है कि उन्होंने जर्नल्स में लिखने में कोई रुचि नहीं दिखलाई। क्या वह विभागाध्यक्ष होकर इतने संतृप्त हो गए थे कि कुछ नया करने, लिखने, को नहीं था?

ध्यातव्य है कि नहीं लिखने वाले अपने विद्यार्थियों को भी लिखने को नहीं कहते। इसका असर कई जेनरेशन तक रह सकता है और अकर्मण्यता को प्रोत्साहित कर सकता है। मुझे ऐसा लगता है कि सदियों की बाबू-साहबी की मातहती और गुलामी ने भारतीय मनोवृत्ति, खासकर कलेक्टिव अनकॉन्सस पर गहरा प्रभाव डाला है। हम जब तक अंडरडॉग रहते हैं, रोते हैं, शिकायत करते हैं, निंदा करते हैं, एकोमोडेट करते हैं, सिमट-सिकुड़ कर जीते हैं, लेकिन हम ज्यों ही बेहतर स्थिति में आते हैं तो वही करने लगते हैं जिसके विरुद्ध हमें शिकायत थी। हम जागीरदार की तरह व्यवहार करने लगते हैं। हमारा व्यवहार उन सामंती आर्किटाइप का हो जाता है। इसीलिए सरकारी नौकरी पाने वालों, एडमिनिस्ट्रेटिव पोस्ट पर नियुक्त लोगों, सत्ता से जुड़े लोगों, विभागाध्यक्षों, कुलपतियों आदि का व्यवहार प्रायः बाबू-साहबी हो जाता है। रिसर्च और पढ़ना-लिखना तो उनके काम हैं, जिन्हें मंजिल पानी है। जिन्हें मंजिल मिल गई वे ये छोटे काम क्यों करें?

अगर हम यूरोप और भारत की तुलना करें तो हम पाएंगे कि यूरोप नवप्रवर्तन, अन्वेषण, वैज्ञानिक अनुसंधान, जोखिम उठाना और उद्यम का लाभार्थी रहा है, लेकिन भारत ने सदियों से देखा है कि उसके सामंत, नौकरशाह, शासक मजे में रहे हैं और बाकी जनता पैरों में लौटती रही है। अतः एक भारतीय जब बेहतर स्थिति में आता है तो अपनी पूर्व पहचान को छिपाना चाहता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

**-फेसबुक वॉल से**

# नैतिक- अनैतिक सत्य भी बदलता है



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

यह सामान्यजनों के लिए देवर-भाभी के बीच आदर्श मिसाल है, लेकिन इसी रामायण में जिक्र है कि सुग्रीव ने अपने भाई बाली के मरने पर बाली की पत्नी यानी अपनी भाभी से विवाह रचा लिया था। रामायण के रचयिता वाल्मीकि भी इस बात का समर्थन करते हैं, लेकिन जब बाली ने सुग्रीव की पत्नी से ब्याह किया था तो बाली खलनायक हो गया था।

नैतिकता और चरित्र बस परिस्थिति जन्य होते हैं। काल, भूगोल और परिस्थितियों के अनुसार इनके मायने बदलते रहते हैं। रामायण में एक घटना है कि जब लक्ष्मण को माता सीता की पहचान के लिए उनके कर्ण फूल दिखाए जाते हैं तो वे उन्हें पहचानने से इंकार कर देते हैं कि उन्होंने तो मां सीता का चेहरा कभी देखा ही नहीं, उन्होंने तो सिर्फ उनके चरणों को देखा है, वे उनकी बिछीया पहचान सकते हैं।

यह सामान्यजनों के लिए देवर-भाभी के बीच आदर्श मिसाल है, लेकिन इसी रामायण में जिक्र है कि सुग्रीव ने अपने भाई बाली के मरने पर बाली की पत्नी यानी अपनी भाभी से विवाह रचा लिया था। रामायण के रचयिता वाल्मीकि भी इस बात का समर्थन करते हैं, लेकिन जब बाली ने सुग्रीव की पत्नी से ब्याह किया था तो बाली खलनायक हो गया था। रावण के मरने के बाद उसके भाई विभीषण ने भगवान श्रीराम की उपस्थिती में मंदोदरी से शादी की थी जो उसकी भाभी थी। आज भी समाज में कई उदाहरण देखने को मिल जाते हैं, जब बड़े भाई की मृत्यु होने पर विधवा भाभी की शादी देवर से करवा दी जाती है।

बड़ी बहन के मरने पर छोटी बहन की शादी उसके जीजा से करवा दी जाती है। समाज ने नारी की मर्जी कब पूछी है? समाज हमेशा बस अपनी मर्जी थोपना जानता है। मुस्लिमों में पुरुष का बहु विवाह जायज है, लेकिन समाज में कई हिंदू पुरुष मिल जाएंगे जिनकी दो-दो पत्नियां हैं। संविधान इसे मान्यता नहीं देता पर समाज इसका विरोध भी नहीं करता। मुस्लिमों में चचेरी, फूफेरी और ममेरी बहन के साथ शादी आम बात है। ऐसा ही दक्षिण भारत के हिंदुओं में भी देखा जाता है, उनको समाज में यह मंजूर है। यह तो छोड़ो मामा और भांजी तक की शादी का रिवाज है। राजस्थान के पाली, बीकानेर और जैसलमेर के कुछ इलाकों में ऐसा नियम है कि किसी शख्स को किसी की पत्नी पसंद आ गई तो वह उसको मिले दहेज से ज्यादा मोल चुका कर उसे अपने साथ रख सकता है, उससे ब्याह कर सकता है, उनके समाज में इस बात का बुरा नही माना जाता है।

पाली जिले के ही एक समाज में लड़कियों के पैदा होने पर खुशियां मनाई जाती हैं, वह भी इसलिए की बड़ी होने पर जिस्मफरोशी कर वह घर चलाएगी और उसके लिए ग्राहक उसका पिता या भाई ही लाता है। यह सामाजिक नियम मुझे जरूर असहज कर देते हैं। भारत में कुछ दिन पहले तक लिव इन रिलेशनशिप और विवाहेत्तर संबंध असंवैधानिक था, होमो और लेस्बियन सेक्सुएलिटी गैर-कानूनी था, मगर अब यही संवैधानिक है। आपको यह मंजूर हो या न हो खुलेआम आप इसका विरोध नहीं कर सकते है। कानून की अवमानना का मामला बन सकता है। यह सामाजिक दोगलेपन की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या है कि एक साली आधी घर वाली हो सकती है, लेकिन एक देवर आधा घर वाला नहीं हो सकता है? एक भाभी मां समान हो सकती है, लेकिन एक जीजा पिता समान नहीं हो सकता है और नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाला समाज भी इस बात पर मजे लेता है।

पुरुष ही निर्णय लेता है और नियम बनाता है। दूसरी तरफ परिवार हो या समाज सबकी इज्जत का ठेका सिर्फ महिलाओं ने ले रखा है। सबकी इज्जत बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं के सिर पर बंधी है और मजे की बात है कि महिलाओं को इसमे खुशी भी मिलती है, गर्व भी महसूस होता है।

# अयोध्या : आज के नल-नील



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमें इन सबकी लाज तो रखनी ही चाहिए। पहले इस हवाई अड्डे का नामकरण भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर था, किंतु बाद में चुनावी जातीय समीकरण साधने के लिए इसे बदलकर वाल्मीकि के नाम पर कर दिया गया।

निर्माण और शिल्प कर्म की बात जहां आएगी, वहां सनातनी विचारधारा वाला व्यक्ति रामकालीन नल -नील नामक वानर बंधुओं का नाम बड़े आदर से जरूर स्मरण करेगा, जिन्होंने तत्समय समुद्र पर पुल बांध दिया था। यह पुल यानी रामसेतु एक सच्चाई है जिसके अवशेष अभी भी विद्यमान हैं। कवियों ने मग्न होकर गाया, 'सिंधु सा विस्तृत और अथाह, एक निर्वासित का उत्साह। दे रही अभी दिखाई भग्न मग्न रत्नाकर की वह राह'। इतना ही नहीं, अब तो अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' मान चुकी है कि यहां कोई मानव निर्मित पुल था।

आध्यात्मिकता के गहरे रंग देते हुए हम यह भले मान लें कि नल-नील को ऋषि का श्राप की शक्ल में वरदान था कि 'तुम्हारे स्पर्श की वस्तु पानी में डूबेगी नहीं और वहीं स्थिर भी रहेंगी', किंतु वास्तविक धरातल पर वे निश्चय ही बहुत कुशल शिल्पकार यानी इंजीनियर रहे होंगे। लाखों वर्ष पूर्व के इस निर्माण के चिह्न अब तक विद्यमान हैं। कितनी मजबूती थी, कितना कौशल था। हम अगर अपने अतीत पर गर्व करते हैं तो क्या गलत है? हालांकि आज के हमारे नल-नील ऐसा काम कर रहे हैं जिससे सिर लज्जा से झुक जाता है। राम की ही नगरी अयोध्या में हवाई अड्डा बन रहा है। निर्माण भी केंद्र सरकार के नियंत्रण वाली 'एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया' कर रही है। अभी तीन महीना नहीं हुए, दिसंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। खबर आई कि इसके एक भवन की फाल सीलिंग यानी छत के नीचे का हिस्सा गिर गया। संयोग से उस समय वहां नीचे लोग नहीं थे, अतःमौतें नहीं हुईं। प्राधिकरण के निदेशक ने बड़ी बेशर्मी से बयान दे दिया कि इसे फौरन ठीक कर दिया गया है। अब सवाल उठता है कि हम भक्त तो बहुत बड़े हैं। दर्शनार्थी मुफ्त भी ढोए जा रहे हैं, संख्या का प्रचार मीडिया में हो रहा है, लेकिन राष्ट्रीय और सरकारी चरित्र कहां जा रहा है? कैसी सामग्री लगाई गई? कितना भ्रष्टाचार हो रहा है। आदर्श केवल कागजों पर ही हैं क्या? सरकार के तमाम विभागों के प्रतीकों यानी 'लोगो' में गीता के श्लोकांश लिखे हैं, जैसे वायुसेना के लोगो में अंकित है ' नभः स्पृशं दीप्तं' जो गीता के ग्यारहवें अध्याय में भगवान के विराट रूप वर्णन का अंश है।

हमें इन सबकी लाज तो रखनी ही चाहिए। पहले इस हवाई अड्डे का नामकरण भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर था, किंतु बाद में चुनावी जातीय समीकरण साधने के लिए इसे बदलकर वाल्मीकि के नाम पर कर दिया गया। निर्माणकर्ता आधुनिक नल-नीलों ने सोचा होगा कि जब राम का नाम ही इससे हट गया तो अब उनके आदर्श क्यों माने? कमा खा लें।


# राम लहर में कमल खिला

## मोदी असर से झांसी बना भाजपा का किला

मनोज त्रिपाठी, कानपुर।

- पिछले दस लोकसभा चुनावों में छह बार भाजपा, तीन मर्तबा कांग्रेस और सपा ने एक बार यहां से जीत हासिल की
- भाजपा ने सांसद अनुराग शर्मा को दोबारा मैदान में उतारा, कांग्रेस ने 2009 में जीते प्रदीप जैन आदित्य को टिकट थमाया
- लोकसभा क्षेत्र में लगभग एक चौथाई दलित मतदाताओं को देखते हुए बसपा किसी मजबूत दलित चेहरे की तलाश में

**अमृत विचार।** झांसी लोकसभा क्षेत्र बुंलखंड की सबसे महत्वपूर्ण सीट है। 1857 की क्रांति से जुड़े रहे इस शहर की पहचान वीरांगना लक्ष्मीबाई के कारण अगर देश- दुनिया में है, तो झांसी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की कर्मस्थली और राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जन्मस्थली भी है। झांसी लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। वैद्यनाथ समूह के अनुराग शर्मा वर्तमान में यहां से सांसद हैं। भाजपा प्रत्याशी के रूप में उन्होंने 2019 के चुनाव में सपा के श्याम सुंदर सिंह को मात दी थी। इस बार विपक्षी इंडिया गठबंधन में यह लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में गई है। झांसी लोकसभा क्षेत्र में पांच विधान सभा सीटें बबीना, ललितपुर, झांसी नगर, महरौनी और मऊरानीपुर शामिल हैं, जिनमें मऊरानीपुर और महरौनी सुरक्षित सीटें हैं। इन पांच विससीटों में से चार पर भाजपा, जबकि एक पर सहयोगी पार्टी अपना दल (एस) का कब्जा है।




### झांसी जिला बन रहा बुंदेलखंड के समग्र विकास का इंजन

- आज बुंदेलखंड में विकास की बयार बहाने की कोशिशों के बीच झांसी की तस्वीर भी तेजी से बदल रही है। यहां डिफेंस कॉरिडोर विकसित हो रहा है। शहर में स्मार्ट सिटी के काम चल रहे हैं । रेल कोच नवीनीकरण कारखाने में कोच बनने लगे हैं। ग्लोबल इन्वेंस्टर समिट में आए प्रस्तावों के तहत 100 से अधिक उद्यमी अपना निवेश धरातल पर उतारने का काम शुरू कर चुके हैं। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) पूरे बुंदेलखंड में विकास की नई इबारत लिखने जा रहा है। बीडा की बदौलत झांसी की तस्वीर नोएडा और ग्रेटर नोएडा जैसी हो जाएगी ।
- **दलित मतदाता सबसे ज्यादा** झांसी सीट पर 9,60,595 पुरुष और 10,80,079 महिला मतदाता हैं। दलित मतदाता लगभग 24 प्रतिशत हैं। मुस्लिम नौ फीसदी तो यादव और ब्राह्मण मतदाता भी 20 फीसदी से अधिक होने के कारण निर्णायक भूमिका में हैं। सिख दो फीसदी से कुछ ज्यादा और जैन धर्म के मतदाता तीन फीसदी तक हैं।

### सपा प्रत्याशी थाम चुके भाजपा का दामन

- झांसी लोकसभा सीट से भाजपा ने निवर्तमान सांसद अनुराग शर्मा को दूसरी बार टिकट दिया है। कांग्रेस ने 2009 में चुनाव जीते प्रदीप जैन आदित्य पर दांव लगाया है। उधर बसपा अपनी सोशल इंजीनियरिंग के तहत किसी मजबूत दलित चेहरे की तलाश में है, जबकि सपा से पिछली बार चुनाव लड़े श्याम सुंदर सिंह हाल ही में भाजपा का दामन थाम चुके हैं। इन हालात में इस सीट पर भाजपा को हराना आसान नहीं नजर आ रहा है।
- 2019 के चुनाव में झांसी लोकसभा सीट पर भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और फायर ब्रांड नेता उमा भारती की जगह अनुराग शर्मा को मैदान में उतारा था। बसपा के साथ गठबंधन में सपा ने श्याम सुंदर सिंह को टिकट दिया था। भाजपा के अनुराग शर्मा को 8,09,272 और सपा के श्याम सुंदर सिंह यादव को 4,43,589 वोट मिले थे। कांग्रेस के शिवशरण कुशवाहा ने 86,139 वोट पाए थे।

### जीत की हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा ने बुना ताना-बाना

- भाजपा लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचो विधान सभा सीटों पर आगे रही थी। 2014 में यहां भाजपा की उमा भारती ने सपा के डॉ. चंद्रपाल यादव को एक लाख 90 हजार 467 वोटों से मात देकर जीत हासिल की थी। उमा भारती को 5,75,889 वोट, डॉ. चंद्रपाल यादव को 3,85,422 तथा बसपा की अनुराधा शर्मा को 2,13,792 और कांग्रेस के प्रदीप जैन को 84,089 वोट मिले थे। इस सीट पर 1952 से 1971 तक लगातार कांग्रेस चुनाव जीतती रही लेकिन 1977 में जनता पार्टी की लहर में भारतीय लोकदल यहां कब्जा जमाने में कामयाब रही।
- हालांकि अगले ही चुनाव में फिर से कांग्रेस की वापसी हो गई और 1980 तथा 1984 में इस सीट पर कांग्रेस जीती। भाजपा ने 1989 में पहली बार यहां अपना खाता खोला। इसके बाद 1998 तक हुए लोकसभा के चार चुनावों में लगातार जीत दर्ज की। लेकिन, 1999 में कांग्रेस के हाथों उसे हार का मुंह देखना पड़ा। 2004 के चुनाव में सपा ने इस सीट पर पहली बार अपनी विजय पताका फहराई। 2009 में एक बार फिर कांग्रेस ने जीत हासिल की। इसके बाद 2014 और 2019 में कब्जा जमाने के बाद इस बार भाजपा जीत की हैट्रिक लगाना चाह रही है।

### मिले दो महारथी




मध्य प्रदेश के ईसागढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले यादव समाज के सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की।

# ताला नगरी में संघर्ष की त्रिकोणीय चाबी

**अलीगढ़ संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क, कानपुर

### दूसरे दल से आए गुफरान पर बसपा का दांव

- एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष रहे गुफरान नूर ने पाला बदल कर बसपा का दामन थामा तो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उन्हें इसका इनाम भी दिया। बसपा ने गुफरान नूर को अलीगढ़ से उम्मीदवार बना दिया। गुफरान को उम्मीद है कि बसपा के परंपरागत मत और मुस्लिम मतों के सहारे वे इस बार मैदान मार लेंगे। 2009 की तरह ही यह सीट बसपा की झोली में वे डाल देंगे। तब बसपा की राज कुमारी चौहान ने यहां से जीत दर्ज की थी। 2014 में बसपा के अरविंद कुमार सिंह और 2019 में बसपा के ही अजित बालियान यहां दूसरे नंबर पर थे। हालांकि दोनों ही चुनाव भाजपा बड़े अंतर से जीती थी।

**अमृत विचार।** ताले के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध अलीगढ़ लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं। अब यह क्षेत्र भाजपा का मजबूत गढ़ बन गया है। पार्टी ने से अपने दो बार के सांसद सतीश गौतम को फिर से मौका दिया है। सतीश जीत की हैट्रिक लगाने के लिए रात- दिन एक किए हैं तो उनकी जीत को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी ने इगलास सीट से चार बार विधायक और एक बार अलीगढ़ के सांसद चौधरी बिजेंद्र सिंह को मैदान में उतार दिया है। सपा की कोशिश मुस्लिम, यादव और जाट वोटों के सहारे भाजपा की हैट्रिक को रोकना है। हालांकि मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा भी पूरी मजबूती से मैदान में उतर चुकी है। पार्टी ने गुफरान नूर पर दांव लगाया है। अब देखना यह है कि सपा का पीडीए दांव कारगर होता है कि मोदी की गारंटी, राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी लहर के बीच सतीश यहां तीसरी बार जीतने में कामयाब होते हैं।

अलीगढ़ में भाजपा ने पहली बार राम लहर में 1991 में जीत दर्ज की थी। तब यहां से शीला गौतम उम्मीदवार थीं। शीला लगातार चार बार सांसद बनीं, लेकिन 2004 के लोकसभा चुनाव में जब मतदाताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के साइनिंग इंडिया के नारे को नकारा तो भाजपा को यहां हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद तब कांग्रेस के चौधरी बिजेंद्र सिंह ने यहां जीत दर्ज की थी लेकिन 2009 में यहां सीट बसपा के खाते में चली गई। हालांकि 2014 की मोदी लहर में सतीश गौतम सीट पर कमल खिलाने में कामयाब हुए। 2019 में जब सपा और बसपा का गठजोड़ हुआ तो लगा कि सतीश गौतम के हाथ से यह सीट निकल जाएगी लेकिन यहां भगवा रंग और भी गाढ़ा हो गया। अब सतीश हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। वे सुबह से ही संघ की शाखाओं में स्वयंसेवकों से मिल रहे हैं। पार्कों में मार्निंग वॉकर से से अपने काम, मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। इन सबके बीच वे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की उपलब्धि की चर्चा तो करते ही हैं अनुच्छेद 370 के खात्मे को भी गिनाना नहीं भूलते।

### फिर से मैदान में




अभिनेता गोविंदा गुरुवार को मुंबई में शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गये। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के साथ उन्होंने मीडिया से बात की। गोविंदा पूर्व में कांग्रेस से सांसद रह चुके हैं। 2004 में उन्होंने मुंबई नार्थ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार राम नाईक को हराया था। बाद में गोविंदा नें राजनीति से संन्यास ले लिया था।

# मुरादाबाद में मुस्लिम मतदाता लिखते रहे हैं जीत की पटकथा

सलमान खान, मुरादाबाद

**अमृत विचार।** पीतल नगरी के रूप में पहचान रखने वाले मुरादाबाद में सियासत का घमासान कम नहीं है। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन सपा प्रत्याशी को लेकर यहां राजनीतिक ड्रामा भले खत्म हो गया है, लेकिन माना जा रहा है कि इसकी गूंज दूर तक जाएगी। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। लेकिन हालिया इतिहास है कि यहां हर लोकसभा चुनाव में अलग पार्टी का सांसद बनता है, जैसे 2019 में सपा जीती, 2014 में भाजपा, 2009 में कांग्रेस से क्रिकेटर मो. अजरूद्दीन सांसद चुने गए थे। इस सीट पर सत्ता की चाबी मुस्लिम वोटरों के हाथ में मानी जाती है। यही वजह है कि 17 चुनावों में 11 बार मुस्लिम चेहरों ने नुमाइंदगी की है। आबादी के लिहाज से यहां हिंदू 53 और मुस्लिम 47 प्रतिशत हैं। इसके चलते पक्ष और विपक्ष दोनों को वोटों का ध्रुवीकरण भाता है।

मुरादाबाद उन सीटों में शामिल है, जिन्हें भाजपा ने 2014 में जीतने के बाद 2019 में गंवा दिया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से सपा-बसपा गठबंधन से सपा के डॉ. एसटी हसन ने जीते थे। उन्हें 6,49,538 वोट मिले थे, जबकि भाजपा के सर्वेश कुमार सिंह 5,51,416 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी 59,198 वोट पाकर तीसरे नंबर पर पिछड़ गए थे। इस बार सपा का कांग्रेस से गठबंधन है। पार्टी ने पहले डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया था। उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया था। लेकिन सपा नेता आजम खान उनकी प्रत्याशिता के पक्ष में नहीं थे। ऐसे में उनकी समर्थक कही जाने वाली पूर्व विधायक रुचि वीरा ने नामांकन पत्र दाखिल करके सपा का आधिकारिक उम्मीदवार होने का दावा कर दिया। उधर, बसपा ने इरफान सैफी को टिकट दिया है, तो एआईएमआईएम ने भी मुस्लिम प्रत्याशी उतारा है।




- आजादी के बाद से 17 लोकसभा चुनावों में 11 बार यहां से जीते मुस्लिम प्रत्याशी
- भाजपा 2019 में यहां हार गई थी चुनाव, सपा के लिए इस बार सीट बचाने की चुनौती
- बसपा के बाद एआईएमआईएम ने भी मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर बढ़ाई गठबंधन की चिंता



सांसद डॉ. एसटी हसन और प्रत्याशी रुचि वीरा।

**दो विधान सभा चुनावों में प्रमुख दलों को मिले वोट (% में)**


| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 | 39.7 | 47.3 | 9.7 | 1.0 |
| 2017 | 35.9 | 32.5 | 14.6 | 5.6 |

### 2009 में पूर्व क्रिकेट कप्तान अजहर ने की बैटिंग

- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने 2009 में मुरादाबाद की पिच पर उतारा। जनता ने उन्हें भरपूर समर्थन दिया। अजहर को प्रत्याशी बनाकर 25 साल बाद यहां कांग्रेस ने जीत हासिल की। भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे नंबर पर खिसक गई। सपा प्रत्याशी को महज दो प्रतिशत वोट मिले और जमानत गंवा बैठे।

### आजादी के बाद तीसरे चुनाव में ही निर्दलीय को चुनकर चौंकाया

पहले दो चुनावों में कांग्रेस के रामसरन विजयी रहे, लेकिन 1962 में निर्दलीय सैयद मुजफ्फर हुसैन को जनता ने जिताया। 1967 और 71 में जनसंघ ने यहां से जीत हासिल की। 1977 में जनता पार्टी की आंधी में जनता पार्टी के गुलाम मोहम्मद खान सांसद बने। 1980 के चुनाव में भी जनता ने उन्हें ही मौका दिया। 1984 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने वापसी की और भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई। 1989 और 91 में यहां से जनता दल के टिकट पर गुलाम मोहम्मद खान को फिर मौका मिला, लेकिन 1991 के बाद इस सीट पर भाजपा स्थायी प्रतिद्वंद्वी हो गई।



भाजपा के सर्वेश सिंह। अमृत विचार



बसपा के इरफान सैफी। अमृत विचार

### बसपा कभी जीत नहीं पाई पर बनाती व बिगाड़ती रही खेल

मुरादाबाद की जनता बसपा को छोड़कर सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशियों को चुनकर संसद भेज चुकी है। वर्ष1996 से चुनाव में बसपा ने यहां उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन वह तीसरे नंबर पर ही रही, हालांकि पहला नंबर तय करने में उसके प्रदर्शन की भूमिका अहम रही। बसपा आज तक इस सीट पर खाता खोलने की संभावना तलाश रही है।

### भाजपा और सपा के बीच सिमटी लड़ाई

90 के दशक में मंडल और कमंडल के प्रयोग के बीच राजनीति में नए खिलाड़ी उभरे। इसके बाद एकाध मौकों को छोड़कर मुरादाबाद में लड़ाई वोटों के ध्रुवीकरण में बदल गई। मुस्लिम-यादव वोटों की जमीन पर खड़ी हुई समाजवादी पार्टी के लिए मुरादाबाद की जमीन माकूल थी। 1996 में यहां से सपा के टिकट पर शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत हासिल कर इसे साबित किया, हालांकि उनकी जीत का अंतर महज दो हजार वोटों का ही था। इस चुनाव में बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार को भी 1.12 लाख वोट मिले। 1998 में फिर सपा और भाजपा में मुकाबला हुआ और इस बार शफीकुर्रहमान बर्क 36 हजार वोटों से जीते। साल 1999 में भाजपा ने इस सीट पर प्रयोग किया और अपना उम्मीदवार खड़ा न करके लोकतांत्रिक कांग्रेस के चंद्रविजय सिंह को समर्थन दिया था। इस चुनाव में सपा के बर्क को 1.53 लाख और बसपा के मोहम्मद अकील को 1.23 लाख वोट मिले। अल्पसंख्यक वोटों के बिखराव के बीच बहुसंख्यक वोटों की बदौलत चंद्रविजय 2.53 लाख वोट से चुनाव जीत गए। 2004 में बर्क ने एक बार फिर यहां साइकिल दौड़ाई और भाजपा को पछाड़ा।

**2014 की मोदी लहर में यहां खिला कमल**

वर्ष2014 में मोदी लहर में मुरादाबाद में भाजपा की जीत का इंतजार खत्म हुआ। चुनाव में मोदी लहर और मुजफ्फरनगर दंगों से बदली हवा के बीच वोटों का जबरदस्त ध्रुवीकरण हुआ। भाजपा के प्रत्याशी सर्वेश सिंह ने लगभग 88 हजार वोटों से जीतकर इस लोकसभा क्षेत्र में कमल खिला दिया। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. एसटी हसन 3.97 लाख वोट पाकर भी चुनाव हार गए।

# भाकपा का प्रदेश में आठ सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला

चुनाव डेस्क, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इंडिया गठबंधन में उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। भाकपा ने गुरुवार को पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, तीन अन्य सीटों पर जल्द निर्णय लेने की बात कही है।। इसके साथ ही दुद्धी विधानसभा उपचुनाव में भी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित कर दिया है। हालांकि भाकपा का कहना है कि प्रदेश में अन्य सभी सीटों पर वह भाजपा को हराने के लिए प्रचार करेगी।

भाकपा के लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व प्रदेश प्रभारी डॉ. गिरीश और राज्य सचिव अरविन्द राज स्वरूप ने बताया कि पार्टी ने शाहजहांपुर से सुरेश कुमार 'नेताजी', फैजाबाद से पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव, लालगंज (आजमगढ़) से गंगा दीन और घोसी से विनोद राय व राबर्ट्सगंज से अशोक कुमार कनौजिया को प्रत्याशी बनाया है।

इसी के साथ पार्टी वाराणसी, धौरहरा, बांदा, बलिया व सलेमपुर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने को लेकर विचार कर रही है। इनमें से किन्हीं तीन सीटों पर पार्टी प्रत्याशी उतारेगी।

- शाहजहांपुर, फैजाबाद, घोसी आजमगढ़ और राबट्र्सगंज से पार्टी ने घोषित किए प्रत्याशी

### माकपा ने 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए 44 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी। पार्टी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर साझा की गई सूची के मुताबिक इनमें केरल के 15 उम्मीदवार शामिल हैं। यहां अलाप्पुझा से मौजूदा सांसद एएम आरिफ, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा और राज्यसभा सदस्य इलामारम करीम शामिल हैं। माकपा ने पश्चिम बंगाल के लिए भी 17 नामों की घोषणा की है, जिनमें मुर्शिदाबाद से मोहम्मद सलीम का नाम भी शामिल हैं। पार्टी की राज्य इकाई ने पहले ही नामों की घोषणा कर दी थी। तमिलनाडु से दो उम्मीदवारों के नाम हैं। मदुरै से मौजूदा सांसद एस वेंकटेशन और डिंडीगुल से आर सचिदानंदम को टिकट दिया गया है। पार्टी ने बिहार, झारखंड, असम, कर्नाटक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना तथा त्रिपुरा के लिए भी एक-एक उम्मीदवार की घोषणा की है।

### एक नजर

#### रैलियों व साइबर योद्धाओं से भाजपा बनाएगी माहौल

**चुनाव डेस्क।** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में मिशन-80 का लक्ष्य पाने के लिए भाजपा ने दूसरे चरण के मतदान वाली सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही धुआंधार चुनाव प्रचार का पूरा खाका खींच लिया है। पार्टी रैलियों के साथ ही सोशल मीडिया को प्रचार का बड़ा हथियार बनाएगी। सूबे के 80 लोकसभा क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के साथ स्टार प्रचारकों की 200 से ज्यादा रैलियां करने की योजना बनी है। इसके लिए चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर बुक करा लिए गए हैं। इसके साथ ही हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा साइबर योद्धा सम्मेलन भी आयोजित करेगी। इनमें प्रत्येक लोकसभा से एक हजार सोशल मीडिया, आईटी कार्यकर्ता एवं इनफ्लुएंसरों को सूचीबद्ध करके बुलाया जाएगा।

#### सपा अभी बदल सकती और भी प्रत्याशी

**चुनाव डेस्क।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश में मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछली बार 2019 में बसपा से गठबंधन करके चुनाव लड़ना पार्टी के लिए घाटे का सौदा साबित हुआ था। बसपा तो गठबंधन के चलते 10 सीटें जीत गई थी, लेकिन सपा को सिर्फ पांच सीटों पर ही जीत नसीब हो सकी थी। यही वजह है कि इस बार के चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव एक-एक सीट पर सतर्कता बरत रहे हैं। यही वजह है कि अब तक दो सीटों पर सपा अपने घोषित प्रत्याशी बदल चुकी है। अब ऐसे कयास हैं कि पार्टी चार-पांच और सीटों पर प्रत्याशी बदल सकती है।

# पेयजल योजनाओं का निर्माण न होने से आक्रोश

## दो साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया आधा काम, ग्रामीणों ने विभाग पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा



खत्याड़ी पेयजल योजना निर्माण के लिए जल निगम के अधिकारियों से वार्ता करते लोग।

**अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों को पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए योजनाओं के स्वीकृत होने के बाद भी काम निर्धारित समय पर पूरा नहीं हो पाया है। जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण अब उन्हें गर्मी के सीजन में पेयजल समस्या का सामना करना पड़ेगा।

पेयजल संकट के चलते करीब दो साल पहले 26.82 करोड़ रुपये की लागत से खत्याड़ी, 4.62 करोड़ से कसारदेवी, 4.29 करोड़ से भगतोला और 2.42 करोड़ से सिमतोला पेयजल योजना को स्वीकृति मिली थी। जिसके बाद चारों योजनाओं का निर्माण शुरू करा दिया गया था। लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी इन चार योजनाओं में से एक भी योजना में आधा कार्य तक पूर्ण नहीं हो पाया है। जिस कारण इन क्षेत्रों की हजारों की आबादी आज भी पेयजल के लिए प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर है।

लोगों का कहना है कि स्वयं और अपने मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था करने में उनका पूरा दिन बीत जाता है। लेकिन इसके बाद भी इन क्षेत्रों के लिए स्वीकृत पेयजल योजनाओं का निर्माण आज तक पूरा नहीं हो पाया है। अब गर्मी के सीजन में उन्हें पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर इन योजनाओं को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो वह सड़कों पर उतरकर आक्रोश व्यक्त करने से गुरेज नहीं करेंगे। इधर, जल निगम के अधिशासी अभियंता दीपक जोशी ने कहा कि चारों योजनाओं के निर्माण के दौरान वन विभाग की आपत्तियों के चलते समय लग गया। लेकिन अब वन विभाग की सभी आपत्तियों का निस्तारण कर दिया गया है। शीघ्र ही चारों योजनाएं अस्तित्व में आ जाएंगी।

# जेजेएम से वंचित करने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** धौलादेवी ब्लॉक के गिरचोला के ग्रामीणों ने डीएम से जल जीवन मिशन (जेजेएम) योजना के तहत बन रही पेयजल योजना से गांव के 26 परिवारों को वंचित करने की शिकायत की है। चेतावनी दी है कि अगर उन्हें पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई तो वह लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

जिला पंचायत सदस्य शिवराज सिंह बनौला ने बताया कि ग्रामीणों ने डीएम को दिए ज्ञापन में कहा है कि कई परिवारों को जल जीवन मिशन योजना के तहत पेयजल की सुविधा नहीं दी जा रही है। जबकि इस योजना से अन्य गांवों के ग्रामीणों को कनेक्शन दिए जा रहे हैं। कहा कि पहले इसी योजना से गिरचोला गांव को चार सार्वजनिक और एक निजी कनेक्शन दिया गया था।, लेकिन ठेकेदार ने बिना किसी जानकारी के गांव के कनेक्शन विच्छेदित कर दिए। ग्रामीणों ने कहा है कि वर्तमान में वह आसपास के प्राकृतिक स्रोतों और हंस फाउंडेशन की बनाई एक वर्षों पुरानी पेयजल योजना से जैसे तैसे अपने लिए पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। ज्ञापन में प्रधान भवान सिंह, नारायण सिंह, भगवान सिंह, गोपाल सिंह, रघुवीर सिंह, बची सिंह, धन सिंह, शिवराज सिंह, भूपाल सिंह, ठाकुर सिंह, जगदीश सिंह, बहादुर सिंह, मोहन सिंह, रमेश सिंह, डुंगर सिंह, विक्रम सिंह आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

# चार के खिलाफ दी नामजद तहरीर

**चम्पावत, अमृत विचार :** पाटी ब्लॉक के मंगलेख में पान सिंह की हत्या के मामले में मृतक के चाचा कुंदन सिंह ने पुलिस को चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कोरंगा ने बताया कि कुंदन सिंह ने गांव के भगवान सिंह व कृष्ण सिंह, उनके पिता मदन सिंह व एक अज्ञात पर शक जताते हुए तहरीर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि बीती 26 मार्च की रात को 25 वर्षीय पान सिंह की हत्या कर दी गई थी। उसका शव गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर पड़ा मिला था। मृतक के चाचा ने बताया आरोपी भगवान सिंह की दुकान के भीतर व पीछे खून के निशान हैं। उन्होंने पुलिस से चारों लोगों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग करी है। बताया कि आरोपियों के परिवार से उनके परिजनों को जान का खतरा बना हुआ है। इधर, पुलिस ने हत्या के तीसरे दिन शव का पोस्टमार्टम कराया। शुक्रवार को मृतक का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# आबकारी उप निरीक्षक को दी गोली मारने की धमकी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**दुस्साहस**

- पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट थाना क्षेत्र का मामला
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार :** जनपद पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट थाना क्षेत्र में होली के दौरान बंदी के बीच अवैध शराब बेच रहे माफिया ने आबकारी विभाग के उप निरीक्षक को गोली मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। उप निरीक्षक ने आरोपी के खिलाफ गंगोलीहाट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

आबकारी विभाग के उप निरीक्षक मो. अससीस सिद्दीकी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि होली पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से डीएम ने 25 और 26 मार्च को शराब की दुकानों को बंद रखने के निर्देश देते हुए शराब की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई थी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के अधिकारियों के माध्यम से सूचना मिली थी कि गंगोलीहाट स्थित विदेशी मदिरा की दुकान के पास एक व्यक्ति अवैध शराब बेच रहा है। जिससे पर्व के मौके पर अशांति फैलने की आशंका है। सूचना मिलने के बाद उप निरीक्षक सिद्दीकी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि विदेशी मदिरा की दुकान का विक्रेता दुकान के बाहर अवैध रूप से शराब बेच रहा था। टीम को देख आरोपी मौके से फरार हो गया। सिद्दीकी ने तहरीर में कहा कि कुछ देर बाद उन्हें एक व्यक्ति का फोन आया और वह उनसे अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर उक्त व्यक्ति ने उन्हें गोली मारने की धमकी दे डाली। इधर, तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ओम ने स्वर्ण व नैतिक ने जीता कांस्य

संवाददाता, टनकपुर



टनकपुर स्टेडियम में ओम भंडारी व नैतिक प्रसाद का स्वागत करते लोग।

**अमृत विचार :** नोएडा में 19 से 25 मार्च तक आयोजित सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में टनकपुर हॉस्टल के ओम भंडारी ने स्वर्ण और नैतिक प्रसाद ने कांस्य पदक जीता है।

बॉक्सिंग कोच ललित मोहन कुंवर ने बताया कि बॉक्सिंग छात्रावास टनकपुर के ओम भंडारी ने 67 भार वर्ग में राष्ट्रीय सब जूनियर बालक प्रतियोगिता के फाइनल बाउट में उत्तर प्रदेश के अपने प्रतिद्वंदी को मुक्कों की बरसात से पहले राउंड में ही बाहर कर दिया और स्वर्ण जीत लिया। वहीं नैतिक प्रसाद ने 58 भार वर्ग में कांस्य पदक जीता है जो वर्तमान में स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में प्रशिक्षण ले रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों का टनकपुर स्टेडियम पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। उनकी सफलता पर जिला क्रीड़ा अधिकारी भुवन चन्द्र पन्त, चंदन सिंह बिष्ट, मुकेश शर्मा, गौरव खोलिया, सूरज पांडे, रेखा पांडे, जगजीवन सिंह मेहता, नवीन चौहान, विकास राय, दीपक छतवाल, आलोक अग्रवाल आदि ने खुशी जताई है।

# गिरीश बने यूकेडी आईटी प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** उत्तराखंड क्रांति दल के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी को संगठन ने नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें पार्टी के आईटी प्रकोष्ट का कुमाऊं मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस संबंध में केंद्रीय अध्यक्ष अतुल कुमार जैन ने पत्र भेजकर जानकारी दी है।

जोशी को जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी के वरिष्ठ नेता काशी सिंह ऐरी, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर, कृपाल मेहरा, मदन पोखरिया, वीरजंग पाल, महेश पाल, चंद्र प्रकाश, ओमप्रकाश, चंद्र शेखर ने बधाई दी है।

# अंक तालिकाओं में गड़बड़ी दूर करने की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा



एसएसजे के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपते छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में अध्ययन कर रहे छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक से अंक तालिकाओं में हो रही गड़बड़ियों को दूर करने की मांग की है। छात्रों ने कहा कि अंक तालिकाओं में गड़बड़ी के कारण जहां युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। वहीं वह लगातार मानसिक अवसाद का शिकार भी हो रहे हैं।

एसएसजे के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश सामंत को सौंपे ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि विवि में हो रही विभिन्न कक्षाओं की परीक्षाओं में छात्रों को उनकी मेहनत के मुताबिक अंक नहीं दिए जा रहे हैं। ऊपर से अंक तालिकाओं में कई विषयों के अंक भी नहीं जोड़े जा रहे हैं। जिससे छात्र असमंजस की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि वह साल भर कड़ी मेहनत कर अपनी परीक्षाएं देते हैं, लेकिन विवि द्वारा मूल्यांकन कार्य और अंक तालिकाओं में अंक चढ़ाने में काफी लापरवाही बरती जा रही है।

छात्रों ने ज्ञापन में कहा कि वह कई बार सूचना के अधिकार के तहत विवि से उत्तर पुस्तिकाएं भी मांग चुके हैं, लेकिन विवि से छात्रों को समय से उत्तर पुस्तिकाएं भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। जिस कारण छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वह इस अव्यवस्था से मानसिक रूप से भी परेशान हो रहे हैं। छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक से इन सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। ज्ञापन में गौरव भंडारी, अर्श कुरेशी, पारस रौतेला, हर्षित रौतेला आदि छात्रों ने हस्ताक्षर किए हैं।

# जिले में पीएमश्री योजना से विकसित होंगे 10 स्कूल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अच्छी खबर**

- शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए केंद्र सरकार की पहल
- पहले चरण में हुआ था 12 इंटर कॉलेजों का चयन

**अमृत विचार :** जिले के इंटर कॉलेजों की शिक्षा व्यवस्था व संसाधनों को और अधिक चुस्त दुरुस्त किया जा सके इसके लिए स्कूलों को पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया के तौर पर विकसित किया जा रहा है। इस योजना के तहत जिले के 12 स्कूल पूर्व में चयनित किए जा चुके हैं। जबकि इस बार फिर 10 स्कूलों को इस योजना के तहत चयनित किया गया है।

केंद्र सरकार की ओर से शिक्षा व्यवस्था में और अधिक सुधार के लिए वर्ष 2022 से पीएमश्री स्कूलों की स्थापना का कार्य शुरू किया गया था। इस योजना के पहले चरण में अल्मोड़ा जिले के 12 राजकीय इंटर कॉलेजों का चयन किया गया। जिसके बाद इन स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन व आवश्यक संसाधन जुटाने के लिए करीब 1.05 करोड़ की धनराशि जारी की गई। इस धनराशि से विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष के साथ ही विज्ञान लैब, गणितीय किट आदि सुविधाएं जुटाई जा रही हैं। साथ ही इन विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है।

इधर योजना के दूसरे चरण में जिले के 10 और स्कूलों को योजना के लिए चयनित किया गया है। समग्र शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक प्रदीप सिंह बिष्ट ने बताया कि दूसरे चरण में राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय चिलियानौला, राजा आनंद सिंह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अल्मोड़ा, जीआईसी सलौंज, जीआईसी भुजान, चिंतोली, द्वाराहाट, हवालबाग, भौनखाल, जैंती व बाड़ेछीना का चयन किया गया है। बताया कि दूसरे चरण में चयनित विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन के लिए वार्षिक कार्ययोजना के साथ ही बजट के लिए प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने पीएमश्री योजना के तहत जिले के 22 स्कूलों के चयन को बड़ी उपलब्धि बताया।

# चुनाव में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका बताई




चम्पावत में बैठक के दौरान माइक्रो आब्जर्वर को दिशा-निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**बैठक**

- कार्मिकों को दिया प्रथम चरण का प्रशिक्षण
- जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन करने को कहा

**अमृत विचार :** आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को संपन्न कराने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। गुरुवार को रिजर्व सहित नियुक्त सभी 75 माइक्रो ऑब्जर्वर को जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय की उपस्थिति में निर्वाचन संबंधित प्रथम विशेष प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मतदान से पूर्व, मतदान के दिन तथा मतदान समाप्ति के बाद होने वाली संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के दिन सभी माइक्रो ऑब्जर्वर समय से पूर्व ही मतदान केंद्र में पहुंचना सुनिश्चित करें और अपनी जिम्मेदारियों का बिना किसी लापरवाही के निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वह सीधे प्रेक्षक को अपनी निर्वाचन संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। निर्वाचन के दौरान सभी कार्मिक भारत निर्वाचन आयोग के अधीन होते हैं। आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही कार्य किया जाता है। मतदान दिवस पर माइक्रो ऑब्जर्वर की रिपोर्टिंग महत्वपूर्ण होती है। इसके लिए मतदान की हर एक प्रक्रिया पर गहनता से नजर रखी जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना है। कोई भी मतदान कार्मिक निजी घर पर रात्रि विश्राम नहीं करेंगे। मास्टर ट्रेनर जीवन कलोनी व एमपी जोशी ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी हेमन्त कुमार वर्मा, मुख्य शिक्षाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, जिला लीड बैंक अधिकारी अमर सिंह ग्वाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र सिंह बिष्ट मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-23

**बाएं से दाएं**

1. 1. ठाकुर होने की अवस्था
3. ऐसा सूक्ष्म जीव जो कपड़ों और बालों में अक्सर पाया जाता है, जूं।
7. अभिमानी, अभिमान करने वाला व्यक्ति घमंडी।
8. मेंढक, दर्दुर।
9. 1. अंगीकार करना, अपना बनाना, ग्रहण करना, स्वीकार कर लेना 2. गले लगाना 3. अपने अधिकार या वश में करना 4. किसी को अपनी शरण में लेना।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. फूलों से भरी हुई अंजली, पुष्पांजलि 2. पूजा में पुष्प अर्पण करने की विधि।
4. याचक को मनचाही चीज़ देकर निहाल कर देने वाला।
5. अत्यंत बलशालिनी।
6. 1. आकर्षक स्त्री, सुंदरी 2. गौतम बुद्ध की एक शक्ति।



## वर्ग पहेली -22 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 गु | | | 2 अ |
| 3 भं | डा | फो | ड़ | | | प |
| ग | | | गु | | | नी |
| ड़ | | 4 थो | ड़ा | ब | 5 हु | त |
| | 6 पं | | ना | | ज़ू | |
| | च | | | 7 सु | री | ला |
| 8 ब | म | भो | ला | | | |

## सुडोकू-102

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | 8 | | | 3 |
| 6 | | 8 | | | 1 | | | |
| | 7 | | 6 | | | | | 1 |
| | | 6 | | | 4 | 5 | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | 1 | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 3 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | | 6 | | 2 |
| 3 | | | 9 | | 7 | | | |

## सुडोकू -101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 20.20 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष** — आज दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। मन में रचनात्मक विचारों का जमावड़ा लगा रहेगा। रुका हुआ सरकारी काम शुरू हो सकता है। शाम को पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बॉस से प्रशंसा मिल सकती है।

**वृष** — आज विरोधियों के बीच आपका खासा प्रभाव रहेगा। आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण होंगे। वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**मिथुन** — आज ऑनलाइन गतिविधियों में बच्चे काफी रुचि लेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भावुक हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**कर्क** — आज स्वास्थ्य के लिए आपको सावधान रहना चाहिए। बोलचाल के दौरान सभ्य भाषा का प्रयोग करें। महंगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है। आपकी दिनचर्या में कुछ बदलाव आ सकता है।

**सिंह** — आज व्यापार में आपको अपेक्षा के अनुसार लाभ प्राप्त नहीं होगा। शुभ चिंतकों और मित्रों से आप सहायता ले सकते हैं। जॉब में बदलाव करने के मौके मिलने की प्रबल संभावना है। आपके आत्मबल और कार्यदक्षता में वृद्धि होगी।

**कन्या** — आज साझेदारी वाले व्यवसाय में एकाधिकार जताने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण आवश्यक है। अत्यधिक कार्यभार के कारण तनाव का सामना करना पड़ेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

**तुला** — आज प्रियजनों के साथ आपके मधुर संबंध रहेंगे। रचनात्मक कार्यों में कारण आपको प्रसिद्धि मिल सकती है। आपकी बातों से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। भोग-विलास की वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे।

**वृश्चिक** — आज किसी भी काम को टालने की प्रवृत्ति से बचें। माता का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। मधुमेह के रोगियों को दवाइयों का सेवन सावधानी से करना चाहिए। आपको अकारण भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आशावादी दृष्टिकोण बनाए रखें।


**धनु** — आज वित्तीय योजनाओं का सफल कार्यान्वयन कर पायेंगे। घर के सभी सदस्यों का रूख आपके प्रति सहयोगात्मक रहेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार को पर्याप्त समय देंगे। मित्रों से आपको उपयोगी सलाह प्राप्त होगी। दिल की अपेक्षा दिमाग से काम लें।

**मकर** — आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। बच्चों को माता-पिता से सलाह और विचार-विमर्श करना चाहिए। अविवाहित लोगों के रिश्ते की चर्चा चल सकती है। व्यापारिक प्रगति से मन उत्साहित रहेगा।

**कुंभ** — आज व्यापार के लिए यात्रा करने के योग बन रहे हैं। फोन के माध्यम से शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आप सेहत को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। काम की अधिकता के कारण तनाव हो सकता है।

**मीन** — आज किसी के प्रति में गलत विचार न लाएं। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। बॉस से डांट खानी पड़ सकती है। शोध कार्यों में रुचि ले सकते हैं। दांपत्य संबंधों में नवीनता आएगी। बैंकिंग और आईटी से जुड़े क्षेत्र में कुछ समस्या हो सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 20.36 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
विरासत — सुबह : 10.44
वीरगति — रात : 07.00

**&pictures**
हसीना मान जाएगी — सुबह : 11.09
बंगाल टाइगर — शाम : 05.23

**SONY PIX**
एक्वामैन — सुबह : 09.33
व्हाइट हाउस डाउन — रात : 08.45

**ZEE CINEMA**
जब हैरी मेट सेजल — दोपहर : 12.00
गदर — रात : 08.05

**colors CINEPLEX**
भागम भाग — सुबह : 08.05
भेड़िया — रात : 07.02

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर दोपहर : 12.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

भिखारी- साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी- लेकिन कॉफी तो 10 रु. की आती है!
भिखारी- मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न
आदमी- अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी- नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मां से मिलवाने ले गई।
लड़की- मेरी मां को तुम बहुत पसंद आए।
लड़का- कुछ भी हो मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा। तु मम्मी से बोल दे कि, वो मुझे भूल जाएं।

## एक नजर

### सीएम धामी कल करेंगे रानीखेत में प्रचार

**रानीखेत :** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 30 मार्च को रानीखेत पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। ताड़ीखेत स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट व विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की जिम्मेदारियां सौंपी। बताया कि मुख्यमंत्री धामी रानीखेत में रोड शो करने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान सभी मंडलों के पदाधिकारी व जिले के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### प्रीति प्रदेश उपाध्यक्ष व लीला सचिव बनीं

**अल्मोड़ा :** महिला कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने अल्मोड़ा की प्रीति बिष्ट को प्रदेश उपाध्यक्ष और लीला जोशी को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट ने बताया कि दोनों के मनोनयन से महिला कांग्रेस में उत्साह का माहौल है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला का आभार व्यक्त किया है। पार्टी के इस निर्णय से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी और दोनों नेत्रियों के अनुभव का लाभ पार्टी को आगामी लोकसभा चुनाव में मिलेगा। प्रीति बिष्ट और लीला जोशी को दायित्व मिलने पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, विधायक मनोज तिवारी, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी, पूरन रौतेला, त्रिलोचन जोशी, अख्तर हुसैन, पीतांबर पांडे ने बधाई दी है।

### प्रीति का नेशनल पैरा स्विमिंग के लिए चयन



**रानीखेत :** 23वीं नेशनल पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए रानीखेत की अधिवक्ता प्रीति गोस्वामी का चयन हुआ है। चैंपियनशिप ग्वालियर मध्य प्रदेश के अटल बिहारी वाजपेई ट्रेनिंग सेंटर फॉर डिसेबल्ड स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगी। ग्राम पाखुड़ा निवासी प्रीति फिकी फोलो अवार्ड गवर्नर यूपी और दक्ष दिव्यांग पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं। उन्होंने नरकंडा शिमला में आयोजित पैरा विन्टर स्पोर्ट्स में स्काई कोर्स पूरा किया। वह मोटर स्पोर्ट्स में भी दो बार पुरस्कार जीत चुकी हैं। साथ ही खेल महाकुंभ में उन्होंने मेडल जीते हैं। उनकी सफलता पर सतीश जोशी, रेखा वर्मा, रेखा आर्य, उमाकांत वर्मा समेत क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है।

# भाजपा के संकल्प पत्र निर्माण को मिले 70 हजार से अधिक सुझाव

## संकलन के बाद विकसित भारत की गारंटी बनने वाला होगा संकल्प पत्रः त्रिवेंद्र रावत

ब्यूरो, देहरादून



देहरादून प्रदेश मीडिया सेंटर में पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** संकल्प पत्र एकत्रीकरण कमेटी के प्रदेश संयोजक, पूर्व सीएम एवं हरिद्वार लोकसभा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा संकल्प पत्र निर्माण को लेकर 70 हजार से अधिक सुझाव दिए हैं। विकसित भारत के निर्माण की गारंटी बनने वाले समाज के सभी वर्गों के इन सुझावों को पार्टी ने केंद्रीय नेतृत्व को भेजा है। जिस पर शीघ्र ही देश का रोड मैप तैयार करने वाला पार्टी संकल्प पत्र का निर्माण होगा।

रिस्पना पुल स्थित भाजपा के प्रदेश मीडिया सेंटर में एक कार्यक्रम के दौरान त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि जनता ने उम्मीद से बढ़कर सुझाव दिए हैं। ये सुझाव पत्र, व्यक्तिगत, ऑनलाइन कई माध्यमों से संकलन टीम को प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि समाज के सभी वर्गों से सुझाव के रूप में पीएम मोदी के लिए आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। प्राप्त सुझावों में 60 फीसदी राज्य एवं 40 फीसदी केंद्र से संबंधित हैं। स्थानीय विषयों से संबंधित सुझावों को राज्य सरकार को भेजा जा रहा है।

वहीं केंद्र से जुड़े सुझावों को केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जा रहा है। जिस पर विस्तृत चर्चा एवं विचार करने के बाद पार्टी देश के भविष्य को लेकर अपने विजन को सामने लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र विकसित भारत के रोड मैप तैयार करने वाला पार्टी का संकल्प पत्र सभी के बीच होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस तरह के विचार एवं सुझाव जनता ने दिए हैं वह संकलन के बाद विकसित भारत की गारंटी बनने वाले होंगे।

प्रदेश चुनाव प्रबंध समिति संयोजक एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि पार्टी को उम्मीद थी कि प्रति विधानसभा 500 से 700 सुझाव मिलेंगे, लेकिन उम्मीद से कहीं अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। कहा जिस तरह दिल खोलकर पीएम मोदी को आशीर्वाद के रूप में जनता ने अपने सुझाव दिए हैं, वह 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार की गारंटी बताता है। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, विधायक विनोद चमोली, दीप्ति रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, दायित्वधारी डॉ. देवेंद्र भसीन, आशा नौटियाल आदि रहे।

## बसों का संचालन न होने से परेशानी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** होली पर्व के बाद जहां महानगरों से अपने घरों को आये प्रवासियों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। वहीं उत्तराखंड परिवहन निगम के अल्मोड़ा डिपो से लंबे रूट के वाहनों का नियमित संचालन न होना यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना है। यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए जहां निजी कंपनियों की बसों व टैक्सियों में महंगा किराया देकर सफर करना पड़ रहा है। वहीं निगम को भी बसों का संचालन न होने से लाखों का नुकसान प्रतिदिन हो रहा है।

अल्मोड़ा डिपो से प्रतिदिन लंबे रूट की 14 बसों का संचालन किया जाता है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से चालक-परिचालकों की कमी के कारण टनकपुर-लमगड़ा-दिल्ली, बेतालघाट-दिल्ली, अल्मोड़ा-देहरादून और सायंकालीन अल्मोड़ा-दिल्ली बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डिपो के सहायक महाप्रबंधक विजय तिवारी ने बताया कि चालक-परिचालकों की कमी के कारण नियमित रूप से बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है। वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

# सड़क निर्माण न होने पर चुनाव बहिष्कार का ऐलान

ब्यूरो, गोपेश्वर

**आक्रोश**

- चार दशकों से आंदोलन कर रहे हैं डुमक के ग्रामीण
- 2019 में भी लिया था चुनाव बहिष्कार का फैसला

**अमृत विचार :** चमोली जिले के डुमक के ग्रामीणों ने गांव को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण न होने पर चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। ग्रामीण चार दशकों से सड़क निर्माण के लिए आंदोलन कर रहे हैं। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, ग्रामीण लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने की उम्मीद में चुनाव बहिष्कार का आह्वान करते हैं। निर्माण एजेंसियां उम्मीदें जगाने के लिए गांव में मशीन भेजती हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही उन्हें वापस ले जाती हैं।

डुमक चमोली जिले के सबसे दूरस्थ मतदान केंद्रों में से एक है। क्षेत्र के कई गांवों के निवासियों ने स्यूंड से डुमक और कलगोट तक सड़क निर्माण के लिए एक संयुक्त संघर्ष समिति का गठन किया है। समिति के संयोजक और डुमक गांव के पूर्व प्रधान प्रेम सिंह सनवाल ने कहा कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर दशोली और पैनखंड क्षेत्र के लोग 1990 के दशक से दो बार चुनाव का बहिष्कार कर चुके हैं। डुमक के निवासियों ने 2019 के लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का भी फैसला किया था, लेकिन जिला प्रशासन की पहल पर सड़क निर्माण विभाग ने मतदान के दिन से लगभग एक सप्ताह पहले गांव में मशीनें भेजीं, जिसके कारण उन्हें मतदान बहिष्कार का आह्वान वापस लेना पड़ा।

हालांकि, मतदान प्रक्रिया समाप्त होते ही विभाग मशीनें वापस ले गया। सनवाल ने कहा कि पांच साल हो गए हैं, लेकिन सड़क निर्माण को लेकर अभी अनिश्चितता की स्थिति है। जनवरी में कई दिनों तक धरना-प्रदर्शन किया था। सनवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हस्तक्षेप और आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया था, लेकिन निर्माण कार्य अभी भी शुरू नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीणों ने आगामी चुनाव का बहिष्कार करने का सामूहिक निर्णय लिया है।

# दुकानों का ताला तोड़ने वाला युवक गिरफ्तार

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** होली के दिन तीन दुकानों का ताला तोड़कर नगदी, लैपटॉप व अन्य सामग्री चुराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक से नगदी, लैपटॉप व अन्य सामान भी बरामद किया है। पुलिस ने युवक को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

बीती 26 मार्च को पिंडारी रोड स्थित तीन दुकानों का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर नगदी और लैपटॉप आदि चुरा लिए थे। दुकानदारों ने करीब 10 लाख की नगदी व लैपटॉप चोरी होने शिकायत पुलिस से की थी। मामले में कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में एक युवक चोरी करते दिख रहा था। युवक की पहचान परिवेश खेतवाल पुत्र जीवन सिंह खेतवाल निवासी कठायतबाड़ा के रूप में हुई। पुलिस ने उसे बालीघाट शिव मंदिर रीमा रोड से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही चुराए गए दो लैपटाप, एक एलेक्सा व 225 रुपये की नगदी भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार परिवेश इससे पूर्व भी चोरी के आरोप में पकड़ा जा चुका है। वह नशे का आदि है और नशे के लिए चोरी करता है। वह धनाडय व सम्मानित परिवार से ताल्लुक रखता है। पूछताछ में परिवेश ने बताया कि वह कई दिनों से घर नहीं जा रहा था तथा उसे पैसे की आवश्यकता थी। इसलिए उसने दुकानों का ताला तोड़ा।

## सोशल मीडिया की मदद से मिला किशोर

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** कठपुड़िया क्षेत्र से लापता एक किशोर को सोशल मीडिया की मदद से ढूंढ लिया गया है। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि एक व्यक्ति ने एक्स पर पोस्ट कर नाबालिग बेटे के लापता होने की सूचना दी।

बच्चे के पिता ने पोस्ट में उन्हें भी टैग किया था। जिस पर मीडिया सेल प्रभारी सुनील धानिक और कांस्टेबल कविंद्र सिंह देउपा को दिए गए नंबरों से संपर्क साधकर नाबालिग की सकुशल बरामदी के निर्देश दिए। बेटे के लापता होने से मां की हालत बिगड़ गई। पुलिस ने तलाश शुरू की तो पता चला कि नाबालिग को रानीखेत की ओर जाते देखा गया है। इसके बाद रानीखेत कोतवाली संपर्क किया गया। रानीखेत पुलिस ने नाबालिग को बाजार से सकुशल बरामद कर लिया।

# आश्रम व स्कूल के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाजी, चोरी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, मारपीट समेत कई संगीन धाराओं में 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इन सभी अभियुक्तों पर 18 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। एसएसपी के निर्देश पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं।

ग्राम रिखोली देहरादून निवासी गोविंद सिंह पुंडीर ने थाना राजपुर में तहरीर देकर कहा है कि वह जमीन खरीद-फरोख्त का कार्य करते हैं। अगस्त 2023 में अमजद अली पुत्र युनुस अली निवासी छुटमलपुर देहरादून हाल निवासी जोहड़ी गांव सिनोला राजपुर ने उनके बड़े भाई से संपर्क कर बताया कि बुढादल समिति नादेड महाराष्ट्र के बाबा अमरीक सिंह स्कूल व आश्रम बनाने के लिए जमीन देख रहे हैं। आरोप है कि सितंबर 2023 में अमजद अली, राम अग्रवाल, सचित गर्ग उर्फ छोटा काणा, मुकेश गर्ग उर्फ बडा काणा, सुमित बसंल, अर्जुन शेखावत, रणवीर, अदनान ने उनके बडे भाई के पास आकर बताया कि जमीन की मिट्टी पास नहीं हो पाई है। करनाल हरियाणा में कुछ किसान अपनी जमीन बेच रहे हैं। जिसकी मिट्टी बाबा ने पास कर दी है। बताया कि संस्था से जुड़े होने के कारण वह सीधे जमीन को नहीं खरीद सकते हैं। उन्होंने जमीन को किसानों से 40 लाख रुपये प्रति किला के हिसाब से खरीदने को कहा। बाद में 2 करोड़ 15 लाख रुपये प्रति किला के हिसाब से बाबा को बेचकर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। झांसे में आकर उनके बड़े भाई ने जमीन को क्रय करने के लिए चेक व नगदी से 21 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। गोविंद ने बताया कि बाबा अमरीक सिंह व अन्य अभियुक्तों ने देहरादून आकर 51 करोड़ 60 लाख रुपये का चेक उन्हें दिखाकर बताया कि संस्था ने जमीन के लिये धनराशि स्वीकृत कर दी है। धनराशि तभी प्राप्त होगी जब 3 प्रतिशत संस्था में जमा किया जायेगा। उन्होंने रिश्तेदारों से पैसे उधार लेकर डेढ़ करोड़ रुपये उक्त लोगों को दे दिये।

बताया कि अभियुक्त रजिस्ट्री कराने का झांसा देकर टालमटोल करने लगे। करनाल जाकर जब उन्होंने जमीन के सम्बन्ध में जानकारी जुटाई तो पता चला कि उक्त जमीन पहले से बैंक में बंधक है। बताया कि अभियुक्तों ने उनसे करीब 7 करोड़ 32 लाख की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर तलाश शुरू कर दी है।

**नगदी छुड़ाने के लिए की थी 3 करोड़ की मांग**

अभियुक्तों ने नवम्बर 2023 में गोविंद को रजिस्ट्री के लिये करनाल बुलाया। यहां नगदी से भरा बैग व बैंक ड्राफ्ट दिखाते हुए बताया कि जमीन के मालिक की तबियत खराब होने के कारण अभी रजिस्ट्री संभव नहीं है। उन्हें दोबारा करनाल आना होगा। दिसम्बर में फिर करनाल बुलाया और बताया कि जमीन खरीदने के लिए जो नगदी बाबा से लाई जा रही थी वह इनकम टैक्स ने पकड़ ली है। उसे छुड़ाने के एवज में 6 करोड़ की मांग की जा रही है। जिसमें से आधे का इंतजाम उनसे करने को कहा। उन्होंने रिश्तेदारों से पैसा उधार लेकर 3 करोड़ रुपये उन्हें दिये।

## उत्तर प्रदेश

## सार-संक्षेप

### टीम पर पथराव करने पर आठ के खिलाफ रिपोर्ट

**मुरादाबाद :** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने नगर निगम की टीम पर पथराव करने व जातिसूचक शब्द कहने के मामले में तीन महिलाओं समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना सिविल लाइंस पुलिस को दी गई तहरीर में निगम कर्मचारी लल्ला बाबू द्रविड़ ने बताया कि वह बीती 24 मार्च को टीम के साथ हरथला स्थित झांझनपुर में होलिका दहन के लिए सफाई कराने के लिए गए थे। जैसे ही टीम ने जेसीबी ने अवैध निर्माण को हटाने का प्रयास किया तो तीन महिलाएं कुछ लोगों को लेकर वहां पहुंच गईं और जेसीबी के आगे लेट गईं। मना करने पर महिला व उसके साथ लोगों ने लल्ला बाबू को जातिसूचक शब्द कहते हुए टीम पर पथराव कर दिया। जिससे दो लोगों को चोटें भी आईं। पुलिस ने सुमन, किरन, गीता, सचिन, तरुण, पप्पू, बंटी व विक्की के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### आर्थिक तंगी के चलते मजदूर ने की आत्महत्या

**मुरादाबाद :** क्षेत्र के गांव मकनपुर के जंगल में गुरुवार सुबह मजदूर का शव पेड़ के सहारे फंदे पर लटक मिला। परिजनों व सीओ ने आत्महत्या करने की बात कही है। परिजनों ने मजदूर की आत्महत्या की वजह आर्थिक तंगी बताई है। गांव नूरुद्दीन उर्फ गंज में भैरव सिंह का परिवार रहता है। उनका पुत्र हरिद्वारी मजदूर था। परिजनों ने बताया कि घर में आर्थिक तंगी के चलते वह काफी समय से परेशान था। उसकी तीन पुत्रियां, एक पुत्र हैं। सबसे बड़ी पुत्री व पुत्र को वह अच्छी शिक्षा दिलाने की कोशिश कर रहा था। पुत्री ने बीए और पुत्र ने बीएससी तक पढ़ाई की है।

### मानसिक रूप से परेशान ग्रामीण ने खुद को मारी गोली

**नगीना (बिजनौर) :** गांव तेलीपुरा में मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने घर में तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बताया गया कि तेलीपुरा में ईश्वर शरण का परिवार रहता है। उनका पुत्र नरेंद्र सिंह (45) मानसिक रूप से परेशानी रहता था। सुबह आठ बजे वह घर में ही था। इस दौरान उसने खुद को तमंचे के गोली मार ली जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ समय बाद परिजन घर पहुंचे तो देखा कि वह लहूलुहान पड़ा था। इसके बाद किसी ने सूचना दी तो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

### परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि कल

**बरेली :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्नातक सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने को दिन का समय शेष रह गया है। होली की छुट्टी की वजह से काफी संख्या में छात्र फार्म भरने से रह गए। गुरुवार को बरेली कॉलेज में फार्म जमा करने के लिए छात्रों की भीड़ जुटी। छात्र 30 मार्च तक ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरकर 31 मार्च तक कॉलेज में जमा कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने 11 मार्च को बीए, बीकॉम, बीएससी और बीबीए द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि निर्धारित की थी। 14 मार्च से ऑनलाइन फार्म भरे जा रहे हैं। बड़ी संख्या में छात्र फार्म भरने से रह गए हैं। इसकी वजह से छात्र तिथि बढ़ाने की भी मांग कर रहे हैं।

### कमरे में मृत मिली बीकॉम फाइनल की छात्रा

**रामपुर/पटवाई :** बीकॉम फाइनल की छात्रा का शव कमरे में बिस्तर पर पड़ा देख परिजनों की चीख निकल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी ने भी मौका मुआयना करके परिजनों से जानकारी ली। हालांकि अभी तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। मामला पटवाई थाना क्षेत्र के गांव निस्बा का है। यहां रहने वाले हरि किशन के चार बेटी और दो बेटे हैं। इनमें पूनम सबसे छोटी थी। वह दीक्षित कालेज से बीकॉम की पढ़ाई कर रही थी। गुरुवार की सुबह वह सोकर नहीं उठी तो मां गंगादेवी करीब सात बजे पूनम को देखने गईं। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, जबकि खिड़की खुली थी। गंगादेवी ने खिड़की से कमरे में झांककर देखा तो बेटी की हालत देख चीख निकल गई।

# वन विभाग की टीम ने पकड़ी 62.40 क्विंटल खैर की लकड़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर चोरी छिपे ले जाई जा रही भारी मात्रा में खैर की लकड़ी पकड़ी है। टीम ने लकड़ी को अपने कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ कटघर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वन दरोगा राजेंद्र सिंह ने कटघर थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनको सूचना मिली की रामपुर दोराहे पर एक डीसीएम में चोरी छिपे खैर की लकड़ी ले जाई जा रही है। जिसके बाद क्षेत्रीय वनाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह अपनी टीम उप क्षेत्रीय वनाधिकारी मनोज कुमार व वन दरोगा राजेंद्र सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। चेकिंग के दौरान रामपुर दोराहे पर एक डीसीएम को रोक कर उसकी तलाशी ली गई। पहले तो चालक ने वाहन में प्रोसोपिस की लकड़ी बताई और उसके कागजात भी दिखाए, लेकिन जब टीम ने तिरपाल हटाकर देखा तो उसमें खैर की लकड़ी थी। जिसके बाद टीम लकड़ी से लदे वाहन को डियर पार्क ले आई। वाहन में मौजूद लकड़ी का वजन धर्मकांटे पर कराया तो पता चला कि वाहन में 62.40 क्विंटल खैर की लकड़ी लदी है। पूछताछ के दौरान चालक ने अपना नाम रवि निवासी गांव मीरगामी थाना हाथरस जंक्शन, जिला हाथरस बताया। चालक द्वारा बताया गया कि मेरे पास खैर लकड़ी से सम्बंधित कोई अभिलेख नहीं है। वह चोरी छिपे खैर की लकड़ी को सोनभद्र से हिमाचल प्रदेश लेकर जा रहा था। चालक ने अपने मालिक को फोन मिलाया और वन विभाग की कार्रवाई की जानकारी दी तो उसने बात नहीं की। पूछताछ करने पर बताया कि जिस व्यक्ति ने यह लकड़ी लदवाई है, उसका खैर की लकड़ी का बहुत बड़ा काम है और वह जंगलों से खैर की लकड़ी कटवाकर एकत्रित करता है। बताया कि पिछले एक माह में चार बार चोरी की लकड़ी सोनभद्र से अलग-अलग स्थानों पर लेकर गया हूं। चालक का मोबाइल लेकर उसकी छानबीन की तो उसमें खैर की लकड़ी का व्यापार करने वाले व्यक्तियों के नंबर मिले। जो खैर की लकड़ी को जंगलों को काटकर चोरी से व्यापार करते हैं।

## लेफ्टिनेंट कर्नल के क्वार्टर से जेवर चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट में होली की छुट्टी पर घर गए लेफ्टिनेंट कर्नल के क्वार्टर से लाखों रुपये के जेवरात और अन्य सामान चोरी हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो कर्मचारियों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

रोहिणी नई दिल्ली निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल सौरभ गुप्ता के मुताबिक उनकी तैनाती कैंट के 6 एमडीएसआर में है। वह 165/1 पीबी मार्ग स्थित क्वार्टर में रहते हैं। उन्हें तीन दिन की छुट्टी पर घर जाना था। यह बात उनकी पत्नी ने घर में काम करने वाली मीना और साफ सफाई नायक बॉबी सिंह को बताई थी। वह 26 मार्च की सुबह पत्नी बच्चों के साथ वह घर चले गए। 27 मार्च को घर लौटे तो पता चला कि सोने की चेन, हार, कान की बाली समेत अन्य सामान चोरी है।

# नॉन इंटरलॉकिंग कार्य से प्रभावित होंगी 16 ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रेल प्रशासन आलमनगर-शाहजहांपुर रेलखंड के बीच टोडरपुर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य कराएगा। इसकी वजह से तीन से पांच अप्रैल के बीच 16 ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। रेलवे ने मुरादाबाद मंडल की चार ट्रेनों को निरस्त किया है। इसके अलावा दो ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट, सात ट्रेनें रिशेड्यूल और तीन ट्रेनें रेग्युलेट की जाएंगी।

मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 14235 वाराणसी बरेली एक्सप्रेस, दो से चार अप्रैल तक, 14307 प्रयागराज संगम-बरेली, 14236 बरेली वाराणसी, 14308 बरेली प्रयागराज तीन से पांच अप्रैल तक निरस्त रहेगी। इसके अलावा 15074 टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी तीन से पांच अप्रैल तक टनकपुर से 90 मिनट, 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ राज्यरानी तीन से पांच अप्रैल तक मेरठ से 120 मिनट, 15076 टनकपुर-शक्तिनगर चार अप्रैल को टनकपुर से 90 मिनट, 15098 जम्मूतवी-भागलपुर दो अप्रैल को जम्मूतवी से 65 मिनट, 15652 जम्मूतवी गुवाहटी लोहित तीन अप्रैल को जम्मूतवी से 65 मिनट, 12332 जम्मूतवी हावड़ा हिमगिरी 4 अप्रैल को जम्मूतवी से 65 मिनट, 15044 काठगोदाम लखनऊ चार व पांच अप्रैल को काठगोदाम से 65 मिनट देरी से चलाई जाएगी।

# चोरी की क्रेटा और पांच कैंटर के साथ दो पकड़े

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गंज पुलिस ने चोरी की क्रेटा कार और पांच कैंटर के साथ दो आरोपियों को रजा डिग्री कालेज से मंडी की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज चालान कर दिया गया है।

गुरुवार की सुबह गंज पुलिस को सूचना मिली कि तीन आरोपी दिल्ली से चुराई क्रेटा कार और पांच कैंटरों के साथ राजकीय रजा डिग्री कालेज से मंडी की ओर जाने वाले रास्ते पर मंडी से करीब 100 मीटर की दूरी पर खड़े हैं। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख एक आरोपी भागा गया। जबकि दो आरोपियों मोहम्मद शादाब निवासी बालक-बालिका स्कूल कस्बा व थाना स्वार तथा इब्ने हसन निवासी ग्राम छितरिया जागीर थाना टांडा को पुलिस ने दबोच लिया।

एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वाहनों को चोरी करने वाले दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस तीसरे आरोपी शौकत निवासी ग्राम लालपुर कला थाना टांडा को तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक क्रेटा कार दिल्ली नंबर और पांच कैंटर बरामद किए हैं।

## दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की कैद

**बरेली, अमृत विचार :** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी आगरा के जगदीशपुरा मोहल्ले के कामेन्द्र उर्फ काना को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हरिप्रसाद ने दस साल की कैद और 17 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। अर्थदंड से 15 हजार पीड़िता को बतौर मुआवजा दिए जाएगा।

सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर बताया था कि 10 फरवरी 2014 को उनकी बेटी स्कूल गई थी। वह पत्नी के साथ रिश्तेदारी में गए थे। शाम को घर पहुंचने पर बेटी को काफी तलाशा, मगर कुछ पता नहीं चला। तीन अज्ञात मोबाइल नंबरों से पत्नी के नंबर पर कॉल आती थी। उन्होंने फोन करने वाले पर बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का शक जाहिर किया था।

# हत्यारोपियों की तलाश में पीलीभीत पहुंची पुलिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नानकमत्ता गुरुद्वारे के कार सेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपियों की तलाश में उत्तराखंड पुलिस ने पीलीभीत पहुंचकर सुरागरसी की। कई जगह सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक किए। स्थानीय पुलिस भी सहयोग में साथ रही। हालांकि कोई खास क्लू नहीं मिल सका।

नानकमत्ता गुरुद्वारे के कार सेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक पर सवार होकर हत्यारोपियों ने फायरिंग कर घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए थे। हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस सनसनीखेज वारदात को लेकर उत्तराखंड की पुलिस गुरुवार को पीलीभीत पहुंची। खटीमा के पुलिस अधिकारियों संग आई टीम ने कई स्थानों पर छानबीन की। शहर के नकटादाना चौराहा,आसाम रोड चौराहा, छतरी चौराहा आदि जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक किए। स्थानीय पुलिस की मदद से वाहनों को भी चेक किया गया। दरअसल उत्तराखंड से पीलीभीत की न्यूरिया और अमरिया थाने की सीमा सटी हुई है। दोनों की सीमावर्ती इलाकों में दिन भर टीमें अलर्ट रही। इसके अलावा पूरनपुर, माधोटांडा क्षेत्र में भी विशेष चौकसी बरती गई।

## दो पासपोर्ट मामले में सुनवाई तीन को

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। अब इस मामले में तीन अप्रैल को सुनवाई होगी।

भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई 2019 को सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें भाजपा विधायक ने अब्दुल्ला आजम पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगाया था। आरोप है कि एक पासपोर्ट में जन्मतिथि एक जनवरी 1993 है, जबकि दूसरे में जन्मतिथि 30 सितंबर 1990 दर्ज है। पुलिस ने जांच के बाद अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए थे।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 1910, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1860, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1495, सचिन 1610, सूरज 1520, अवसर 1650, राग गोल्ड 1695, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1880। किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 12000–18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950। चावल –( प्रति कु0 ) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5 किलो ) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250। दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7150–7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800–10500, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10400, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800–14300, अरहर कोरी छोटी 15000। चीनी– डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3980 (नयी), बहेड़ी 4000 (नयी)।

# किसानों को बारिश व ओलावृष्टि से रबी फसलों की क्षतिपूर्ति का इंतजार

## 2 व 3 मार्च को सर्वे पूरा, तय समय पर आकलन और भुगतान नहीं कर पाईं कंपनियां

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद रबी फसलों की क्षतिपूर्ति का किसानों को इंतजार है। बीमा कंपनियों ने देर-सबेर और कृषि विभाग के दबाव में सर्वे तो पूरा कर लिया है लेकिन, नुकसान का आकलन और भुगतान अब तक नहीं कर पाई हैं। यह भी कहा जा रहा कि कंपनियां क्लेम बचाने के चक्कर में क्षतिपूर्ति के व्यक्तिगत दावों को अनदेखा कर रही हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आठ हजार से अधिक किसानों ने व्यक्गित दावा किया था। इसमें कितने निरस्त और स्वीकृत हुए, कितनी क्षतिपूर्ति बनी यह कह पाना संबंधित कृषि विभाग के लिए भी मुश्किल है। क्योंकि कंपनियों ने झांसी को छोड़कर बाकी जिलों की रिपोर्ट नहीं दी है। वहीं, राजस्व विभाग तीन दिन के अंदर सर्वे कर रिपोर्ट सौंप चुका है।

> सभी जिलों में सर्वेक्षण हो गया है। सिर्फ झांसी की रिपोर्ट मिली है। जबकि अन्य जिलों का आकलन और भुगतान प्रक्रिया में है। रिपोर्ट मांगी है। इससे जल्द से जल्द किसानों को भुगतान किया जा सके।
>
> **– उमा शंकर सिंह, उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी।**

### 14 लाख किसानों ने कराया था फसल बीमा



रबी में गेहूं, जौ, मटर, सरसों, मसूर, आलू आदि फसलों का योजना के तहत 14 लाख तक किसानों ने बीमा कराया है। बीमा कंपनियों ने किसानों के साथ केंद्र व राज्य अंश प्रीमियम के तौर पर लिया है और आपदा के समय इन्हीं किसानों ने टोलफ्री नंबर पर व्यक्तिगत दावा किया था। ऐसी स्थिति में गाइडलाइन के अनुसार 15 दिन के अंदर सर्वेक्षण व नुकसान का आकलन करना होता है और और एक माह के अंदर 25 प्रतिशत धनराशि देय होती है। जबकि शेष राशि कटाई के दौरान भुगतान की जाती है।

## बैंक ऑफ इंडिया पर 564 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग ने बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) ने गुरुवार को कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ आयकर आयुक्त, राष्ट्रीय फेसलेस अपील केंद्र (एनएफएसी) के समक्ष अपील दायर करने की प्रक्रिया में है। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "उसे आयकर विभाग, आकलन इकाई से आकलन वर्ष 2018-19 से संबंधित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 270ए के तहत आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें विभिन्न नियमों के उल्लंघनों पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।" इसमें कहा गया कि बैंक का मानना है कि उसके पास इस मामले में अपनी स्थिति को उचित रूप से साबित करने के लिए पर्याप्त तथ्यात्मक और कानूनी आधार हैं।

# अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में किया निवेश

- 6,661 करोड़ रुपये के निवेश से हिस्सेदारी 66.7 % हुई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 6,661 करोड़ रुपये के निवेश की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इससे देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी में उसकी हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर 66.7 प्रतिशत हो गई है।

उद्योगपति गौतम अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट्स के एक बयान में कहा, निवेश अडाणी समूह के सीमेंट व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण होगा, जिसकी 2028 तक अपनी क्षमता 14 करोड़ टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की योजना है। इससे पहले अक्टूबर 2022 में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित वारंट जारी करने के लिए प्रवर्तक अडाणी परिवार ने कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। अंबुजा सीमेंट्स के पास एक अन्य सीमेंट कंपनी एसीसी लिमिटेड में भी नियंत्रण हिस्सेदारी है। कंपनी ने बयान में कहा, '' इससे अडाणी परिवार की कंपनी में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर कुल 66.7 प्रतिशत हो गई है। अंबुजा सीमेंट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कपूर ने कहा कि यह निवेश ''तेजी से विकास, पूंजी प्रबंधन पहल आदि'' हासिल करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, '' यह न केवल हमारे दृष्टिकोण तथा व्यवसाय मॉडल में दृढ़ विश्वास का प्रमाण है, बल्कि हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक टिकाऊ मूल्य सृजन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।''

### सर्राफा

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 66,550 |
| चांदी आभूषण | 74,800 |

## हल्द्वानी मंडी

(दाम प्रति किग्रा. में) **चावल :** शरबती–110 मसूरी– 98 बासमती– 150 **दाल दलहन :** काला चना– 120 साबुत चना दाल– 112 मूंग साबुत– 95–125 राजमा– 156 दाल उड़द– 120 साबुत मसूर दाल– 119 मसूर दाल–76–109 उड़द साबुत– 120 काबुली चना– 70–140 अरहर दाल– 165
**लोबिया/करमानी** : 90–135
**सोयाबीन** : 120
**मूंगफली :** 78–130
**मटर (सूखी)** : 61
**मक्का :** 18–30

## एक अप्रैल को 2000 का नोट बदलने, जमा करने की सुविधा नहीं

**मुंबई।** बैंकों में वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण 2000 के नोट को बदलने या जमा करने की सुविधा एक अप्रैल, 2024 यानी सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को बयान में कहा कि अगले दिन मंगलवार को यह सुविधा केंद्रीय बैंक के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में बहाल हो जाएगी। आरबीआई ने कहा, " वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में 2000 रुपये के बैंक नोटों के विनिमय/जमा की सुविधा एक अप्रैल, 2024 दिन सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी।"

## रिलायंस ने अडाणी पावर की परियोजना में हिस्सेदारी खरीदी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने प्रतिद्वंद्वी कारोबारी गौतम अडाणी की कंपनी अडाणी पावर की मध्य प्रदेश में एक बिजली परियोजना में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। यह पहला मौका है जबकि दो प्रतिद्वंद्वी अरबपति उद्योगपतियों के बीच किसी तरह का गठजोड़ हुआ है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने संयंत्र की 500 मेगावाट बिजली का खुद इस्तेमाल (कैप्टिव यूज) करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को अलग-अलग दी सूचना में कहा कि रिलायंस, अडाणी पावर लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड में 10 रुपये अंकित मूल्य (50 करोड़ रुपये) के पांच करोड़ इक्विटी शेयर खरीदेगी और निजी उपयोग के लिए 500 मेगावाट उत्पादन क्षमता का उपयोग करेगी। अंबानी की रुचि तेल और गैस से लेकर खुदरा और दूरसंचार तक है तो अडाणी का ध्यान बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों, कोयला और खनन तक फैले बुनियादी ढांचे पर है।

# अर्थव्यवस्था 2047 तक 8 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है : सुब्रमण्यम

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम ने कहा कि अगर देश पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सके और सुधारों में तेजी लाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक आठ प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। सुब्रमण्यम ने कहा कि स्पष्ट रूप से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर महत्वाकांक्षी है क्योंकि भारत पहले लगातार आठ प्रतिशत की दर से नहीं बढ़ पाया है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है।

वेंकट सुब्रमण्यम ने गुरुवार को कहा, '' पिछले 10 वर्षों में भारत ने जिस तरह की वृद्धि दर्ज की है, अगर हम पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सकते हैं और सुधारों में तेजी लाएं तो भारत यहां से 2047 तक आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर सकता है।'' भारत की अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो पिछले डेढ़ साल में सबसे तेज गति है। अक्टूबर-दिसंबर में चालू वित्त वर्ष के अनुमान को 7.6 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया। सुब्रमण्यम ने कहा, '' भारत आठ प्रतिशत की दर से बढ़ता है, तो 2047 तक भारत 55000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है।''

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### माफिया अतीक का 'शूटर' बल्ली पंडित गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस ने माफिया अतीक अहमद गिरोह के 'शार्प शूटर' बल्ली पंडित उर्फ सुधांशु त्रिपाठी को बृहस्पतिवार को खुल्दाबाद थानाक्षेत्र में एडीसी ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि बल्ली पंडित खुल्दाबाद थाने में पंजीकृत एक मुकदमे में वांछित था। एक व्यापारी से हर महीने दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने के लिए उसके खिलाफ हाल में खुल्दाबाद थाने में भादंसं की धारा 386 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

### मीरवाइज को नज़रबंद किया : संगठन का दावा

**श्रीनगर।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले एक धार्मिक संगठन ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उन्हें नजरबंद कर दिया गया है। अंजुमन औकाफ़ जामिया मस्जिद ने एक बयान में कहा, "आज शहर की आली मस्जिद में होने वाले मीरवाइज के खुतबे (उपदेश) से पहले अधिकारियों ने उन्हें नजरबंद कर दिया।" हालांकि, यहां अधिकारियों ने मीरवाइज की नजरबंदी के दावे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। मीरवाइज को चार साल से अधिक समय के बाद पिछले साल सितंबर में नजरबंदी से रिहा किया गया था। उन्हें अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को जम्मू कश्मीर से निरस्त किए जाने के मद्देनजर नजरबंद कर दिया गया था।

### झामुमो सिद्धांतों से भटकी: सीता सोरेन

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ''अपने सिद्धांतों से भटक गई है और भ्रष्टाचार में लिप्त है'' तथा झारखंड का विकास केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विचारधारा के जरिए ही संभव हो सकता है। सीता सोरेन ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी और '' अबकी बार 400 पार'' के अपने लक्ष्य को हासिल करेगी। सीता सोरेन 19 मार्च को भाजपा में शामिल हुई थीं। जामा से पूर्व विधायक सोरेन बृहस्पतिवार को झारखंड पहुंचीं और उन्होंने रांची में भाजपा मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत की।

# आप राजनीतिक नाटक के लिए अदालत के इस्तेमाल की कोशिश कर रही : भाजपा

## दावा- केजरीवाल और उनके वकीलों ने अदालत में पुराने आरोपों को ही दोहराया

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर आरोप लगाया कि वह अपने राजनीतिक नाटक के लिए अदालत का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके वकीलों ने अदालत में पुराने आरोपों को ही दोहराया। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी मामले में गिरफ्तार किया गया है।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने संवाददाताओं से कहा कि आप ने निराधार आरोप लगाए हैं और वह न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने इससे पहले एक स्थानीय अदालत से कहा था कि ईडी ने उन्हें निशाना बनाने के एकमात्र उद्देश्य से काम किया और महज कुछ बयानों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने दावा किया कि मामले में सरकारी गवाह बने आरोपी शरत चंद्र रेड्डी ने भाजपा को 55 करोड़ रुपये का चंदा दिया और यह धन के लेन-देन का मामला है। पूनावाला ने पलटवार करते हुए कहा कि आप ने अदालत को अपने राजनीतिक नाटक के लिए खेल का मैदान बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विपक्षी दलों का चरित्र है कि वे ''लूटें, झूठ बोलें'' और पकड़े जाने पर खुद को पीड़ित बताएं तथा फिर संस्थानों पर दबाव डालें। उन्होंने कहा कि आप ने निराधार आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आबकारी मामले में कई आरोपियों को उच्चतम न्यायालय से भी कोई राहत नहीं मिली है।

### केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए : भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा की दिल्ली इकाई ने अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की और आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी संवैधानिक संकट का सामना कर रही है। दिल्ली इकाई अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल को हिरासत में लिए जाने के बाद आप में से किसी को भी मुख्यमंत्री बनाया जा सकता था। तिवारी ने कहा, जिन्होंने आपको चुना है, तो आप से किसी को भी मुख्यमंत्री बना सकते हैं। सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए 'आप' में अंदरूनी खींचतान चल रही है। उन्होंने जांच एजेंसी की हिरासत से सरकार चलाने की संवैधानिक वैधता पर भी सवाल उठाया।



बर्मिंघम स्थित गुरु नानक निष्काम सेवक जत्था के स्वयंसेवकों ने गुरुवार को अमृतसर में स्वर्ण मंदिर की सोने की परत वाली दीवारों और गुंबद की सफाई की। • एजेंसी

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी, 88 सीटों पर चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए इसी चरण में मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जाएगा।

# आप की गोवा इकाई अध्यक्ष और तीन अन्य से पूछताछ

**पणजी, एजेंसी**

ईडी ने गुरुवार को आप की गोवा इकाई के अध्यक्ष अमित पालेकर और तीन अन्य लोगों से धनशोधन के एक मामले में पूछताछ की। ईडी ने पूछताछ के लिए पालेकर, आप नेता रामराव वाघ और दो अन्य लोगों-दत्ताप्रसाद नाइक तथा अशोक नाइक को तलब किया था। सूत्रों ने बताया कि चारों को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। दत्ताप्रसाद नाइक और अशोक नाइक गोवा में भंडारी समुदाय के नेता हैं। पालेकर दोपहर 12.10 बजे यहां ईडी कार्यालय पहुंचे, वहीं तीन अन्य लोग उनसे पहले 11.15 बजे पहुंच गए। ईडी कार्यालय में प्रवेश से पहले पालेकर ने कहा, मुझे बुलाया गया है। मैं लौटकर आप सबसे बात करूंगा। दोपहर दो बजे ईडी कार्यालय से निकलने के बाद पालेकर ने कहा, ''जांच किस बारे में है, मैं इसकी जानकारी नहीं दे सकता। मैं जांच में शामिल हो गया हूं। वे मुझसे जो भी सवाल पूछ रहे हैं, मैं उनका उत्तर दे रहा हूं। दोपहर बाद एजेंसी ने फिर से पूछताछ की। पालेकर और अन्य नेताओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए गोवा के विधायक वेंजी वीगास और क्रूज सिल्वा समेत वरिष्ठ आप नेता ईडी कार्यालय के बाहर उपस्थित थे।

## मनाली के कुल्लू में हिमस्खलन के बाद व्यक्ति लापता, रेस्क्यू जारी

**शिमला, एजेंसी**

मनाली जिले के कुल्लू में हिमस्खलन के बाद एक व्यक्ति लापता हो गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हिमस्खलन बृहस्पतिवार दोपहर कुल्लू के जगतसुख गांव में हुआ। मौजूदा शुष्क मौसम में पहाड़ों पर बर्फ पिघलनी शुरू हो गई है। मनाली के उप संभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) रमन शर्मा ने कहा कि पुलिस, प्रशासन और स्थानीय निवासी बचाव अभियान में जुटे हैं और लापता व्यक्ति को तलाशने के लिए बर्फ हटाई जा रही है। मनाली के डीएसपी के.डी. शर्मा ने कहा कि अचानक हुए हिमस्खलन के चलते कांगड़ा निवासी राजेश कुमार बर्फ में दब गये। बीते 24 घंटे में मौसम मुख्य तौर पर शुष्क रहा है।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- सरकार अग्निवीर योजना में बदलाव को तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि यदि सरकार को सशस्त्र सेनाओं में अग्निवीरों की भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना में कोई कमी दिखाई देती है तो जरूरत पड़ने पर वह इसमें सुधार को तैयार है। सिंह ने कहा कि यह एक सच्चाई है कि सेना में युथफुलनेस होनी चाहिए।

हमारे सेना के जवानों की उम्र 30, 35, 40 या 50 वर्ष की रही है, लेकिन जब हमारे 18 या 20 वर्ष के जवान होंगे अग्निवीर के माध्यम से तो मैं समझता हूं कि जोखिम उठाने का जज्बा जवानों में अधिक होता है। सेना को युवाओं की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह प्रौद्योगिकी का युग है और इसमें जवान प्रौद्योगिकी में पारंगत भी होने चाहिए। ऐसे नौजवानों की भर्ती अग्निवीर के रूप में की जा रही है। अग्निवीरों के कल्याण के लिए सरकार के किए जा रहे उपायों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। इस बात की पक्की गारंटी है उसके लिए तंत्र में जो भी बदलाव किया जा सकता है वह किया जाएगा।

### देश की सीमाएं सुरक्षित

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं और देश के लोगों को सशस्त्र बलों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। अग्निवीर योजना की आलोचना को लेकर पर मंत्री ने कहा कि ऐसे सवालों का कोई औचित्य नहीं है। हर कोई मानता है कि सशस्त्र बलों का युवा स्वरूप होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने लगभग 50 साल लंबे अपने राजनीतिक सफर के किस्से भी साझा किए। भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विपक्षी दलों सहित कई लोगों के उठाए सवालों पर सिंह ने कहा कि देश के हितों को ध्यान में रखते हुए, मैं विपक्षी दलों को जो कुछ भी बता सकता हूं, बताता हूं, लेकिन रक्षा क्षेत्र में कई चीजें हैं जिनका रणनीतिक महत्व है।

## महाकाल मंदिर में कपूर आरती में गुलाल गिरने से लगी थी आग

**उज्जैन।** उज्जैन के महाकाल मंदिर में 25 मार्च को आग लगने से 14 पुजारी और 'सेवक' के घायल होने संबंधी मामले में जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि आग कपूर आरती में गुलाल गिरने से लगी थी। होली के दिन शाम 5:50 बजे भस्म आरती के दौरान प्रसिद्ध मंदिर के गर्भ गृह में आग लगी थी। डीएम नीरज कुमार सिंह ने जांच रिपोर्ट के बारे में बताया कि मंदिर प्रबंधन द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया गुलाल 'कपूर' आरती पर गिर गया और आग लग गई। आग चार से पांच सेकंड में बुझा दी गई, लेकिन यह इतनी तेज थी कि कई लोग 25-30 प्रतिशत झुलस गए।"

# बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक बड़ी सफलता के तहत एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए की कई टीम द्वारा कर्नाटक, तमिलनाडु और उप्र में 18 स्थानों पर छापे की कार्रवाई के बाद मुजम्मिल शरीफ को पकड़ा। एनआईए ने तीन मार्च को इस मामले को अपने हाथ में लिया था। एजेंसी ने इसके पहले आरोपी के रूप में मुसाविर शाजीब हुसैन की पहचान की थी जिसने विस्फोट को अंजाम दिया था।

बयान में कहा गया है कि एक अन्य षड्यंत्रकर्ता अब्दुल मथीन ताहा की भी पहचान की गई है जो अन्य मामलों में भी एजेंसी द्वारा वांछित है। इसमें कहा गया है दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं। एनआईए की जांच से पता चला है कि मुजम्मिल शरीफ ने एक मार्च को बेंगलुरु के आईटीपीएल रोड पर ब्रुकफील्ड स्थित कैफे में आईईडी विस्फोट से जुड़े मामले में पहचाने गए अन्य दो आरोपियों को जरूरी सहायता प्रदान की थी। इस विस्फोट में कई ग्राहक और होटल के कर्मचारी घायल हो गए और संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा। इस विस्फोट में कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट के आरोपी की जानकारी के बदले 10 लाख रुपए का इनाम देने की पेशकश की है। एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि जो भी व्यक्ति ऐसी कोई जानकारी देगा जिसकी मदद से आरोपी गिरफ्तार हो सके, वह इनाम का हकदार होगा।



## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 02 | +0.800 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.200 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.180 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.528 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

## खेल डायरी

### सिंधू मैड्रिड मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**मैड्रिड।** भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में पूरी तरह से सिंधू का दबदबा दिखा जिन्हें विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज ताइवान की क्वालीफायर खिलाड़ी से कोई चुनौती नहीं मिली। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने 36 मिनट तक चले मैच को 21-14, 21-12 से अपने नाम किया। सिंधू के सामने अब थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग या जापान की नात्सुकी निदाइरा में से किसी एक की चुनौती होगी।

### गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के कोच पद से देंगे इस्तीफा

**एडिलेड।** जेसन गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच पद से जून के आखिर में इस्तीफा देंगे। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन (एसएसीए) ने गुरुवार को दिये एक बयान में कहा है कि जेसन गिलेस्पी जून के आखिर में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे। गिलेस्पी ने कहा, "हमने एसएसीए में एक साथ मिलकर जो हासिल किया, उस पर मुझे अविश्वसनीय रूप से गर्व है और मैं उन यादों को हमेशा संजोकर रखूंगा। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है।"

### मेनन आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर बने रहेंगे

**दुबई।** भारत के नितिन मेनन लगातार पांचवीं बार अंपायरों के आईसीसी एलीट पैनल में शामिल हुए जबकि बांग्लादेश के शरफुद्दौला इब्ने शाहिद इस सूची में जगह बनाने वाले अपने देश के पहले अंपायर बने। इंदौर के मेनन 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान में एलीट पैनल में शामिल हुए थे। वह गुरुवार को 2024-25 सत्र के लिए जारी आईसीसी की 12-सदस्यीय अंपायरों की सूची में एकमात्र भारतीय बने हुए हैं। एस रवि और पूर्व स्पिनर एस वेंकटराघवन के बाद एलीट पैनल का हिस्सा बनने वाले वह केवल तीसरे भारतीय हैं। रवि ने 33 जबकि वेंकटराघवन ने 73 टेस्ट में मैदानी अंपायर की भूमिका निभाई हैं।

### आईपीएल 17 के पहले दिन दर्शक संख्या का रिकॉर्ड टूटा

**मुंबई।** आईपीएल के 17वें सत्र के पहले दिन उद्घाटन समारोह और चेन्नई सुपर किंग्स तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच मैच को रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा। मेजबान प्रसारक ने यह जानकारी दी। इंडियन प्रीमियर लीग के आधिकारिक प्रसारक डिजनी स्टार ने कहा कि पहले दिन के खेल का 'वाचटाइम' (देखने का समय) 1276 करोड़ मिनट रहा जो किसी भी सत्र में पहले दिन का रिकॉर्ड है। आईपीएल के 17वें सत्र में पहले दिन डिजनी स्टार नेटवर्क पर छह करोड़ ये अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। कंपनी ने कहा, ''डिजनी स्टार ने आईपीएल 2023 के पहले दिन 870 करोड़ मिनट रिकॉर्ड किये थे। पिछले सत्र की तुलना में वाचटाइम में 16 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।''

### आडवाणी, सितवाला प्री-क्वार्टर फाइनल में

**मुंबई।** विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी और राष्ट्रीय चैंपियन ध्रुव सितवाला ने गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबलों में जीत के साथ 'ऑल इंडिया सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024' प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। गत चैम्पियन आडवाणी ने ग्रुप ए के मैच में देवेंद्र जोशी को 1063-224 के बड़े अंतर से हराने के दौरान 529 का बड़ा ब्रेक बनाया। इंग्लैंड के डेविड कौजियर ने 465 और 301 के बड़े ब्रेक के दम पर भारत के विशाल मदान को 1183-301 से हराया। सितवाला ने ग्रुप ई मुकाबले में कमल चावला को 667-250 हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई के रोहन जंबूसरिया ने ग्रुप एफ मैच में पूर्व विश्व चैंपियन कोलकाता के सौरव कोठारी पर 520-403 की शानदार जीत दर्ज की।

### शरफुद्दौला आईसीसी एलीट समूह के अंपायरों में

**दुबई।** आईसीसी ने शरफुद्दौला को अंपायरों के अपने विशिष्ट पैनल में नियुक्त किया है। वह इस समूह में शामिल होने वाले पहले बांग्लादेशी हैं। मैच रेफरी के नए पैनल में अनुभवी क्रिस ब्रॉड शामिल नहीं हैं। ब्रॉड वर्ष 2003 से एलीट पैनल में हैं। उन्होंने 123 टेस्ट, 361 एकदिवसीय और 135 टी-20 मैचें में अंपायरिंग की है। वह 2009 टी-20 विश्वकप और 2021 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में मैच रेफरी थे। उनकी गिनती सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग वालों में है। आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने कहा, "क्रिस ब्रॉड कई वर्षों से एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एक मूल्यवान सदस्य रहे हैं और उन्होंने अपनी भूमिका उत्कृष्टता के साथ निभाई है।"



यशस्वी जयसवाल को जल्दी आउट करने के बाद जश्न मनाते मुकेश कुमार।



रविचंद्रन अश्विन के विकेट का साथियों संग जश्न मनाते दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज अक्षर पटेल।

# रियान का अर्धशतक, राजस्थान की लगातार जीत

## राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 12 रनों से हराया, रियान की अश्विन के साथ 54 व जुरेल के साथ 52 रन की साझेदारी




रियान पराग

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में गुरुवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 185 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को पांच विकेट पर 173 रन पर रोक दिया। दिल्ली के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 44 और डेविड वॉर्नर ने 49 रन बनाये। राजस्थान के लिए नांद्रे बर्गर ने और युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिये।

रियान ने 45 गेंद की पारी में सात चौके और तीन छक्के लगा कर आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उनकी ताबड़तोड़ पारी से टीम ने आखिरी सात ओवर में 92 रन जोड़े। राजस्थान की टीम आठ ओवर के बाद 38 रन पर तीन विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन रियान ने रविचंद्रन अश्विन (19 गेंद में 29 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 54 और पांचवें विकेट के लिए ध्रुव जुरेल (12 गेंद में 20 रन) के साथ 23 गेंद में 52 रन की आक्रामक साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी करायी। उन्होंने शिमरोन हेटमायर (सात गेंद में नाबाद 14 रन) के साथ 16 गेंद में 43 रन की अटूट साझेदारी के दौरान आखिरी ओवर में एनरिच नोर्किया के खिलाफ तीन चौके और दो छक्के लगाकर 25 रन बटोरे। दिल्ली कैपिटल्स के पांचों गेंदबाजों को एक-एक सफलता मिली। खलील अहमद ने 24 और अक्षर पटेल ने 21 रन दिये तो वही कुलदीप यादव ने 41, नोर्किया ने 48 और मुकेश कुमार ने 49 रन लुटाये। दिल्ली के तेज गेंदबाजों ने शुरूआत में कसी हुई गेंदबाजी की। मुकेश ने पारी के दूसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल को बोल्ड कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलायी। कप्तान संजू सैमसन ने इस गेंदबाज के अगले ओवर में हैट्रिक चौके जड़े लेकिन छठे ओवर में खलील अहमद की गेंद को अपना 100वां आईपीएल मैच खेल रहे ऋषभ पंत के हाथों में खेल गये। पावरप्ले में राजस्थान की टीम दो विकेट पर 31 रन ही बना सकी। दूसरे छोर से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे जोस बटलर आठवें ओवर में कुलदीप यादव की गेंद पर पगबाधा हो गये। रियान ने नौवें ओवर में अक्षर के खिलाफ चौका जड़ा। यह राजस्थान का 31 गेंद के बाद पहला चौका था। अश्विन ने कुलदीप के खिलाफ पारी का पहला छक्का जड़ने के बाद 11वें ओवर में नोर्किया के खिलाफ दो छक्के जड़कर बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे जाने के फैसले को सही साबित किया।

**राजस्थान 185/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो मुकेश कुमार | 05 | 07 | 1/0 |
| जोस बटलर पगबाधा कुलदीप | 11 | 16 | 0/0 |
| संजू सैमसन का पंत बो खलील | 15 | 14 | 3/0 |
| रियान पराग नाबाद | 84 | 45 | 7/6 |
| रविचंद्रन अश्विन का स्टब्स बो अक्षर | 29 | 19 | 0/3 |
| ध्रुव जुरेल बो नोर्किया | 20 | 12 | 3/0 |
| शिमरोन हेटमायर नाबाद | 14 | 07 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-0-24-1, मुकेश 4-0-49-1, नोर्किया 4-0-48-1, अक्षर 4-0-21-1, कुलदीप 4-0-41-1

### अश्विन बोले- आश्चर्य होता है कि क्या आईपीएल क्रिकेट है

**नयी दिल्ली।** भारत के शीर्ष स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि आईपीएल इतना 'विशाल' हो गया है कि कभी-कभी क्रिकेट पीछे चला जाता है और खिलाड़ियों के लिए ट्रेनिंग और विज्ञापन शूटिंग के बीच तालमेल बैठाना मुश्किल हो जाता है। अश्विन ने 'क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट' पर कहा, ''आईपीएल में आने वाले एक युवा खिलाड़ी के रूप में मैं केवल बड़े सितारों से सीखना चाहता था। मैंने यह नहीं सोचा था कि आईपीएल अगले 10 वर्षों में कैसा दिखेगा। आईपीएल में इतने सारे सत्र खेलने के बाद मैं यह कह सकता हूं कि आईपीएल बहुत बड़ा है।'' उन्होंने कहा, ''कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि क्या आईपीएल क्रिकेट है भी क्योंकि (आईपीएल के दौरान) खेल पीछे चला जाता है। यह बहुत बड़ा है। हम विज्ञापन शूटिंग और सेट में अभ्यास करते हैं।''

## आईपीएल में जीत की लय बरकरार रखने उतरेंगे आरसीबी-केकेआर

**बेंगलुरू, एजेंसी**

पिछले मैच में मिली जीत से उनका हौसला बढा है लेकिन प्रदर्शन में परिपक्वता लाना बाकी है और शुक्रवार को आईपीएल 2024 के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर तथा कोलकाता नाइट राइडर्स अपेक्षा के अनुरूप खेल दिखाने के इरादे से उतरेंगी। आरसीबी ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराया जबकि केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से मात दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की शीर्ष और मध्यक्रम की बल्लेबाजी की समस्यायें बनी हुई हैं।

पंजाब के खिलाफ 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के अर्धशतक से आरसीबी खेमे ने राहत की सांस ली होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार से अभी अच्छी पारी की उम्मीद है। पंजाब के खिलाफ आखिरी क्षणों में दिनेश कार्तिक का अनुभव और 'इंपैक्ट खिलाड़ी' महिपाल लोमरोर की उपयोगी पारी उनके काम आई। केकेआर के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने पर वे आरसीबी के बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बन सकते हैं। आरसीबी के लिये तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल ने पंजाब के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की लेकिन बाकी गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा। **मैच का समय :** शाम 7.30 से।

## वॉर्नर, स्टोइनिस, एगर सीए के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

**मेलबर्न।** वनडे और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर, हरफनमौला एश्टोन एगर और मार्कस स्टोइनिस को वर्ष 2024-25 के लिये क्रिकेट आस्ट्रेलिया के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया है। विक्टोरिया के सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस और तेज गेंदबाज माइकल नासिर को भी अनुबंध नहीं मिल सका है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार 23 खिलाड़ियों को अनुबंध दिये गए हैं। आस्ट्रेलिया को अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के अलावा भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला भी खेलनी है। वॉर्नर का अनुबंध से बाहर रखन तय था जो टी20 विश्व कप के बाद खेल को अलविदा कहने का ऐलान कर चुके हैं।

## सूर्यकुमार को मैच के लिए फिट होने में समय लगेगा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और आईपीएल के कुछ और मैचों में नहीं खेल पाएंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है। मुंबई इंडियन्स के लिए खेलने वाले सूर्यकुमार मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं और उनकी टीम को दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, ''सूर्या (सूर्यकुमार) काफी अच्छी प्रगति कर रहा है और काफी जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से वापसी करेगा। शुरुआती दो मैच में नहीं खेल पाने के बाद हालांकि उसे कुछ और मुकाबलों से बाहर रहना पड़ सकता है।'' मुंबई इंडियन्स को सूर्यकुमार की कमी खल रही है लेकिन बीसीसीआई इस आक्रामक बल्लेबाज की फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता क्योंकि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, ''बीसीसीआई के लिए मुख्य चिंता यह है कि वह टी20 विश्व कप में खेलने की राह पर हैं या नहीं और वह इस स्थिति में है।''




## बॉलीवुड हलचल

## आलिया और शरवरी की फिल्म में विलेन बनेंगे बॉबी देओल



**मुंबई, एजेंसी।** यशराज प्रोडक्शन के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म में आलिया भट्ट लीड रोल में नजर आने वाली हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी लेटेस्ट अपडेट सामने आई है। सुनने में आया है कि इस फिल्म में बॉबी देओल को विलेन के रोल में कास्ट कर लिया गया है। इस अनटाइटल्ड फिल्म में आलिया और बॉबी के अलावा शरवरी वाघ भी अहम रोल में नजर आएंगी। फिल्म से जुड़े एक सूत्र की मानें तो 'एनिमल' की सफलता के बाद बॉबी को विलेन के रोल ज्यादा ऑफर किए जा रहे हैं। इस फिल्म में भी वो आलिया और शरवरी से भिड़ते नजर आएंगे। बॉबी फिल्म से जुड़े पेपर वर्क पूरे कर चुके और इस साल के सेकेंड हाफ में वो इस फिल्म की शूटिंग पर जुटेंगे।' सूत्र ने यह जानकारी भी दी कि इस फिल्म में बॉबी स्पेशल लुक में नजर आएंगे। उन्हें इससे पहले कभी इस तरह के लुक में नहीं देखा गया। फिल्म के जरिए आलिया और बॉबी पहली बार किसी फिल्म में साथ काम भी करेंगे। बॉबी पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई आलिया के हस्बैंड रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' में विलेन के रोल में नजर आए थे।



## डिजिटल डेब्यू की तैयारी में अभिनेता अक्षय खन्ना

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना 49 साल के हो चुके हैं। ये जाने-माने एक्टर विनोद खन्ना के छोटे बेटे हैं। अक्षय ने पिता विनोद खन्ना के प्रोडक्शन में बनी फिल्म हिमालय पुत्र से बॉलीवुड डेब्यू किया था, लेकिन 1999 में हिट फिल्म ताल से इन्हें पॉपुलैरिटी मिली। अक्षय ने ताल, बॉर्डर, हलचल, हंगामा, गांधी माय फादर, रेस, दिल चाहता है जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। हालांकि, तब भी इन्हें फिल्म इंडस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला जिसके ये हकदार थे। 22 साल की उम्र में डेब्यू करने वाले अक्षय 19 साल की उम्र में बाल झड़ने की समस्या से जूझने लगे थे। करियर आगे बढ़ा तो अक्षय की ये समस्या और गहरी हो गई, जिसका असर उनके फिल्मी करियर पर भी पड़ने लगा। अक्षय ने फिल्मों से कुछ सालों का दो बार ब्रेक भी लिया। 27 साल के करियर में अक्षय करीब पांच साल तक घर बैठे। इनकी पिछली फिल्म दृश्यम 2 थी जो कि 2022 में रिलीज हुई थी। अक्षय अब अपने डिजिटल डेब्यू की तैयारी कर रहे हैं। वो रवीना टंडन के साथ वेब सीरीज 'लीगेसी' में नजर आएंगे।

## दीपिका पादुकोण का अजीब पोस्ट पढ़ परेशान हुए फैंस



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। रणवीर-दीपिका के घर जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। दीपिका इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में कपल ने पोस्ट शेयर कर अपने आने आने वाले बच्चे की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की थी। इसी बीच मॉम टू बी दीपिका पादुकोण ने एक ऐसा पोस्ट किया है जिसे पढ़ने के बाद उनके चाहने वाले टेंशन में आ गए हैं। अपने इस पोस्ट में दीपिका ने महिलाओं की सफलता को लेकर बात की है। इसके अलावा भी एक्ट्रेस ने काफी कुछ लिखा है। दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट की है। अपने इस पोस्ट में दीपिका ने महिलाओं की सक्सेस पर तंज कसा है। एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा कि "चारों तरफ देखें कि आप कहां हैं, देखें कि सफलता की परिभाषा बदलने के लिए आप क्या कर सकते हैं। ताकी आपके बाद आने वाली महिलाओं को ऐसा महसूस नहीं होगा कि सफलता और स्ट्रेस के बीच इसका चयन करना है।" दीपिका के प्रेग्नेंसी के दौरान के इस पोस्ट ने उनके फैंस की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि एक्ट्रेस ने ऐसा पोस्ट क्यों किया इसके पीछे की क्या वजह है इस बात की जानकारी नहीं हैं। मां बनने वाली हैं दीपिका पादुकोणबता दें कि रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने फरवरी में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'सितंबर 2024' लिखा था। तस्वीर के चारों तरफ बच्चों के खिलौने बने हुए थे। इस पोस्ट के सामने आने के बाद कपल के फैंस और स्टार्स ने उन्हें जमकर बधाई दी थी। शादी के लगभग पांच साल बाद कपल पेरेंट्स बनने जा रहा है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# मलयेशिया यात्रा से रणनीतिक साझेदारी बढ़ेगी

- विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान रक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच हुई बातचीत

नई दिल्ली, एजेंसी



कुआलालंपुर में मलयेशिया के डिजिटल मंत्री गोबिंद सिंह देव के साथ जयशंकर।

सिंगापुर और फिलीपींस के दौरे के बाद केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर बुधवार को मलयेशिया पहुंचे। मलयेशिया की दो दिवसीय दौरे का समापन 28 मार्च को हो गया है। जयशंकर ने अपने दौरे का समापन मलयेशिया के डिजिटल मंत्री गोविंद सिंह देव से मुलाकात के साथ की।

विदेश मंत्रालय आधिकारिक बयान ने कहा है कि मलयेशिया पारंपरिक और नए युग दोनों क्षेत्रों में मजबूत भारत-मलयेशिया संबंधों के लिए उनका दृष्टिकोण, हमें रिश्ते के लिए एक अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ है। जयशंकर ने भारत-मलयेशिया रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने में समर्थन के लिए प्रधानमंत्री अनवर का धन्यवाद किया। उन्होंने मलयेशिया के विदेश मंत्री हाजी मोहम्मद बिन हाजी हसन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इन दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक, व्यापार, आर्थिक, रक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में बातचीत हुई। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक हित के मुद्दों पर भी चर्चा की। केंद्रीय विदेश मंत्री जयशंकर ने डिजिटल मंत्री गोविंद सिंह देव से भी मुलाकात की। जयशंकर ने मलयेशिया दौरे का समापन करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने कहा, "डिजिटल मंत्री गोविंद सिंह देव के साथ मिलकर मैंने मलयेशिया में अपना कार्यक्रम संपन्न किया। हमने व्यावसायिक अवसरों को तलाशने से लेकर डिजिटल सहयोग पर चर्चा की।

# स्वदेशी निर्मित तेजस ने भरी सफल उड़ान

*नई दिल्ली। भारत में निर्मित स्वदेशी तेजस एमके1ए श्रृंखला का पहला लड़ाकू विमान ने गुरुवार को अपनी सफलतापूर्ण पहली उड़ान भरी है। बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटिड द्वारा निर्मित यह विमान अपनी पहली उड़ान के दौरान 15 मिनट तक हवा में रहा।*

**2200** किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है लड़ाकू विमान

### 15 मिनट तक हवा में रहा तेजस, पहली उड़ान पूरी की

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने हल्के लड़ाकू विमान (एलीएसी) तेजस एमके1ए सीरीज का पहला विमान तैयार किया है। विमान ने पहली सफल उड़ान बंगलूरू के आसमान में भरी है। एचएएल की तरफ से जारी बयान के मुताबिक 18 मिनट की सॉर्टी के बाद विमान की सुरक्षित लैंडिंग प्रक्रिया पूरी की गई। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बताया कि गुरुवार को बंगलूरू में मेड इन इंडिया स्वदेशी एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान की पहली उड़ान पूरी की गई। एचएएल अधिकारी ने बताया कि विमान अपनी पहली उड़ान के दौरान 15 मिनट तक हवा में रहा।



**50** हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ने में सक्षम है तेजस, विमान 9 रॉकेट, बम और मिसाइल से भी हो सकता है लैस

### फरवरी 2021 में हुआ था अनुबंध

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की तरफ से जारी बयान के मुताबिक वैश्विक भू-राजनीतिक माहौल में आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों से निपटने के लिए फरवरी 2021 में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद एचएएल ने समय की मांग के अनुरूप डिजाइन तैयार किया। एचएएल के मुताबिक तेजस एमके1ए विमान श्रृंखला के पहले विमान एलए5033 का उत्पादन महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गुरुवार को इस उड़ान का संचालन सर्टिफिकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम (सीटीपी) से जुड़े ग्रुप कैप्टन केके वेणुगोपाल (सेवानिवृत्त) ने किया। बता दें, एचएएल इस मार्च के अंत तक वायुसेना को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट सौंप सकता है। इस लड़ाकू विमान को वायुसेना पाकिस्तान की सीमा से सटे राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरक्राफ्ट स्टेशन पर तैनात किया सकता है।

### एचएएल ने साझा किया वीडियो

स्वदेशी विमान विनिर्माता- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल- एक्स पर लिखा कि तेजस एमके1ए विमान श्रृंखला के पहले विमान एलए5033 ने आज बंगलूरू में एचएएल के सेंटर से आसमान में उड़ान भरी। 18 मिनट की उड़ान (सॉर्टी) के साथ इसे सफल उड़ान की श्रेणी में गिना गया।

### विशेषताएं

- इस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट की स्पीड की बात करें तो ये 2200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। यह अधिकतम 50 हजार फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसको 9 रॉकेट, बम और मिसाइल से लैस किया जा सकता है।
- इसमें हैमर और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें भी लगाने की तैयारी की जा रही है, जिससे पाकिस्तान जैसे दुश्मन की खैर नहीं होगी।
- तेजस मार्क 1 ए लड़ाकू विमान कई सुविधाओं से लैस है। इसमें मिशन कंप्यूटर, डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर, मल्टी फंक्शन डिस्पले, सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर, उत्तम रडार सिस्टम आदि शामिल है।

## एक नजर

### पुरुष होली पर महिलाओं की तरह सजधजकर कामदेव की करते हैं पूजा



**कुर्नूल।** आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले के संथेकुडलूर में होली को लेकर अनोखी परंपरा है। सदियों पुरानी इस परंपरा में यहां के पुरुष होली पर महिलाओं की तरह साड़ी-गहने पहनकर कामदेव की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान कामदेव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### बेरोजगारी जैसी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती सरकार

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि यह मानना गलत है कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का समाधान कर सकती है। उन्होंने कहा, जब बेरोजगारी जैसी समस्याओं की बात आती है तो समाधान की तुलना में अंदाजा लगाना आसान होता है। नागेश्वरन अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और मानव विकास संस्थान की 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024' के लॉन्च के अवसर पर बोल रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, देश में कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 के 54.2% से बढ़कर 2022 में 65.7% हो गई।

### मेक्सिको: 19 प्रांतों में फैली जंगल की आग, कई क्षेत्र प्रभावित

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में 19 प्रांतों के 120 जंगलों में आग फैल गई है। 7 हजार से ज्यादा हेक्टेयर भूमि आग की चपेट है। मैक्सिको सरकार ने बुधवार को रिपोर्ट जारी कर जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि, देश के 19 राज्यों के 120 जंगलों में आग धधक रही है। हिडाल्गो प्रांत ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां अब तक 1,874 हेक्टेयर क्षेत्र आग की भेंट चढ़ गया है। हाल के दिनों में 42 स्थानों पर आग पर काबू पाया है, अब तक आग से दो हजार से ज्यादा हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। मैक्सिको प्रशासन ने कहा कि आग से आबादी क्षेत्र को कोई खतरा नहीं है।

### आतंकवादी इस्तेमाल कर रहे अमेरिकी हथियार : पाकिस्तान

**रावलपिंडी।** टीटीपी, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और अन्य आतंकवादी संगठन अमेरिका निर्मित हथियारों से पाकिस्तान के खिलाफ हमले कर रहे हैं। हाल के महीनों में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है, देश भर में आतंकवादी समूहों ने नागरिकों के साथ-साथ सुरक्षा बलों को निशाना बनाए जाने के कारण कई लोगों की जान चली गई है। आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान में छोड़े गए हथियारों का पाकिस्तान पर हमले के लिए जमकर उयोग कर रहे हैं।

# सीमा विवाद पर भारत-चीन के बीच शांति बनाए रखने पर बनी सहमति

## बीजिंग में डब्ल्यूएमसीसी 29वीं बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी



बुधवार को बीजिंग में डब्ल्यूएमसीसी की 29वीं बैठक में मौजूद भारत-चीन का प्रतिनिधिमंडल।

भारत-चीन सीमा विवाद के बीच दोनों देशों ने इस मामले को सुलझाने के लिए बीजिंग में एक बैठक की। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बताया कि भारत-चीन सीमा विवादों को लेकर बुधवार को चीन की राजधानी बीजिंग में एक बैठक आयोजित की गई।

समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 29वीं बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने की, उन्होंने बीजिंग में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। दूसरी ओर से चीन की तरफ से चीनी विदेश मंत्री इस बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधि के बीच भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को लेकर जारी विवाद पर चर्चा की गई। बैठक के बाद दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमित जताई है। मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया, दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से नियमित संपर्क बनाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। इससे पहले दोनों पक्षों के बीच पिछले साल नवंब में बैठक हुई थी। हाल ही में चीन अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया था। हालांकि, भारत ने इस दावे को खारिज कर दिया था। इससे पहले भी चीन कई बार अरुणाचल प्रदेश पर दावा कर चुका है, लेकिन विदेश मंत्रालय ने चीन के इन निराधार दावों को खारिज करते हुए कहा कि अरुणाचल उत्तरपूर्वी राज्य होने के साथ भारत का एक अभिन्न हिस्सा है। अरुणाचल के लोगों को भारत के विकास कार्यक्रम और परियोजनाओं का लाभ मिलता रहेगा।

### भारत-चीन के बीच संतुलन बनाना सबसे बड़ी चुनौती: जयशंकर

सिंगापुर में जयशंकर ने कहा था- मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती ये है कि भारत-चीन के बीच संतुलन कैसे बनाएं, दोनों देश 2 बड़ी ताकतें हैं जो आपस में पड़ोसी भी हैं। दोनों देशों का इतिहास और उनकी क्षमताएं उन्हें दुनिया से अलग करती हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच बातचीत जारी रखना अहम है। विदेश मंत्री ने कहा कि 2020 में हमें हैरानी हुई, जब चीन ने बॉर्डर पर कुछ ऐसा किया जो दोनों देशों के बीच हुए समझौते का उल्लंघन था। चीन ने दोनों देशों के बीच संतुलन बनाने की बजाए उसे बिगाड़ दिया।

# भारत से व्यापार की नीतियों में नहीं आया कोई बदलाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने साफ किया है कि भारत के साथ व्यापार संबंध फिर से कायम करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। पाकिस्तान ने 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के भारत सरकार के फैसले के बाद व्यापार संबंध तोड़ने की घोषणा की थी।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की ओर से विदेश मंत्री इशाक डार के भारत के साथ व्यापार संबंधों पर लंदन में दिए बयान के बाद शुरू हुई थी। उक्त बयान में डार ने कहा था कि भारत के साथ व्यापार संबंध फिर से कायम करने के बारे में पाकिस्तान गंभीरता से विचार कर रहा है। डार का यह बयान पाकिस्तान के व्यापार जगत की भारत के साथ संबंध सामान्य करने की लगातार मांग के बाद आया था।

पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली को दूर करने के लिए भारत के साथ व्यापार संबंधों को जरूरी माना जा रहा है। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जेहरा बलोच ने गुरुवार को कहा कि भारत के व्यापारिक संबंध 2019 से अस्तित्व में नहीं हैं। पाकिस्तान की नीति में फिलहाल कोई बदलाव नहीं आया है।

# पाकिस्तान सुरक्षा में फेल, हम अपनी सेना लगाएंगे : चीन

- चीन की पाक को दो टूक- बलूच कबाइली के निशाने पर चीनी

बीजिंग, एजेंसी



चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर यानी सीपैक पर बढ़ते हमलों ने पाकिस्तानी सुरक्षा की पोल खोल दी है। चीन ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को दो टूक कहा है कि सुरक्षा मुहैया कराने में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा एजेंसियां फेल रही हैं। चीन सीपैक वाले बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वाह प्रांत में अपने सैनिक तैनात करेगा। चीन के राजदूत जियांग जायडोंग ने शहबाज को राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ये संदेश बता दिया।

बता दें, पिछले सात दिन में बलूच हमलों में ग्वादर पोर्ट पर तीन चीनी अफसर घायल हो गए जबकि खैबर में कबाइली हमले में पांच चीनी इंजीनियर मारे गए। चीन इस बात से नाराज है कि पाक ने पहले भी चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने का भरोसा दिया था, लेकिन हमले नहीं रुके। सुरक्षा जानकारों के अनुसार बलूचिस्तान और खैबर में चीन के सीपैक प्रोजेक्ट के प्रति स्थानीय लोगों में बेहद गुस्सा है। बलूच लिबरेशन आर्मी और खैबर में कबाइली हमलों के खिलाफ चीन हथियारबंद फौजियों की तैनाती के साथ-साथ जासूसी नेटवर्क भी तैयार करेगा। इसमें स्थानीय लोगों से मुखबिरी कराई जाएगी। चीन सरकार ने अलग से फंड देने का ऐलान किया है।

### हमले के बाद चीनी कंपनी ने बंद किया कारोबार

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दासू जलविद्युत परियोजना पर आतंकी हलमे में पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी, जिसके बाद चीन की कंपनी ने अशांत क्षेत्र में एक अन्य जलविद्युत परियोजना में अपने काम को बंद कर दिया है, साथ ही 2,000 से अधिक श्रमिकों को नौकरी से निकाल दिया गया है। गौरतलब है कि जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे चीन के कर्मियों पर यह दूसरा आत्मघाती हमला था। हालांकि किसी भी आतंकी समूह ने इस बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## बसंत की आहट...



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में राजधानी श्रीनगर के बाहरी इलाके में बादाम के पेड़ों में इन दिनों फूल खिले हुए हैं। कश्मीर में ये बसंत ऋतु के आने का संकेत भी माना जाता है। इसे देखने के लिए हर साल हजारों पर्यटक भी यहां आते हैं। डाउनटाउन के रैनावाड़ी इलाके में स्थित बादामबाड़ी में लगे बादाम के सैकड़ों पेड़ों पर फूलों की कोपलें फूटने लगी हैं। मौसम अनुकूल रहा तो कुछ दिनों में यह कोपलें अपनी गुलाबी बहार के साथ पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार होंगी। ● एजेंसी

# गाजा: विमानों से गिराए फूड पैकेट के लिए मारामारी, 18 की मौत

**गाजा।** 23 लाख की आबादी वाले गाजा में भोजन संकट गंभीर होता जा रहा है। बुधवार को उत्तर गाजा से बेट लाहिया में विमानों से गिराए गए फूड पैकेज पाने की कोशिश में 18 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 12 लोग समुद्र में डूब गए और 6 की मौत भगदड़ में हुई।

फिलिस्तीन ने कहा कि विमान से राहत सामग्री गिराना बेकार है, इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन के विशेष दूत फ्रांसेस्का अल्बानीज ने आरोप लगाया कि इजराइल ने 6 माह से कम समय में गाजा पर 25 हजार टन विस्फोटक गिराया है, जो दो परमाणु बम के बराबर है। गौरतलब है कि जापान के हिरोशिमा पर गिराया गया अमेरिकी परमाणु बम 15 हजार टन का था।

# यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा ने बापू को किया नमन

- जयशंकर के न्योता पर नई दिल्ली पहुंचे यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी



राजघाट पर बापू की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते दिमित्रो कुलेबा।

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच भारत की अपनी पहली यात्रा पर आज नई दिल्ली पहुंचें हैं। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वे राजधानी दिल्ली स्थित महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पहुंचे। यहां उन्होंने बापू को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

गौरतलब है कि इससे पहले, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बुधवार को उनके दौरे के बारे में जानकारी दी थी। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि उनकी यात्रा विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान कुलेबा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर द्विपक्षीय साझेदारी और सहयोग पर चर्चा करेंगे। वह व्यापार जगत के लोगों के साथ बातचीत भी करेंगे। कुलेबा ने कहा, मेरे दौरे से भारत-यूक्रेन के रिश्ते और मजबूत होंगे। यूक्रेन और भारत को दो 'बड़े लोकतंत्र' बताते हुए कुलेबा ने कहा कि उन्हें यकीन है कि हम अच्छे साझेदार बनने के लिए तैयार हैं।

### रूस-यूक्रेन जंग का बातचीत से निकाले हल

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को कहा कि बातचीत और राजनय के जरिए रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रोत्साहन जारी रखेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्विट्जरलैंड शांति शिखर सम्मेलन में भारत के रुख पर यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, हम बातचीत और राजनय के माध्यम से रूसी-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करते रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 20 मार्च को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ अलग-अलग बातचीत की थी और जोर दिया था कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान के लिए बातचीत और राजनय ही आगे का रास्ता है। मोदी ने हालिया चुनाव में पांचवीं बार जीत हासिल करने के लिए पुतिन को बधाई देने की खातिर टेलीफोन पर बातचीत की थी।

**विज्ञान** ब्लैकहोल की नई तस्वीर से खुला आश्चर्यजनक रहस्य, वैज्ञानिकों ने कहा-ब्लैकहोल जेट बेहद खतरनाक

# आकाशगंगा के ब्लैकहोल में जेट छिपे होने का संकेत मिला

नैनीताल कार्यालय



आकाशगंगा के केंद में मौजूद ब्लैकहोल की पहली तस्वीर।

**अमृत विचार :** ब्लैकहोल के रहस्यों की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला ने आकाशगंगा के ब्लैक होल की एक नई तस्वीर कैद की है। जिससे खुलासा हुआ है कि हमारी मिल्की वे के केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैकहोल में एक छिपा हुआ जेट हो सकता है।

आज से कुछ समय पहले तक माना जाता माना जाता था कि ब्लैकहोल अदृश्य महाशक्ति है, जिसकी तस्वीर भी शायद नही ली जा सकती है। उसके पास मौजूद तारों के जरिए इसकी पहचान संभव हो सकती है। मगर यह धारणा गलत साबित हुई है और ब्लैकहोल की तस्वीरें सामने आने लगी हैं, जो आधुनिक तकनीक के जरिए संभव हो पाया है। खगोलविदों ने मिल्की वे के सुपरमैसिव ब्लैक होल सैजिटेरियस ए की पहली तस्वीर इवेंट होराइजन टेलीस्कोप से कैद की है।

यह रोमांचक तस्वीर है और ब्लैकहोल के कई राज उजागर कर सकती है। इसके भीतर एक छिपा हुआ जेट होने मौजूद होने की जानकारी मिली है। दरअसल ब्लैकहोल के जेट बेहद खतरनाक होते हैं। इसके सामने आने वाली किसी भी वस्तु को छिन्नभिन्न करने की शक्ति रखता है। इस तस्वीर से यह पता भी लगा है कि सभी ब्लैक होल मजबूत चुंबकीय क्षेत्र हो सकते हैं। इस जानकारी पिछली समझ को चुनौती देते हैं। अथार्थ भविष्य में ब्लैकहोल के कई नई जानकारी सामने आएंगी और पुरानी धारणाओं में बदलाव आएगा। इवेंट होराइजन टेलीस्कोप वही दूरबीन है, जिसने किसी महाविशाल ब्लैक होल की पहली प्रत्यक्ष तस्वीर खींचने में बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। अब नई तस्वीर ब्लैकहोल की समझ को आगे बढ़ाने वाली है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों ने द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में खोज को प्रकाशित किया है।

### 2019 में मिली थी ब्लैकहोल की पहली तस्वीर

2019 में ब्लैक होल की पहली तस्वीर मिली थी। यह 5तस्वीर आकाशगंगा एम 87 के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल की थी। इवेंट होरिजन टेलीस्कोप ने यह तस्वीर खींची थी। तस्वीर मे प्रकाश का छल्ला नजर आया। जिसका केंद्र अंधकार में डूबा हुआ था। वास्तव में अंधेरे में डूबे केंद्र को ब्लैकहोल की छाया कहा जाता है। वास्तविकता यह है कि ब्लैक होल को नहीं देख सकते, क्योंकि प्रकाश भी उससे बच नहीं सकता।

# ब्रिटेन में सीसीटीवी से होगी मंदिरों की सुरक्षा

- सुनक 50 करोड़ आवंटित करेंगे सुरक्षा को लेकर लिया फैसला 2022 में कई मंदिरों पर हुए थे हमले

लंदन, एजेंसी



ब्रिटेन में चुनावों से कुछ माह पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हिंदू मंदिरों की सुरक्षा के लिए बड़ा फैसला किया है। सुनक सरकार ने ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं की मांग के बाद मंदिरों की सुरक्षा के लिए 50 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करने का फैसला लिया है।

ब्रिटिश सरकार का कहना है कि गृह मंत्रालय हिंदुओं के धर्मस्थलों और चर्चों की सुरक्षा के लिए एक नई नीति बनाने पर काम कर रहा है। इस नई नीति के बनने के बाद में ब्रिटेन में मंदिरों को भी मस्जिदों की तरह सुरक्षा के लिए फंडिंग मिलेगी। गौरतलब है कि पीएम सुनक कई मंदिरों का दौरा करते रहते हैं। दो साल पहले ब्रिटिश सरकार ने 300 करोड़ की धर्म स्थल सुरक्षा फंडिंग स्कीम की घोषणा की थी। इसमें से अधिकांश हिस्सा इस्लामिक संस्थाओं को जाता था।

वहीं, 35 करोड़ रुपये ही गैर मुस्लिमों को मिलते थे। इसमें से गुरुद्वारा को 7 करोड़ जबकि हिंदू मंदिरों को 2.5 करोड़ रुपये मिलते थे। जिसे लेकर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय में नाराजगी थी। कई हिंदुओं का कहना है कि धर्मस्थलों की सुरक्षा की फंडिंग में भेदभाव सही नहीं है। ब्रिटेन में 400 से अधिक हिंदू मंदिर हैं। सरकार द्वारा आवंटित राशि से हिंदू मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। जिससे चौबीसों घंटे सुरक्षा निगरानी हो सकेगी। पुलिस को हिंदू मंदिरों पर हमले के मामलों से निपटने के तरीकों की ट्रेनिंग पर खर्च किया जाएगा। 2022 में ब्रिटेन के लेंसेस्टर में कई मंदिरों को निशाना बनाया गया था।

# अमेरिका में चाकू मारकर चार लोगों की हत्या, 7 घायल

**रॉकफोर्ड।** अमेरिका के उत्तरी इलिनोइस में बुधवार को कई स्थानों पर एक व्यक्ति द्वारा चाकूबाजी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। मरने वालों में 15 वर्षीय किशोरी, 63 वर्षीय महिला, 49 वर्षीय व्यक्ति और 22 वर्षीय युवक शामिल है। उनके नाम पुलिस ने अभी उजागर नहीं किए हैं।

पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घटना के पीछे की मंशा का पता नहीं चल पाया है। राकफोर्ड पुलिस प्रमुख कार्लो रेड ने कहा कि दोपहर 1.14 बजे स्वास्थ्यकर्मियों की ओर से इस संबंध में पहली काल मिली। उसके बाद अन्य कई काल आए। वहीं, इस जघन्य अपराध को अंजाम देने के पीछे के कारण का पता नहीं चल पाया है।